समाज में जागरूकता फैलाने के लिए मीडिया, सामाजिक मंचों और सार्वजनिक कार्यक्रमों का उपयोग भी किया जा सकता है। इन माध्यमों से ट्रांसजेंडरों के जीवन और संघर्षों के बारे में सच्चाई को उजागर करने से समाज के दृष्टिकोण में बदलाव लाया जा सकता है। जागरूकता और शिक्षा के माध्यम से हम एक ऐसे समाज की ओर बढ़ सकते हैं, जिसमें ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को समान अधिकार और सम्मान प्राप्त हो (Patel, 2020[52])।

निष्कर्ष

भारत में ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों की रक्षा और उनके समाज में समावेशन के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद इस समुदाय को भेदभाव, असमानता और उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है। हालाँकि भारतीय संविधान और कानून में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए सुरक्षा और समानता के प्रावधान मौजूद हैं, फिर भी इनका प्रभावी कार्यान्वयन और समाज में व्यापक

---

[50] Kumar, R. (2021). *The Transgender Protection Bill: Legal Reforms and Challenges in India*. Indian Law Review, 29(1), 44-59.

[51] Verma, M. (2019). *Social Awareness and Education on Transgender Rights in India*. Journal of Social Change, 18(1), 102-115.

[52] Patel, R. (2020). *Transforming Public Perception: The Role of Education in Supporting Transgender Rights*. Indian Journal of Social Issues, 24(3), 134-145.

जागरूकता की आवश्यकता है। ट्रांसजेंडरों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सम्मान जैसे अवसर सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।

समाज को इनकी पहचान और अधिकारों का सम्मान करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ट्रांसजेंडर समुदाय को समान अवसर प्राप्त हों। यह केवल कानूनी बदलाव से नहीं बल्कि मानसिकता में बदलाव के जरिए संभव होगा। इसके लिए सरकार, समाज और प्रत्येक नागरिक को मिलकर कार्य करना होगा। अगर सभी मिलकर यह प्रयास करें, तो ट्रांसजेंडर समुदाय को न केवल अधिकार मिलेंगे, बल्कि वे समाज में सम्मान और समान स्थान प्राप्त कर सकेंगे। यह समग्र दृष्टिकोण ही समाज को सशक्त, समावेशी और समान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

संदर्भ:-

1. अटल, योगेश (2015) समाजशास्त्र पृ० 98, पब्लिकेशन नई दिल्ली।
2. त्रिपाठी, न०, ल०, (2015) "मै हिजड़ा मैं लक्ष्मी पृ०न०, 164,65, पब्लिकेशन वाणी प्रकाशन।
3. Srivastava, R. (2020). Transgender Rights and Employment in India: Legal and Societal Barriers. Journal of Social Issues and Development, 12(4), 45-58.
4. Human Rights Watch (2018). "They Want Us to Be Silent": Discrimination against Transgender People in India. Human Rights Watch Report.
5. गोंजालेज, आर. (2019)। ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के बीच स्वास्थ्य संबंधी असमानताएं: स्वास्थ्य देखभाल में बाधाओं की समीक्षा। जर्नल ऑफ ट्रांसजेंडर हेल्थ, 5(3), 112-120।
6. पांडे, ए. (2020)। भारत में ट्रांसजेंडर लोगों द्वारा सामना की जाने वाली मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियाँ: एक सामाजिक परिप्रेक्ष्य। इंडियन जर्नल ऑफ साइकेट्री, 62(2), 85-90।
7. Sharma, A. (2018). The Mental Health Challenges of Transgender Individuals in India. Journal of Social Issues, 24(3), 113-128.
8. Singh, R. (2020). Social Stigma and Family Rejection of Transgender Individuals in India. Journal of Social Inclusion, 15(2), 45-58.
9. Kaur, P. (2019). Economic Inequality and Employment Challenges faced by the Transgender Community in India. Journal of Gender Studies, 22(4), 213-227.

10. Sharma, S. (2021). Legal and Social Reforms for the Protection of Transgender Rights in India. Indian Journal of Human Rights, 18(2), 89-101.

11. Bhatia, S. (2020). Transgender Rights in India: Policy and Implementation. Journal of Social Justice, 13(2), 52-66.

12. Kumar, R. (2021). The Transgender Protection Bill: Legal Reforms and Challenges in India. Indian Law Review, 29(1), 44-59.

13. Verma, M. (2019). Social Awareness and Education on Transgender Rights in India. Journal of Social Change, 18(1), 102-115.

14. Patel, R. (2020). Transforming Public Perception: The Role of Education in Supporting Transgender Rights. Indian Journal of Social Issues, 24(3), 134-145.

भारत में शिक्षा के सामाजिक आयाम एवं चुनौतियाँ

रवि रंजन कुमार
जूनियर रिसर्च फेलो (यू०जी०सी०), दर्शनशास्त्र विभाग
नव नालन्दा महाविहार, संस्कृति मन्त्रालय,
भारत सरकार, नालन्दा, बिहार (803111)
Email- raviraj48162907@gmail.com

शिक्षा सतत चलने वाली प्रक्रिया है जिसका ना कोई आदि है न अंत। किसी भी सभ्यता और संस्कृति में शिक्षा उसके नैतिक दृष्टिकोणों और उसके व्यक्तित्व सामाजिक विकास का आधारभूत तत्व होती है। मानव जन्म से लेकर अपने अस्तित्व के धूमिल होने तक शिक्षारत रहता है। भारत जैसे मानव सभ्यता और संस्कृति के प्राचीनतम उद्गम क्षेत्र में विकसित व्यवस्थाओं और परम्पराओं का सही विश्लेषण यहाँ विकसित शिक्षा प्रणाली और उसकी संस्था के व्यावहारिक पक्ष की विवेचना के बिना सम्भव नहीं है। शिक्षा से जुड़े सामाजिक मुद्दे व्यापक और विविध हैं जो विभिन्न आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक कारकों से प्रभावित होते हैं। शिक्षा वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति अपना विकास तो करता ही है साथ ही आस पास के क्षेत्र का भी विकास करता है। शिक्षा के द्वारा क्षेत्र में आने वाली विभिन्न समस्याओं का भी निदान होता है। शिक्षा के द्वारा व्यक्तियों में जीविकोपार्जन के लिए अनेक रास्ते खुल जाते हैं। प्रायः यह देखा गया है कि एक राष्ट्र में एक स्थान का अधिक विकास हो जाता है और कहीं पर कम, इस असमान विकास को शिक्षा के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्र में विद्यार्थियों का नामांकन प्रतिशत शहर की अपेक्षा कम रहती है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के समुचित साधनों का हमेशा से अभाव रहा है। प्रायः यह देखा गया है कि ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की समस्या होती है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती है जिसका प्रभाव उनके बालकों पर पड़ता है परिणामस्वरूप वे शिक्षा से दूर होकर रोजगार की तलाश में भटकने लगते हैं और जिसके कारण वह शिक्षित नहीं हो पाते। परिणामत: ग्रामीण क्षेत्र का शैक्षिक नामांकन प्रतिशत शहर की अपेक्षा निम्न रहता है। भारतीय संदर्भ में शिक्षा का कार्य एक दोहरी जागरूकता पैदा करना भी है। हमें एक तरफ तो विज्ञान और टेक्नॉलोजी के क्षेत्र में नये आविष्कारों और अवसरों के प्रयोग की सम्भावना पर विचार करना है वहीं दूसरी ओर अपनी प्राचीन नैतिक परम्परा और मानवीय मूल्यों को भी याद रखना है। शिक्षा का उद्देश्य भारतीय समस्याओं के लिए समाधान खोजना है ताकि गरीबी और पिछड़ेपन की विकराल समस्याओं से छुटकारा पाया जा सके। शिक्षा प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को समाज से कटकर या ऊपर

उठकर नहीं बल्कि उससे जुड़कर सोचने और कार्य करने की क्षमता पैदा करनी चाहिए। शिक्षा के द्वारा ही नई पीढ़ी को समाज की संस्कृति और सभ्यता से परिचित कराया जाता है। नई पीढ़ी इस विरासत में अपना योगदान करती है शिक्षा का उद्देश्य बालक में ऐसी सामाजिक भावना और सामाजिक गुणों का विकास करना है जिससे वे समाज और राष्ट्र के उपयुक्त सदस्य के रूप में अपना उत्तरदायित्व समझ सके। समाज में शिक्षा एक सामाजिक प्रक्रिया है जो की जन्म से लेकर मृत्यु तक निरंतर चलती रहती है। बालकों में सामाजिक गुणों, सामाजिक भावनाओं तथा सामाजिक दृष्टिकोण का विकास करना शिक्षा का प्रथम उद्देश्य है। शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है जो मानव जीवन के प्रत्येक पक्ष को प्रभावित करती है मानव समाज का एक अभिन्न अंग है। समाज से परे उसके अस्तित्व एवं विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है।

भारत में करोड़ों युवाओं के लिए शिक्षा, अनुशासन, विकास, जिज्ञासा, रचनात्मकता, अज्ञानता और गरीबी के चक्र को तोड़ने का मार्ग है जो रोजगार और समृद्धि की ओर ले जाती है। भारत का जनसांख्यिकीय लाभांश छात्रों के सीखने के स्तर पर निर्भर करता है। शिक्षा की गुणवत्ता का किसी भी अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़ता है। अन्य सभी बुनियादी मानवाधिकारों को प्राप्त करने के लिए शिक्षा एक महत्त्वपूर्ण कदम है। शिक्षा गरीबी को कम करने, सामाजिक असमानताओं को कम करने, महिलाओं और हाशिए पर रहने वाले अन्य लोगों को सशक्त बनाने, भेदभाव को कम करने और अंततः व्यक्तियों को उनकी पूरी क्षमता से जीवन जीने में मदद कर सकती है। यह रोजगार और व्यवसाय के संदर्भ में बेहतर जीवन के अवसरों तक पहुंच को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह किसी क्षेत्र में शांति और समग्र समृद्धि भी ला सकता है। इसलिए शिक्षा सबसे महत्त्वपूर्ण अधिकारों में से एक है। शिक्षा वह उपकरण है जो अकेले ही राष्ट्रीय और सांस्कृतिक मूल्यों को विकसित कर सकती है और लोगों को झूठे पूर्वाग्रह, अज्ञानता और प्रतिनिधित्व से मुक्त कर सकती है। शिक्षा उन्हें आवश्यक ज्ञान, तकनीक, कौशल और जानकारी प्रदान करती है और उन्हें अपने परिवार, अपने समाज और बड़े पैमाने पर अपनी मातृभूमि के प्रति अपने अधिकारों और कर्तव्यों को जानने में सक्षम बनाती है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आज की आवश्यकता है क्योंकि यह बौद्धिक कौशल और ज्ञान का विकास है जो शिक्षार्थियों को पेशेवरों, निर्णय निर्माताओं और प्रशिक्षकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सक्षम बनाएगा। शिक्षा देश के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कई अवसर प्रदान करती है। शिक्षा लोगों को स्वतंत्र बनाती है, आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान पैदा करती है, जो देश के विकास के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है।

शिक्षा ने मनुष्य को श्रेष्ठ सामाजिक-सांस्कृतिक प्राणी बनाने में बड़ा योगदान दिया है। इसने ज्ञान-विज्ञान व समाज को प्रगतिशील बनाया है।[53] भारत में प्रारम्भ से ही शिक्षा और शिक्षक को विशेष

[53] भटनागर, सुरेश, *भारत में शिक्षा व्यवस्था का विकास*, सूर्या पब्लिकेशन, मेरठ, 2004.

महत्त्व दिया जाता रहा है। शिक्षा सामाजिक परिवर्तन और विकास का एक माध्यम है जो स्वयं विकास प्रक्रिया में एक आवश्यक उत्पादक सामग्री का गठन करती है, जिसे आधुनिक समाज में व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है। सामाजिक परिवर्तन तब हो सकता है जब मनुष्य को परिवर्तन की आवश्यकता हो। कोई भी समाज शिक्षा के माध्यम से ही वांछित परिवर्तन ला सकता है और प्रौद्योगिकी के तेजी से विकास का सामना कर सकता है। शिक्षा सामाजिक विकास और सुधार की मूल पद्धति है, जो व्यक्ति की स्वयं और दुनियाँ की समझ को समृद्ध करती है। इसका उपयोग व्यक्ति को सशक्त बनाने के लिए एक उपकरण के रूप में किया जा सकता है। समाज में होने वाले परिवर्तन के विश्लेषण में शिक्षा एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा एक ऐसा मजबूत हथियार है जो व्यक्ति और समुदाय दोनों में बड़े पैमाने पर सामाजिक परिवर्तन लाता है।[54] यह व्यक्तियों के दृष्टिकोण और महत्वाकांक्षाओं को काफी हद तक अद्यतन करता है और जाति व्यवस्था, अस्पृश्यता, दहेज प्रथा और कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक समस्याओं के उन्मूलन में मदद करता है। भारत में लड़कियों की शिक्षा को लेकर ऐतिहासिक रूप से कई बाधाएँ रही हैं, जिनमें सामाजिक मान्यताएँ, बाल विवाह, और घरेलू जिम्मेदारियाँ शामिल हैं। हालांकि, सरकार द्वारा चलाए गए **'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'** जैसी योजनाएँ महिला शिक्षा को प्रोत्साहित कर रही हैं, फिर भी लिंग भेदभाव और लड़कियों की स्कूल छोड़ने की दर एक गंभीर मुद्दा है।[55] भारत में जाति व्यवस्था काफी प्राचीन समय से अपनी जड़े जमाएं रही है जो कि प्रारम्भ से समाज में निष्पादित कार्य या व्यवसाय पर आधारित थी। समाज में निभायें जाने वाली भूमिका व श्रम-विभाजन के आधार पर भिन्न-भिन्न वर्गों का गठन किया गया था। इस प्रकार प्राचीन भारतीय समाज चार वर्णों में विभक्त था- ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शुद्र। ब्राह्मण अध्ययन-अध्यापन, क्षत्रिय शासन तथा सुरक्षा, वैश्य वाणिज्य एवं व्यापार तथा शुद्र सेवा कार्य के आधार पर विभाजित थे। कालान्तर में यह व्यवस्था कर्मगत न होकर जन्म आधारित हो गई तथा उच्च वर्ग द्वारा निम्न वर्ग के शोषण के रूप में समाज में भीषण समस्या के रूप में स्थापित हो गयी।[56] जातीय विभाजन तथा जाति के भीतर उपजाति तथा वर्ग और उनके आधार पर भेदभाव सभी धर्मों के अंदर पाया जाने लगा। कुछ जातियाँ विकास के पथ पर अग्रसर होकर उच्च जाति के रूप में स्थापित हो गई तथा कुछ समाज में सीमान्त रहकर निम्न जाति वर्ग के रूप में दमित एवं शोषित होती रहीं जिसकी परिणति अस्पृश्यता जैसी सामाजिक कुप्रथा के रूप में हुई जिसका

[54] बाशा चंद पी., *सामाजिक परिवर्तन में शिक्षा की भूमिका*, उन्नत शैक्षिक अनुसन्धान के अंतर्राष्ट्रीय जर्नल, 2017, पृ. 236-240.

[55] Government of India, *National Education Policy 2020*, page 112.

[56] गोरे,एम. एस. एवं देसाई आई. पी., *पेपर्स इन सोशियोलॉजी ऑफ एजुकेशन इन इण्डिया*, एन. सी. ई. आर. टी., 1967.

एक लम्बे समय तक समाज पर कुप्रभाव रहा।[57] उच्च जातियों द्वारा निम्न जाति के लोगों का शोषण एवं असमान व्यवहार समाज में सीमान्त वर्ग के रूप में एक नए वर्ग को जन्म देकर एक विशाल सामाजिक समस्या के रूप में पनपने लगा। निम्न जाति वर्ग के इसी जाति आधारित विविधता से उपजी असमानता के कारण समाज की मुख्य धारा में अपनी जगह बनाने के लिए शिक्षा की ओर देखता है। भारत में जाति व्यवस्था का शिक्षा पर गहरा प्रभाव पड़ा है। ऐतिहासिक रूप से, शूद्रों और महिलाओं को शिक्षा से वंचित रखा गया था, जिससे समाज में असमानता बनी रही। डॉ० भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा को सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम माना और इसे समानता के लिए अनिवार्य बताया ।[58] आज भी दलितों और अनुसूचित जनजातियों के लिए उच्च शिक्षा तक पहुँचना एक चुनौती बनी हुई है। शिक्षा समाज में बदलाव की इच्छा पैदा करती है जो आने वाली किसी भी तरह के बदलाव के लिए एक पूर्वापेक्षा है। यह वंचितों, दलितों और पिछड़े लोगों को उनकी स्थिति से अवगत कराता है और उनकी स्थिति में सुधार करने की इच्छा को स्थापित करता है। शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं।[59] शिक्षा हमारे सामाजिक ढांचे में कमजोरियों, सामाजिक अंतरालों, ज्ञान के अंतरालों की पहचान करने और जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रगति प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्राप्त करने में बहुत मददगार हो सकती है। यदि लोकतंत्र के अनुकूल सामाजिक परिवर्तन लाना है तो भारत में शिक्षा प्रत्येक स्तर पर उपयुक्त नेतृत्व करने में सक्षम होनी चाहिए । प्रतिभावान नेता शिक्षा से ही पैदा हो सकते हैं। राजा राम मोहन राय, स्वामी दयानन्द सरस्वती, स्वामी विवेकानन्द, महात्मा गाँधी, टैगोर और अन्य उच्च शिक्षित और प्रबुद्ध भारतीयों ने सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए जागरूक स्तर पर प्रयास किए ।[60] हमारे लोगों की व्यापक निरक्षरता, अज्ञानता, खराब स्वास्थ्य और गरीबी से लड़ने और सामाजिक पुनर्निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए महात्मा गाँधी द्वारा बुनियादी शिक्षा डिजाइन की गई।[61]

शिक्षा के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का निर्वहन

समाज के हर व्यक्ति का सर्वांगीण विकास शिक्षा का मुख्य लक्ष्य है। समाज का वह समुदाय जो किन्हीं

---

[57] चंद्रा, एस. एस. एवं शर्मा आर. के. *सोशियोलॉजी ऑफ एजुकेशन*, दिल्ली अटलांटिक पुब्लिशर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स, 2012.

[58] B. R. Ambedkar, *Education and Social Change* (Delhi: National Publishing House, 1956), page 45.

[59] राम आहूजा, *भारत में सामाजिक समस्याएं*, नई दिल्ली, 2005, पृ. 1-2

[60] पाठक आर. पी., *शिक्षा के दार्शनिक और समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य*, अटलांटिक नई दिल्ली, 2007.

[61] सिंह डी., *नई तालिम की प्रासंगिकता आज के समय में*, भारत सरकार, शिक्षा मन्त्रालय रिपोर्ट, 2019, पृ. 98

कारणों से विकास की प्रक्रिया में मुख्य धारा से पीछे रह गया है, शिक्षा से अपेक्षा रखता है कि उसे सामर्थवान बनाकर राष्ट्र के विकास की मुख्य धारा में शामिल करना हो।

नागरिक जीवन का प्रशिक्षण - समाज के सीमान्त वर्ग शोषण व दमन के कारण समाज में प्राप्त संवैधानिक अधिकारों का उपयोग करने में भी असमर्थ रहते हैं। इन समुदायों की शिक्षा से यह अपेक्षा है कि शिक्षा द्वारा उन्हें नागरिकता का प्रशिक्षण मिले जिससे वह समाज के सक्रिय नागरिक के रूप में लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी लेकर नई स्थितियों का सामना करने में सक्षम हो सकें तथा स्वयं के एवं राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे सकें।

चरित्र निर्माण- समाज के सीमान्त वर्ग अपनी उपेक्षा से त्रस्त होकर अनेक बार असामाजिक कार्यों में लिप्त हो जाते हैं या कई बार सक्रिय सामाजिक जीवन से पलायन कर एकांकी जीवन जीने लगते हैं। समाज के सीमान्त वर्ग शिक्षा से आशा करते हैं कि वह समाज में व्याप्त असमानता व भेदभाव की दीवार को गिराने में सहायक हो तथा अपने आत्मबल का इस प्रकार विकास करें कि वह समाज में सम्मान पूर्वक जीवन यापन करने में समर्थ हो सके।

व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास- समाज के शक्तिशाली वर्ग द्वारा सीमान्त वर्ग उत्पीड़ित होने के कारण व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास से उपेक्षित रहा है। अतः समाज का सीमान्त वर्ग शिक्षा से शारीरिक, मानसिक, नैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विकास की अपेक्षा रखता है। शिक्षा का दायित्व है कि वह समाज के उपेक्षित वर्ग के व्यक्तित्व विकास में मुख्य भूमिका निभाये। इसके लिए पाठ्यचर्या में परिवर्तन की आवश्यकता है। पाठ्यचर्या में परिवर्तन के साथ-साथ शिक्षण पद्धति में बदलाव जरूरी है।[62] शिक्षण पद्धति सहभागिता तथा जनतांत्रिक मूल्यों पर आधारित होनी चाहिए तभी सीमान्त वर्ग के व्यक्तियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास सम्भव होगा।

सामाजिक कौशलों का विकास- समाज में हर व्यक्ति अपनी भूमिका का निर्वहन कर समाज का उपयोगी नागरिक बन सके यह शिक्षा की सबसे महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी है। शिक्षा के द्वारा सामाजिक कौशलों का विकास किया जाना चाहिए। सामाजिक कौशलों के विकास के बिना यह सम्भव नहीं है।[63] समाज का उपेक्षित और वंचित वर्ग समाज के अन्य लोगों के साथ सामंजस्य स्थापित कर सके तथा समाज में स्वस्थ सामाजिक वातावरण का विकास हो सके यह शिक्षा का एक महत्त्वपूर्ण दायित्व है।

[62] राष्ट्रीय पाठ्यचर्चा की रूपरेखा, दिल्ली, एन० सी० ई० आर० टी०, 2005.

[63] मिश्र एस. के., सामाजिक परिवर्तन के कारक के रूप में शिक्षा, प्रबंधन समाजशास्त्र और मानवता के अंतर्राष्ट्रीय अनुसन्धान जर्नल, 2014, पृ. 8-12

सामाजोपयोगी नागरिक का निर्माण- समाज का हर व्यक्ति मानव पूंजी है, मानव पूंजी किसी भी समाज के विकास का मुख्य आधार होती है।[64] शिक्षा के द्वारा समाज के लिए उपयोगी नागरिक का निर्माण हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए जिसके सम्यक विकास के बिना समाज का विकास सम्भव नहीं है।

राष्ट्रीयता की भावना का विकास- हमारी पाठ्यचर्या में राष्ट्रीयता के तत्वों को और समृद्ध किया जाना चाहिए जिससे समाज का हर वर्ग अपने आप को राष्ट्र का अभिन्न एवं अनिवार्य अंग समझे। समाज का सीमान्त वर्ग एक लम्बे समय से उपेक्षित रहने के कारण अपने आप को राष्ट्र की मुख्य धारा से कटा हुआ महसूस करता है जिसके कारण अलगाववाद व परायेपन की भावना और कुंठा जन्म लेने लगती है। शिक्षा की यह जिम्मेदारी बनती है कि हर नागरिक अपने आपको राष्ट्र का समान नागरिक समझे तथा राष्ट्रीयता की भावना से ओत -प्रोत होकर राष्ट्र के पुनर्निर्माण में अपनी सहभागिता दें। केवल राष्ट्रीयता की भावना ही नहीं अपितु विश्व बन्धुत्व का भी बोध हर नागरिक को करना शिक्षा का प्रमुख कार्य है। विश्व बन्धुत्व से ही शांति एवं प्रगति सम्भव है।[65]

निष्कर्ष- प्राचीन काल से ही शिक्षा मनुष्य के सर्वांगीण विकास का माध्यम रही है। शिक्षा के द्वारा ही मनुष्य संसार में अपना एक निश्चित स्थान बना पाता है। शिक्षा मनुष्य के आत्मिक विकास की वह गति है जो उसके जन्म से लेकर अनुकरण, श्रवण, अध्ययन, मनन तथा पारस्परिक सम्बन्ध स्थापन के द्वारा जीवन के अंत तक चलती रहती है। शिक्षा सोच, विचारधारा, संस्कृति और अंतः क्रिया में परिवर्तन को प्रभावित करती है और यही समाज को गतिशील जीवन्त और समृद्ध बनाती है। शिक्षा को मनुष्य का तीसरा नेत्र कहा गया है। यह प्रकाश का स्रोत है जो मनुष्य को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में मार्गदर्शन करती है। शिक्षा भारत में सामाजिक परिवर्तन के प्रभावशाली साधनों में से एक बन गई है। समाज को सही दिशा में बदलना है तो शिक्षा प्रणाली पर ध्यान देने की आवश्यकता है शिक्षा को इस तरह से नियोजित किया जाना चाहिए जो समग्र रूप से लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए हो।

[64] पाटील नमिता पी., सामाजिक परिवर्तन में शिक्षा की भूमिका, इंटरनेशनल एजुकेशन ई जर्नल, 2012, पृ. 205

[65] राम आहूजा, *सोसाइटी इन इण्डिया कॉन्सेप्ट्स, थ्योरी एण्ड रिसेन्ट ट्रेंडर्स*, नई दिल्ली, 2005, पृ. 215

 ISSN :3049-334X
वर्ष: 02 - अंक: 01 जनवरी - अप्रैल 2025

बाल अपराध से संबंधित सामाजिक मुद्दे: चुनौतियां और संभावनाएँ

हरीश राम
असिस्टेंट प्रोफेसर , समाजशास्त्र विभाग हर्ष विद्या मंदिर (पी.जी) कॉलेज
रायसी, हरिद्वार, उत्तराखंड । ईमेल:harishhitaishi1@gmail.com

शोध सारांश

वर्तमान समय में बाल अपराध एक प्रमुख सामाजिक समस्याओं में से एक है। यह एक ऐसी सामाजिक समस्या है, जो मूल रूप से परिवार और समुदाय के विघटन का परिणाम है। दुनिया के लगभग सभी प्रान्तों में बाल अपराधियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जो चिंता का विषय है क्योंकि जिन बच्चों पर देश और राष्ट्र का भविष्य निर्भर करता है, वह अपराधी बच्चे बन जाते हैं तो देश का क्या भविष्य होगा? बाल अपराध में विभिन्न प्रकार के असामाजिक कार्य जैसे ही अभद्रतापूर्ण व्यवहार, चोरी करना, जुआ खेलना, शराब पीना, नशा करना, दंगा करना, विश्वासघात करना, विद्यालय से भागना, अनैतिक व दुराचारी व्यक्तियों के संग में रहना, आवारापन इत्यादि ।

बीजक शब्द: बाल अपराध, बंदी गृह, दंड शास्त्र, रिमांड होम, बाल न्यायालय, साइबर अपराध, आत्महत्या, मादक द्रव्य, सामाजिक विघटन, प्रोबेशन और पैरोल, खुले बंदी गृह ।

प्रस्तावना:

बाल अपराध एक विश्वव्यापी सामाजिक समस्या है। एक तरफ विश्व के कई देश लगातार उन्नति और प्रगति कर रहे हैं, दूसरी तरफ बाल अपराध जो समाज में तीव्रता से वृद्धि कर रहे हैं। आज व्यक्ति सामाजिक प्राणी के रूप में शिक्षित होने के बावजूद उच्च शिक्षण संस्थानों से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं लेकिन समाज में बाल अपराध तीव्र गति से बढ़ रहे हैं। समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से उन कार्यों को बाल अपराध कहा जाता है जो एक समूह अथवा समाज को हानि पहुँचाते हैं, जिसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करना अनिवार्य है। प्रत्येक समाज में सामाजिक प्रतिमान व मूल्यों की वैधानिक व्यवस्था होती है। जब समाज में माननीय नियमों का पालन नहीं किया जाता तो अपराध की श्रेणी में आ जाता है। बाल अपराध सामान्य अपराधों की तरह ही एक अपराध है जो बालकों के द्वारा किए जाते हैं जिसमें कानून का

उल्लंघन किया जाता है। कानून की दृष्टि से जो अल्प वयस्क हैं जिनकी आयु 18 वर्ष से कम होती है जिनके द्वारा समाज में रीति-रिवाजों, प्रथाओं, मान्यताओं का उल्लंघन किया जाता है।

बाल अपराध निश्चित आयु (18 वर्ष से कम की आयु) के द्वारा किया गया किसी नियम में कानून का उल्लंघन है। प्रत्येक बालक के व्यवहार में चंचलता, हठवादिता, और शैतानी अनिवार्य रूप से होती है पर उसका यह व्यवहार जब निर्धारित सामाजिक मूल्यों, नियमों और मानदंड को लांघने लगता है तो उसे बाल अपराध की संज्ञा दी जाती है। जब बालक नियमों को तोड़ता है, आवारागर्दी करता है, आज्ञा का उल्लंघन करने की आदत पड़ जाती है, उसका आचरण इस प्रकार का होता है कि उसके अलावा अन्य लोगों के स्वास्थ्य और नैतिकता को हानि पहुँचती है। वह अपने माता-पिता की आज्ञा प्राप्ति के बिना वैवाहिक संबंध स्थापित करता है।

शोध साहित्य का मुख्य उद्देश्य :

1. समाज में बाल अपराध से संबंधित सामाजिक मुद्दे एवं चुनौतियों का अध्ययन करना।
2. बाल अपराध को नियंत्रित करने हेतु भारत में कानून व्यवस्था का अध्ययन करना।

शोध पद्धति:

प्रस्तुत शोध पत्र में द्वितीयक स्रोतों जिसमें विभिन्न पुस्तकों, समाचार पत्र पत्रिकाओं, मैगजीनों, वार्षिक रिपोर्टो व लेखों का प्रयोग किया गया है, जिसमें ऐतिहासिक, वर्णनात्मक व विश्लेषणात्मक पद्धति का प्रयोग किया गया है।

साहित्य पुनरावलोकन :

गिलिन व गिलिन के अनुसार- "समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से बाल-अपराधी वह व्यक्ति है, जिसके व्यवहार को समाज अपने लिए हानिकारक समझता है और इसलिए यह उसके द्वारा निषिद्ध होता है।"

फ्राईड लैडन- "जब किसी बालक के व्यक्तित्व मे ऐसी अभिवृत्ति विकसित होती है, जो उसे सामाजिक नियमों व कानूनों को तोड़ने की प्रेरणा देती है तब उसे बाल अपराधी कहेंगे।

जेम्स के अनुसार- "बाल अपराधी का तात्पर्य उस बच्चे से है, जो आदत के रूप मे अपनी निराशाओं को समाज विरोधी कार्यों अथवा हिंसा के रूप मे प्रदर्शित करता है।

बेकर के अनुसार- "बाल अपराध का तात्पर्य ऐसे हिंसात्मक व्यवहार से है, जिसमे एक बालक द्वारा राज्य व नगर के कानूनों का उल्लंघन होता है।"

राष्ट्रीय प्रोबेशन समिति के अनुसार:

- बाल अपराध वह अपराध है जो राज्य के किसी कानून या धारा को तोड़ता है।
- वह बालक, जो आवारा होने के कारण माता-पिता अथवा संरक्षक आदि के नियंत्रण के बाहर हो।
- वह अपराध, जो बालक को अपनी आदतों के रूप में दूसरे के स्वास्थ्य अथवा नैतिकता को खतरा या नुकसान पहुँचाता है।

बाल न्यायालय अधिनियम 1933 के अनुसार -

- जिसकी आयु 7 वर्ष से अधिक और 16 वर्ष से कम है।
- जो संयुक्त राज्य अमेरिका के किसी कानून का उल्लंघन करता है।
- जो सुधार से परे, उद्दंड, आदतन अनाज्ञाकारी और अपने माता-पिता, संरक्षक या कानूनी अधिकारी के नियंत्रण से बाहर हो।
- जो आदतन रूप से स्कूल से भागता हो।
- जो माता-पिता, संरक्षक या रक्षक की अनुमति के बिना अपना घर अथवा निवास स्थान छोड़ता है।
- जो किसी ऐसे व्यवसाय में संलग्न है, जिससे कानून का उल्लंघन होता है।
- जो सार्वजनिक स्थानों पर सविनय प्रार्थना करता है और भिक्षा तथा पैसा माँगता है।
- जो अपने को अनैतिक अथवा दुश्रित व्यक्तियों के साथ रखता है।
- जो ऐसी जगह से विचरण करता है, जहाँ प्रवेश करने से कानून का उल्लंघन होता है।
- जो आदतन रूप से अपवित्र और अभद्र भाषा का प्रयोग करता है।
- जो जानबूझकर किया जाता है, जिससे दूसरे के स्वास्थ्य और नैतिकता को भी ठेस पहुँचती है।

समाजशास्त्री दृष्टिकोण से बाल अपराध वह अपराध है जहाँ कानूनी धारा का उल्लंघन हो। बाल अपराध जिसमें स्कूल से भागना, अनैतिक व्यक्तियों की संगत करना, माता-पिता के नियंत्रण से बाहर, रेलवे स्टेशन पर घूमने, सार्वजनिक स्थानों या स्कूल में अनैतिक व्यवहार ,अवैध व्यवसाय, मद्यपान करना, नशीली दावों का सेवन , दुर्व्यवहार, भीख माँगना, यौन अनैतिकताओं में भाग लेना, टालमटोल करना, आवारापन, मादक द्रव्य व्यसन इत्यादि आते हैं।

बाल अपराधियों का वर्गीकरण:

- अशाध्यिता उदाहरणार्थ : देर रात तक बाहर रहना।

- स्कूल से भागना।
- चोरी।
- सम्पत्ति की क्षति।
- हिंसा एवं यौन-अपराध।

बाल अपराध के कारण

पारिवारिक दशाएँ : परिवार सामाजिक जीवन की प्रथम पाठशाला है, परिवार में ही बालक का समाजीकरण होता है। पारिवारिक दशाएँ जो बालक का भविष्य तैयार करती है। परिवार का बालक के व्यक्तित्व पर गहन प्रभाव पड़ता है। पारिवारिक दशाएँ जैसे नष्ट घर, अवैध पित्रृता, अनैतिक परिवार, माता-पिता द्वारा उपेक्षा, अति व्यस्त माता-पिता, भीड़भाड़, मनोरंजन के साधनों की कमी, कमजोर पारिवारिक नियंत्रण, भाई बहन का प्रभाव, अत्यधिक प्रेम, पारिवारिक तनाव आदि जो बालक को अपराधी प्रवृत्ति का बना देते हैं।

निर्धनता:- समाज में निर्धनता का बाल अपराध से गहरा संबंध है। सर्वेक्षणों के आधार पर पाया गया है कि जिन परिवारों की आर्थिक स्थिति निम्न है, उन बच्चों की बुनियादी आवश्यकताएँ पूरी नहीं हो पाती जिसके कारण छोटे-2 बच्चे माता-पिता के संरक्षण से बाहर काम करने जाते हैं, बुरी संगत के कारण वह बाल अपराधी बन जाते हैं।

मानसिक हीनता:- मनोवैज्ञानिक दृष्टि से यह स्वीकार किया गया है कि मानसिक हीनता बच्चों को अनैतिक आचरण करने के लिए प्रेरित करती है। यह मानसिक हीनता अल्प बुद्धि के कारण आती है, जो जन्मजात होती है। मानसिक रूप से कमजोर लोग अपनी जरूरत को पूरा नहीं कर पाते, उनमें सोचने की क्षमता विकसित नहीं हो पाती, ऐसे बच्चे शिक्षण संस्थानों में निर्देश और शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ रहते हैं, जिसके कारण कई बाल अपराध का शिकार हो जाते हैं।

आवारापन: जब बच्चे बिना किसी उद्देश्य के इधर-उधर घूमते हैं तो उनके इस व्यवहार को ही आवारापन कहा जाता है। आवारापन का तात्पर्य उसे आलसी व्यक्ति से लगाया जाता है जो एक स्थान से दूसरे स्थान को निरुद्देश्य घूमता है, जिसके पास प्रत्यक्ष रूप से ही आमदनी का कोई साधन नहीं होता, जो किसी प्रकार का कार्य नहीं करता जिसके कारण समाज में बाल अपराध बढ़ाते हैं। जैसे वेश्यावृत्ति, जुआ, भविष्य बताना, शराब पीना, भीख माँगना, छेड़छाड़ करना इत्यादि।

भगोड़ापन: जब कोई बालक बिना किसी सूचना के कक्षा से भाग जाता है तो उसे भगोड़ा कहते हैं। ऐसे बालक युवा होकर बाल अपराध की पृष्ठभूमि तैयार करते हैं।

फेयर चाइल्ड ने कहा है कि वह बालक, जो स्कूल से बिना स्वीकृति अनुमति के अनुपस्थित हो, बाल अपराध की श्रेणी में आता है।

व्यक्तित्व संबंधी कारक: व्यक्तित्व मानव की आंतरिक और बाह्य विशेषताओं का एक पुंज है, व्यक्तित्व संगठन की विशेषताएँ बालक को अपराध की ओर प्रेरित करती हैं। बाल अपराध के प्रमुख कारक शारीरिक और प्राणीशास्त्रीय दशाएँ भी होती हैं जैसे - रंग, बनावट, आकार, सामान्य दिखावट, स्वास्थ्य और बल, भावनात्मक प्रत्युत्तर, आदत एवं रुचि, चरित्र और नैतिक आदर्श आदि।

शारीरिक कारक: बाल अपराध को बढ़ावा देने में शारीरिक कारक मुख्य कारक हैं। शारीरिक कारकों में बालक का दुर्बल स्वास्थ्य जिसके कारण बालक में कमजोरी नियंत्रण और संयम की कमी होती है, जिसके कारण बालक के मन में हीनता की भावना आ जाती है और वह समाज विरोधी कार्यों के प्रति प्रवृत्त हो जाता है। कुछ बालकों में स्थाई कमजोरी, तेज बीमारी, शारीरिक दोष जैसे अंधापन, बहरापन, हकलाना, लंगड़ा कर चलना आदि शारीरिक विकार आते हैं।

मनोवैज्ञानिक कारक: मनोवैज्ञानिक कारक भी बाल अपराध के कारण रहे हैं। जिन बालकों में मानसिक दुर्बलता, मानसिक विरोध या रुकावट, साइकोन्यूरोसिस, साइकोसिस, व्यक्तित्व असमंजस्य जैसे लक्षण पाए जाते हैं वही बाल अपराध का कारण बनते हैं।

गोडार्ड ने विचार व्यक्त किया कि मानसिक दुर्बलता अपराध का एकमात्र कारक है, बुद्धिहीनता के कारण बालक अच्छे और बुरे में भेद नहीं कर सकता जिसके कारण बाल अपराध होते हैं। यौन अपराध सामान्य तथा निम्न बुद्धि की व्यक्तियों के द्वारा ही किए जाते हैं।

चरित्र और व्यवहार संबंधी आदतें: चरित्र और व्यवहार संबंधी आदतें भी बच्चों को बाल अपराध की ओर प्रेरित करती हैं। चरित्रहीन बालक ही समाज में रूढ़ियों और कानून की उपेक्षा कर सकता है। व्यवहार तथा आदतें जैसे मद्यपान, शारीरिक व मानसिक असंयम और नशीली दवाइयों का सेवन ,अफीम का सेवन, यौन व्यवहार आदि।

जनसंख्या की गतिशीलता: जनसंख्या वृद्धि एक सामाजिक समस्या है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, उन्नत संसाधनों के लिए ग्रामीण क्षेत्र से शहरों में पलायन हुआ है जिसको नगरीकरण कहते हैं। नगरों में विभिन्न राज्यों, क्षेत्र, भाषा, प्रजाति के लोग रहते हैं जिसके कारण बच्चों को स्वस्थ पर्यावरण नहीं मिल पाता जिसके कारण नगरों में बाल अपराध अधिक होते हैं, जनसंख्या की गतिशीलता भी बाल अपराध का एक प्रमुख कारण है।

आर्थिक कारक : बाल अपराधों को बढ़ावा देने में एक मुख्य कारक आर्थिक कारक है। समाज में अत्यधिक जनसंख्या वृद्धि होने के कारण बेरोजगारी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। अधिकतर अपराधी

ऐसे घरों से होते हैं जो निर्धन है जो अपनी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अपराध करते हैं। निर्धनता, व्यापार चक्र, भुखमरी, बेकारी, मौसमी बेकारी, आर्थिक असंतोष बाल अपराध के कारक हैं।

पूर्व-अपराधी विशेषताएं: पूर्व अपराधी बालक जो आगे चलकर अपराधी प्रवृत्ति के हो जाते हैं उनमें कुछ विशेष लक्षण पाए जाते हैं। पूर्व अपराधियों में जैसे दुर्व्यवहार, चोरी, आलसीपन, लड़ाकू, आक्रमणकारी, अत्यधिक स्वार्थी, विध्वंसकारी, बेईमानी, डींगमारना, विरोधी, घृणा से पूर्ण, भयंकर भावनात्मक लगाव आदि।

समुदाय तथा बाल अपराध : बालक के सामाजिक जीवन पर परिवार, पड़ोस, स्कूल, संगत, समाज, समुदाय का प्रभाव पड़ता है। चंचलता बालपन का स्वभाव है, जब इस चंचलता का स्वस्थ मनोरंजन के साधनों द्वारा सदुपयोग होता है तो बालक अपराध की ओर नहीं बढ़ता। बालक के जीवन पर चलचित्र, सिनेमा के गीत-नृत्य, ड्रेस का भी प्रभाव पड़ता है। समाचार पत्र-पत्रिकाओं में अपराधी सूचनाओं को पढ़ने से भी बाल अपराध बढ़ते हैं। अश्लील साहित्य, कुसंगति भी बाल अपराध को बढ़ाने में मुख्य कारक हैं।

बाल अपराध को नियंत्रित करने हेतु कानून

किशोर न्याय अधिनियम, 1986: भारत में बाल अपराध को नियंत्रित करने के लिए 1986 में किशोर न्याय अधिनियम पारित किया। किशोर न्याय अधिनियम के आने के साथ ही न्याय दृष्टिकोण को कल्याणकारी दृष्टिकोण में बदल दिया गया था। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य उपेक्षित या अवयस्क किशोरों की देखभाल, संरक्षण ,उपचार विकास और पुनर्वास प्रदान करना था। बाल अपराध के उपचार के लिए इस अधिनियम के तहत निम्नलिखित जनादेश पारित हुए।

- बच्चों को सभी प्रकार के भेदभाव से बचाए, चाहे उनका लिंग, रंग, राष्ट्रीयता और जाति या प्रजाति पृष्ठभूमि कुछ भी हो। **(अनुच्छेद 2)**
- सभी निर्णय को लेने की प्रक्रिया में प्राथमिक उपचार के रूप में बच्चों का सर्वोत्तम हित सुनिश्चित करें। **(अनुच्छेद 3)**
- उपलब्ध संसाधनों की अधिकतम सीमा तक बच्चों के जीवन अस्तित्व और विकास के अधिकारों को सुनिश्चित करें। **(अनुच्छेद 4 और 6)**
- स्वतंत्र रूप से विचार व्यक्त करने और सुनने का बच्चों का अधिकार सुनिश्चित करें। **(अनुच्छेद 12)**
- बच्चों की देखभाल, भरण पोषण और संरक्षण की प्राथमिक जिम्मेदारी उनके माता-पिता की होगी।

- इस अधिनियम के तहत कमजोर, अपराधी प्रवृत्ति के बच्चों के उपचार के लिए उन्हें परिवार, समुदाय, पहचान का विकास, मिलजुल कर रहने वाला सक्षम वातावरण प्रदान करना भी आवश्यक है।
- किशोर न्याय प्रणाली के तहत, किसी भी बच्चे के सभी पिछले रिकॉर्ड को मिटा दिया जाना चाहिए, सिर्फ विशेष परिस्थितियों में छोड़कर।

किशोर न्याय (बच्चों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000: वैश्विक दृष्टिकोण से 1986 के किशोर न्याय अधिनियम में संशोधन किया गया, जिससे किशोर न्याय (बच्चों के देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2000 लागू किया। किशोर न्याय अधिनियम, 2000 ने यूएनसीआरसी को सहयोग दिया और लड़कों और लड़कियों में उम्र के अंतर को दूर किया। इस अधिनियम ने 18 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को अपने संरक्षण के तहत माना। इस अधिनियम के तहत बच्चों की दो श्रेणियाँ मानी जाती है। देखभाल और संरक्षण की जरूरतमंद बालक और कानून का उल्लंघन करने वाले बालक अधिक सफलता लाने के लिए यह अधिनियम 2006 और 2011 में दो बार संशोधित किया गया।

2012 में, अमानवीय निर्भया मामले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था, उस मामले में अपराधियों में से एक नाबालिक था, इस बात को दृढ़ता से महसूस किया गया कि बच्चों द्वारा किए गए जघन्य अपराधों को ध्यान में रखते हुए मौजूदा अधिनियम में संशोधित किया जाए। 7 मई, 2015 को विधेयक लोकसभा में और 22 दिसंबर, 2015 को राज्यसभा में पारित किया गया। विधेयक को 31 दिसंबर, 2017 को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई। यह 15 जनवरी, 2016 से लागू हुआ और इसके माध्यम से 2000 के अधिनियम को बदल दिया गया।

किशोर न्याय (बच्चों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015: किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 बाल संरक्षण पर आधारित सभी अधिनियमों के लिए एक संरक्षात्मक वैश्विक छाता है। इस अधिनियम के तहत, किशोर शब्द का उपयोग बच्चों को किसी भी श्रेणी का वर्णन करने के लिए नहीं किया जाता है। इसमें बच्चों की दो श्रेणियां शामिल है- देखभाल और संरक्षण के जरूरतमंद बालक और कानून का उल्लंघन करने वाले बालक। कई नए शब्द परिभाषित किए गए हैं जैसे "अनाथ","आत्मसमर्पण", "छोटे अपराध", "गंभीर अपराध","जघन्य अपराध"।
इस अधिनियम के तहत कुछ सामान्य सिद्धांत इस प्रकार से हैं।

कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चे:

- कानून का उल्लंघन करने वाला बालक वह है जिसने कोई अपराध किया है।
- उस अपराध के किए जाने की तारीख को उसने 18 वर्ष की आयु पुरी नहीं की है। **धारा 2(13)**

कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों के बारे में आदेश: किशोर न्याय बोर्ड कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों द्वारा किए गए अपराध की जाँच के बाद अपराध की गंभीरता के आधार पर निम्नलिखित आदेश पारित कर सकता है।

- बच्चों को काउंसलिंग (परामर्श) के बाद घर जाने की अनुमति देना।
- बच्चों के समूह परामर्श गतिविधि में भाग लेने के लिए निर्देशित करना।
- बच्चों को सामुदायिक सेवा करने का आदेश देना।
- बच्चे या उसके माता-पिता या अभिभावक को जुर्माना भरने के लिए कहना।
- उचित व्यक्ति/उचित सुविधा के तहत परख कर रिहा करना, जिसकी अवधि 3 वर्ष अधिक नहीं होगी।
- विशेष गृह/सुरक्षा के स्थान पर भेजा जाना।

बाल अपराध को निपटाने में हितधारकों की भूमिका

बाल अपराध को नियंत्रित करने में पुलिस की भूमिका: बाल अपराध से निपटने के लिए हितधारकों में पुलिस की भूमिका अहम भूमिका होती है। पुलिस की भूमिका नियम 8, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, आदर्श नियम, 2016 जो बाल अपराध के संरक्षण के लिए निम्नलिखित भूमिका निभाता है।

- पुलिस के द्वारा बालक के माता-पिता या संरक्षक कोई यह सूचित किया जाएगा कि बालक को पकड़ा गया है, साथ में बालक द्वारा किए गए अपराध के बारे में भी सूचित किया जाएगा।
- संबंधित परिवीक्षा अधिकारी को सूचित किया जाएगा कि बालक को पकड़ा गया है ताकि वह बालक की सामाजिक पृष्ठभूमि और अन्य महत्वपूर्ण परिस्थितियों की जानकारी जमा कर सके।
- विशेष किशोर पुलिस इकाई या बाल कल्याण पुलिस अधिकारी बालक द्वारा किए गए अपराध की सूचना साधरण दैनिक डायरी में दर्ज करेगा।
- बालक को पकड़े जाने की शक्ति का प्रयोग केवल जघन्य अपराधों के विषय में ही किया जाएगा, बालक को पकड़े जाने के समय से 24 घंटे के भीतर उसे किशोर न्याय बोर्ड की समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।
- बालक को कोई हथकड़ी, जंजीर या बेड़ी नहीं पहना जा सकती। बच्चे को प्रेक्षण गृह / उचित सुविधा या उचित व्यक्ति के साथ रखा जाना चाहिए जब तक कि उसे किशोर न्याय बोर्ड के सामने पहली बार प्रस्तुत न किया जाए।

- बालक से किसी दस्तावेज या बयान पर हस्ताक्षर करने को नहीं कहा जा सकता, एफ. आई. आर. दर्ज होने के मामले में उसकी प्रति बच्चे को या उसके माता-पिता को देनी होगी।
- पुलिस अधिकारी, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी को जरूरत पड़ने पर बच्चों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करना भी अनिवार्य है।
- विशेष किशोर पुलिस इकाई, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी को बिना देर किए बालक को पकड़े जाने के समय से 24 घंटे के भीतर बोर्ड के समक्ष पेश करना है।

किशोर न्याय बोर्ड की भूमिका: किशोर न्याय बोर्ड नियम 10, किशोर न्याय (बच्चों के देखभाल संरक्षण) अधिनियम, आदर्श नियम 2016 में निम्नलिखित प्रावधान हैं -

- जब कोई बाल अपराधी पकड़ा नहीं जाता, लेकिन बच्चे द्वारा किए गए अपराध की जानकारी बोर्ड को दी जाती है, तो किशोर न्याय बोर्ड बच्चे को जल्द से जल्द बोर्ड के सामने पेश होने का निर्देश देगा।
- बोर्ड मामले का निपटारा कर सकता है, यदि यह राय है कि आरोप निराधार है या एक छोटा अपराध है।
- बच्चे को सीडब्ल्यूसी को सोंपें, अगर बोर्ड को लगता है कि बच्चों को देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता है।
- बोर्ड बच्चे को बाल देखभाल संस्थानों में रखने के आदेश पारित कर सकता है, अगर उसे लगता है कि यह विकल्प बच्चों के सर्वोत्तम हित में है।
- जब कानून का उल्लंघन करने वाला बालक जमानत दिए जाने के बाद सुनवाई के लिए निर्धारित तारीख को बोर्ड के सामने प्रस्तुत नहीं होता, तब बोर्ड बाल कल्याण पुलिस अधिकारी को बालक को प्रस्तुत करने का निर्देश जारी करेगा।
- बोर्ड बालक से बाल अनुकूल रीति से व्यवहार करेगा।
- 16 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों द्वारा जघन्य अपराध करने के मामले में प्रारंभिक मूल्यांकन करने के लिए बोर्ड मनोवैज्ञानिक और परामर्शदाताओं की सहायता ले सकते हैं।

बाल कल्याण समिति की भूमिका: बाल अपराध को नियंत्रित करने हेतु बाल कल्याण समिति की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है, जो निम्नलिखित हैं।

- अगर किशोर न्याय बोर्ड की राय है कि अधिनियम की धारा 83 के तहत बच्चे को देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता है, तो बाल कल्याण समिति को बच्चों के संबंध में निर्णय लेना होगा और बच्चे के पुनर्वसन या पुनर्वास के लिए प्रयास करना होगा।

- बाल कल्याण समिति को बोर्ड द्वारा सौंपे गए किसी भी बच्चे की देखभाल करनी होगी और अधिनियम के अनुसार कार्यवाही करनी होगी।

जिला बाल संरक्षण इकाई की भूमिका: जिला बाल संरक्षण इकाई की भूमिका नियम 85, किशोर न्याय (बालकों की देखभाल संरक्षण), आदर्श नियम 2016 निम्नलिखित आदेश पारित करती हैं।

- बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किए गए कानून का उल्लंघन करने वाले बालकों के बारे में बोर्ड द्वारा भेजी गई तिमाही सूचना की रिपोर्ट का रखरखाव।
- बालकों के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक परामर्श और सामुदायिक सेवाओं की व्यवस्था करना।
- सुरक्षित स्थान पर बालकों की प्रत्येक वर्ष समीक्षा करना और बाल न्यायालय की रिपोर्ट भेजना।
- बाल देखभाल संस्थाओं से भेजें गए बालकों का अभिलेख सुरक्षित रखना।
- बाल सुझाव पेटिका में मिली बालकों की शिकायतों और उनके सुझावों की जांच तथा उपयुक्त कार्यवाही करना।
- बाल देखभाल संस्थाओं की प्रबंधन समितियों में प्रतिनिधि होना।
- जिला स्तर पर बाल देखरेख संस्थाओं, उपयुक्त व्यक्तियों, उपयुक्त सुविधाओं, पंजीकृत परवर्ती देखरेख संगठनों और संस्थाओं के डेटाबेस का रखरखाव करना, उसे बोर्ड को भेजना।
- जिला स्तर पर चिकित्सा और परामर्श केंद्रों, नशा मुक्ति केंद्रों, अस्पतालों, मुक्त विद्यालयों, शिक्षा सुविधाओं, प्रशिक्षुता और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों और केंद्रों, प्रदर्शन कला, ललित कला जैसी मनोरंजन सुविधाओं और विशेष जरूरत वाले बालकों के लिए सुविधाओं का डेटाबेस का रखरखाव बोर्ड को भेजना।
- राज्य बाल संरक्षण समिति को मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना।
- अधिनियम की प्रगति और कार्यान्वयन की समीक्षा करने के लिए जिला स्तर पर सभी पक्षकारों की तिमाही बैठक आयोजित करना।

गैर सरकारी संगठन की भूमिका: बाल अपराध को नियंत्रित करने में गैर सरकारी संगठन की अहम भूमिका होती है। यदि किसी एनजीओ के पास प्रोबेशन, केस वर्क, काउंसलिंग, मनोवैज्ञानिक सत्र में सहायता प्रदान करने के संसाधन या क्षमताएँ हैं, तो यह सरकार के पैनल में खुद को नामांकित कर सकता है। ऐसा करने के लिए बोर्ड द्वारा निर्देशित किए जाने पर व्यक्तिगत देखभाल योजना तैयार करें और वोट को प्रस्तुत करें। **(नियम 13, 8 (2))**

बाल अपराध के रोकथाम हेतु सुझाव:

- बाल अपराध को रोकने के लिए परिवार में बच्चों का समुचित पालन पोषण सुव्यवस्थित हों।
- माता-पिता के बाद बालक के जीवन में शिक्षकों का अमूल्य योगदान होता है इसलिए शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की एक अहम भूमिका है, बच्चों को ऐसी शिक्षा प्रदान करें जो राष्ट्र प्रेम और विश्व बंधुत्व की भावना पर आधारित हों।
- बाल अपराध पर रोक लगाने के लिए घर का वातावरण प्रेमपूर्ण होना चाहिए ताकि बच्चे बेझिझक किसी भी विषय पर प्रश्न कर सके, उनकी जिज्ञासा शांत हो सके।
- मनोरंजन का बालक के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान होता है। स्वस्थ मनोरंजन के अभाव में बालक अपराधी प्रवृति का हो जाता है, इसलिए बच्चों को स्वस्थ मनोरंजन करवाना अनिवार्य है।
- बाल अपराधों को रोकने के लिए मनोवैज्ञानिक दोषों का उपचार भी आवश्यक है, इसके लिए मनोवैज्ञानिक चिकित्सकों से परामर्श लें और उनकी उचित देखभाल करें।
- बाल अपराध के उपचार के लिए परिवार का उचित वातावरण होना आवश्यक है ताकि बच्चे को परिवार में अनुशासन, नैतिक शिक्षा, सामाजिक मूल्यों की शिक्षा मिल सके।
- बाल अपराध को बढ़ावा देने में सोशल मीडिया का बड़ा योगदान है, इसलिए माता-पिता को ध्यान रखना चाहिए कि सोशल मीडिया का बच्चे सदुपयोग कर रहे हैं या दुरुपयोग अर्थात निगरानी रखें।
- बाल अपराध को रोकने के लिए बाल श्रम पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाना चाहिए ताकि बच्चे परिवार और माता-पिता के संरक्षण में रहें।

उपसंहार: बच्चे किसी भी राष्ट्र का भविष्य होते हैं। बाल अपराध बच्चों की अपराधी प्रवृत्ति है जो आज एक सामाजिक चिंतन का विषय है। बाल अपराध को प्राथमिक स्तर पर ही रोका जाना चाहिए जिसमें परिवार, समाज, पड़ोस, अभिभावक, शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। बाल अपराध को रोकने के लिए भारत में बाल संरक्षण कानून के तहत जिसमें किशोर न्याय अधिनियम, पुलिस प्रशासन, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, गैर सरकारी संगठन, बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियमों को और अधिक सशक्त कानून बनाकर बाल अपराध को रोका जाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची:

1. बघेल, डॉ. डी. एस, अपराध शास्त्र, विवेक प्रकाशन, जवाहर नगर दिल्ली, 110007
2. मुखर्जी नाथ रविंद्र, अग्रवाल भगत, सामाजिक समस्याएं, विवेक प्रकाशन, दिल्ली, 2003

3. भटनागर बी0ए0, अधिगमकर्ता का विकास और शिक्षण- अधिगम प्रक्रिया, राधिका कंप्यूटर्स, मेरठ, 2013
4. भारत में बाल संरक्षण कानून का सारांश, ए -23, फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली,110065
5. https://study.com/learn/lesson/juvenile-delinquency-overview-history-laws.html
6. https://www.kailasheducation.com/2020/08/bal-apradh-kise-kahte-hai.html
7. https://social-work.in/baal-apradh/
8. आहूजा राम, सामाजिक समस्याएँ, रावत पब्लिकेशंस, दिल्ली, 2012
9. महाजन, संजीव, सामाजिक समस्याएँ, अर्जुन पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 2010
10. वर्मा सिंह चंचल, बालकों की भावनाओं व व्यक्तित्व का अध्ययन, कल्पज पब्लिकेशन, दिल्ली, 2011

आदिवासी समुदाय उनकी संस्कृति एवं सांस्कृतिक चुनौतियां: एक सिंहावलोकन

सनी संतोष टोप्पो
असिस्टेंट प्रोफेसर (इतिहास विभाग)
सेंट जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा, झारखंड।

शोध सारांश

आदिवासी शब्द का उपयोग उन समुदायों के लिए किया जाता है जिनका अपने निवास स्थान के साथ गहरा और ऐतिहासिक संबंध है। यह समुदाय अक्सर अपनी सांस्कृतिक, सामाजिक और भाषाई विविधताओं के लिए जाने जाते है। आदिवासी लोग अपने जीवनशैली परंपराओं और रीति-रिवाजों के संदर्भ में अनूठे होते हैं और उनकी पहचान उनके पर्यावरण और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जुडी होती है।

इन समुदायों का प्राचीनतम इतिहास होता है और वे अक्सर बाहरी सभ्यताओं से अलग रहते हैं। कई बार इन्हें स्वदेशी लोग या मूल निवासी भी कहा जाता है जो इस बात का संकेत देता है कि ये लोग अपने क्षेत्र के पहले निवासी रहे हैं। आदिवासी समुदायों के अधिकारों और सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करना आवश्यक है ताकि उनका अद्वितीय जीवन शैली और परंपराएं सुरक्षित रह सकें। आदिवासी संस्कृति भारत की विविधता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह संस्कृति अपनी विशिष्टता, परंपराओं और परिधानों के लिए जानी जाती है। आदिवासी समुदायों का जीवन प्राकृतिक तत्वों के साथ गहराई से जुडा होता है और उनकी संस्कृति में प्रकृति के प्रति सम्मान और पूजा का बहुत बड़ा स्थान है।

आदिवासी संस्कृति विविधता और धरोहर का एक अद्वितीय उदाहरण है, जो न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया की सांस्कृतिक पहचान में योगदान देती है। इनकी परंपराओं और जीवनशैली को समझना और सम्मान करना समस्त मानवता की जिम्मेदारी है। आदिवासी संस्कृति संपुर्ण विश्व को एक आर्दश समाज का प्रतिबिंब दिखलाती है एवं आदिवासी संस्कृति संपुर्ण विश्व के मंच में समानता, एकता एवं भ्रातृत्व का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करती है।

मुख्य शब्द:- आदिवासी समुदाय, उनकी सामाजिक व्यवस्था, संस्कृति, सांस्कृतिक चुनौतियां

शोध पत्र का विषय:- ‘आदिवासी समुदाय उनकी संस्कृति एवं सांस्कृतिक चुनौतियां: एक सिंहावलोकन’ है।

प्रस्तावना:-

आदिवासी शब्द से हमारे मस्तिष्क में एक ऐसे मानवजातीय समूह का चित्र उभरता है जो जंगलों, पहाड़ी, पठारी, समुद्रतटीय, मरूस्थल एवं द्वीप समूहों में निवास करता है। इनकी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तथा सांस्कृतिक व्यवस्था बिल्कुल ही सरल एवं सहज होती है।आदिवासी शब्द दो शब्दों ‘आदि और वासी’ से मिलकर बना है और इसका अर्थ मूल निवासी कहलाता है। आदिवासी(आदि-वासी) इन्हे संविधान की पंचम अनुसूची में ‘जनजाति’ इस शब्द से परिभाषित किया गया है साथ ही इसे अन्य नामों से भी जाना जाता है जैसे- वनवासी, गिरिजन, वन्यजाति या आदिम जनजाति।

आदिवासी का अर्थ:-

विश्व के सभी देशों में आदिवासियों का निवास स्थान रहा है। ये देश के मूल एवं प्राचीनतम निवासी है। भारत में ये प्रारंभ से ही दूरस्थ, जगलों एवं निर्जन स्थानों पर निवास करते आए हैं। आदिवासी जंगली परिस्थितियों में अपना जीवनयापन करते दिखाई देते है। विश्व के अधिकांश देशों में आदिवासी निवास करते हैं। विश्व में सबसे ज्यादा कबीलें अफ्रीका में हैं। आदिवासी एक कबीलाई समूह है, जिनके सदस्य एक सामान्य बोली का प्रयोग करते है। भारत में आदिवासी मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, झारखंण्ड, नागालैंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, केरल, गुजरात, बिहार आदि राज्यों में निवास करते है।

प्रारंभ में सामाजिक, आर्थिक तथा शैक्षणिक रूप से पिछड़े हुए समुदाय को ‘जनजाति’ कहा गया। देश के मूल निवासी होने के कारण कई विद्वान उन्हे आदिवासी कहना अधिक तर्क संगत मानते हैं। जंगलों, समुद्रतट, द्वीप, मरूस्थल एवं पहाड़-कंदाराओं में नग्न एवं अर्धनग्न जीवन यापन करते है। सभ्यता की दृष्टि से आदिवासी आज भी प्रारंभिक अवस्था में ही होने के कारण इन्हें वनवासी, गिरिजन, आदिमजाति एवं आदिमानव इत्यादि कई नामों से बुलाया जाता है। इन सभी नामों से ‘आदिवासी’ और ‘जनजाति’ शब्दों का सर्वाधिक व्यवहारीक रूप से प्रयोग वर्त्तमान समय में किया जा रहा है।

एम्पीरियल गजेटियर के अनुसार “एक आदिम जाति परिवारों का एक वह समूह है जिसका एक सामान्य नाम होता हैं, जिसके सदस्य एक सामान्य भाषा बोलते हैं तथा एक सामान्य क्षेत्र में या तो वास्तव में रहते हैं या अपने को उसी क्षेत्र से संबंधित मानते हैं तथा यह समूह अंतर्विवाही भी होते है।“[1]

आदिवासी शब्द का प्रयोग किसी क्षेत्र के मूल निवासियों के लिए किया जाना चाहिए, परंतु संसार के विभिन्न भू-भागों जहाँ अलग-अलग धाराओं में अलग-अलग क्षेत्रों से आकर लोग बसे हो उसे विशिष्ट भाग के प्राचीनतम अथवा प्राचीन निवासियों के लिए भी इस शब्द का उपयोग किया जाता है। उदाहरणार्थ इंडियन, अमेरीका के आदिवासी कहे जाते है और प्राचीन साहित्य में दस्यु, निषद आदि के रूप में जिन विभिन्न प्रचातीय समूहों का उल्लेख किया जाता है उसके वंशज भारत में आदिवासी माने जाते है।[2]

अध्ययन के उद्देश्यः-

प्रस्तुत अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य निर्धारित किये गये है-

1. आदिवासी समाज की सांस्कृतिक व्यवस्था का अध्ययन करना है।
2. आदिवासी समुदाय के सम्मुख सांस्कृतिक चुनौतियों का अध्ययन करना।
3. वर्त्तमान समय में आदिवासी समाज की स्थिति का जायजा लेना।

शोध प्रविधिः- प्रस्तुत शोध पत्र में प्राथमिक एवं द्वितीयक शोध सामग्री का प्रयोग किया गया है एवं वर्णानात्मक जनजाति शोध प्रविधि का प्रयोग किया गया है।

आदिवासी संस्कृति एवं चुनौतियाँः-

आदिवासी संस्कृति के अंतर्गत उनके आचरण, रीति-रिवाज, उनके अनुष्ठान एवं धार्मिक क्रियाकलापों से अवगत होते है। आदिवासियों समुदायों के सांस्कृतिक गतिविधियाँ भिन्न-भिन्न होती है परंतु उनके जीवन में उनकी मान्यताएँ समान होती है। उनकी संस्कृति महासागर के समान होती है जिनमें अनेक छोटी-छोटी नदियाँ आकर विलीन होती है।

भारतीय आदिवासियों (जनजातीयों) की सांस्कृतिक विशेषताएँ इस प्रकार हैः-

अखराः- प्रत्येक जनजातीयों में पर्व-त्योहारों एवं वार्षिक पूजा के लिए गाँव में एक सार्वजनिक स्थल होता है जो गाँव के बीचों-बीच होता है इसे छोटानागपूर के क्षेत्रों में 'अखड़ा' कहते है। आदिवासी पुरूष एवं महिलाएँ 'अखरा' में सामुहिक नृत्य करते है। यह आदिवासियों के संस्कृति की एक झलक प्रदर्शित करती है।

सरना स्थलः- यह आदिवासियों का धार्मिक स्थल होती है जहाँ आदिवासी अपने धार्मिक क्रिया-कलाप करते है एवं प्रकृति देवी को खुश करने के लिए पुजा अर्चना एवं बलि देने का कार्य करते है। मुंडा तथा उराँव जनजाति ग्राम में इस स्थान को 'सरना' कहते है तथा संथाल, हो, खड़िया जनजाति में इस स्थल को 'जहेर' कहते है।

युवागृहः- प्रत्येक जनजातिय ग्राम मे एक युवागृह होता है जहाँ जनजातिय नव युवक-युवतियों को आदिवासी संस्कृति जैसेः- विवाह, पारिवारिक जीवन, नृत्य, संगीत, अस्त्र-शस्त्र चलाना तथा गाँव की सुरक्षा के संबंध में जानकारी प्रदान की जाती है। इस युवागृह को विभिन्न जनजाति में भिन्न-भिन्न नामों से जाना जाता है जैसे- मुण्डा और हो जनजातीयों में 'गिटिओरा', उराँव जनजाति में 'धुमकुड़िया', बोडो जनजाति में 'सोलानी डिगो', भोटिया जनजाति में 'रंग-बंग', नागा जनजाति में 'मोरूंग', गारों जनजाति में 'नोकपाते', भुइया जनजाति में 'धनगरवास' एवं मध्य प्रदेश की गौंड़ जनजाति में इसे 'गोटुल' नाम से जाना जाता है।[3]

मृतक संस्कार एवं ससानदिरी:- आदिवासी संस्कृति में मृतक संस्कार एक अत्यंत अवश्यक संस्कार है क्योंकि आदिवासीयों का मानना हैं कि मृत्यु के बाद भी आत्मा जीवित रहती है। आदिवासी आत्मा को बोंगा के नाम से पुकारते हैं, उन्हें भगवान की तरह मानते है और उनकी पुजा करते है। उनके सर्वोच्च देवता का नाम ’सिंगबोंगा‘ है। कुछ आदिवासी समुदायों द्वारा मृतक संस्कार के विधियाँ निम्न प्रकार से है:-

मुंडाओं का विश्वास था कि किसी की मृत्यु होने पर पड़ोसियों तथा निकट सम्बंधियों को सूचित किया जाता था और वे आकर मृतक की अंत्येष्टि की तैयारी करते थे। शव को नहला कर तेल लगा कर अरथी पर सजा दिया जाता था। इस बीच युवा लड़के कब्र खोद कर तैयार करते थे। शव को अरथी पर नये वस्त्र से ढँक कर रखा जाता था। ‘ससान’ के रास्ते अरथी को एक जगह रखा जाता था। मृतक द्वारा उपजाये अन्न के कुछ दाने शरीर के चारों ओर जमीन पर विखेर दिये जात थे। अंततः अरथी को कब्र के निकट रखा जाता था। सभी सम्बंधी हल्दी, चावल, और जल मृतक के मुख में डालते थे। तब शव को कब्र के भीतर बने छोटे कब्र में सिर उत्तर दिशा की ओर कर रख दिया जाता था। एकाध बर्तन और मृतक द्वारा काम में लायी कुछ चीजें शव के दायें रखी जाती थीं। शव को बिना स्पर्श करते हुए लकड़ी का तख्ता रखा जाता था। तख्ते पर चटाई बिछाई जाती थी। कुछ मिट्टी छिड़की जाती थी और उस पर मृतक द्वारा उपजाये अन्न छिड़के जाते थे। तब सभी उपस्थित जन थोड़ी-थोड़ी मिट्टी डालते थे और अंततः युवाजन कब्र को मिट्टी से भर देते थे।[4]

उरांवों के मृतक-संस्कार मुंडाओं से बहुत भिन्न नहीं थे। शव को सफेद वस्त्र से ढक कर श्मशान ले जाया जाता था। नियत स्थान पर पहुँचने पर मृतक को पुनः नहलाया जाता था। निकटतम सम्बंधी कुछ चावल छिड़ कर ताम्बे का पैसा चढ़ाता था। तदुपरांत शव को चिता पर रखा जाता था तेल लगा कर पुनः चावल छिड़कते थे। यह काम माता-पिता, पति अथवा पत्नी द्वारा किया जाता था। शव के जल जाने के बाद मित्र तथा सम्बंधी अस्थि एकत्रित करते थे। इसे मिट्टी के पात्र में रखा जाता था। अस्थि लाते समय मार्ग में अक्षत के दाने गिराये जाते थे, जिसका उद्देष्य था मृतक की आत्मा की वापसी का मार्ग निर्धारित करना। घर पहुँच कर अतिथियों को खिला-पिला कर विदा किया जाता था।

संथाल जनजाति में अंत्यष्टि, अस्थि-विसर्जन तथा श्राद्ध मृत्यु-संस्कार से सम्बद्ध प्रमुख कर्मकांड थे। अंत्येष्टि के अंतर्गत् दाह अथवा दफन की दो विधियाँ थीं। दफन में मृतक की निजी उपयोग की वस्तुएँ यथा पात्र, धनुष, लाठी, वाद्ययंत्र तथा कपड़े उसके साथ दफनायी जाती थीं। उनका विश्वास था कि पारलौकिक जीवन में भी इन वस्तुओं की अवश्यकता पड़ती थी। मुर्गी का चूजा, हल्दी, पुआल बिनौले का लावा इत्यादि के साथ शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जाता था। जलाते समय चिता उत्तर-दक्षिण दिशा में बनायी जाती थी। मृतक का सिर दक्षिण की ओर रखा जाता था। शव को चिता पर रखने

के बाद चिता की खँटी पर चूजे की बलि चढ़ाई जाती थीं मृतक का प्रमुख उत्तराधिकारी मुखाग्नि देता था। वह क्रमश पुत्र, पौत्र, पिता, भाई, भतीजा अथवा चाचा कोई भी हो सकता था। महिलायें मुखाग्नि नहीं दे सकती थीं। मुखाग्नि के बाद उपस्थित पट्टीदार चिता में एक-एक लकड़ी अथवा कब्र में एक-एक मुट्ठी मिट्टी डालते थे। फिर चिता प्रज्वलित की जाती थी या कब्र को भर दिया जाता था। तदुपरांत सभी उपस्थिततजन मुंडन करवा कर स्नान करते थे। राख को जल में बहा दिया जाता था। मृत्यु के पांचवें दिन तेल-नहान किया जाता था इस अवसर पर सभी वृद्ध जन मृतक के घर मुंडन करा स्नान करने जाते थे। फिर मृतक की आत्मा, पितरों तथा मारांग बुरू के नाम पर तीन व्यक्ति मृतक के घर झूमते-झामते थें मृतक की आत्मा से उसकी मौत का कारण पूछा जाता था और भविष्य में आनेवाल विघ्न-बाधाओं का निवारण जाना जाता था। शाम को छोटे पैमाने पर भोज दिया जाता था। इस अवसर पर एक मुर्गे की बलि दी जाती थी तथा बिना नमक की खिचड़ी परोसी जाती थी। मृतआत्मा को भी दी जाती थी।[5]

ससानदिरी; जनजातीय ग्राम संस्कृति मे ससानदिरी बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जनजातीय जीवन में उनका कब्रगाह भी विशेष महत्व रखता है। कब्रगाह को ये लोग ससान या ससानदिरी कहते है। एक गोत्रीय गांवों में एक ही ससान होता है। मुंडा और हो जनजाति के बीच अस्थि कब्रगाह होता है इसे 'ससान' कहा जाता है। जब किसी मुंडा की मुत्यु अपने भुईहारी गांव से बाहर होती है, तब उसकी अस्थि को अपने मूल गांव के ससान में लाया जाता है। पहले अस्थि कब्रगाह में मृतक की यादगारी में एक पत्थर की पट्टीका रखी जाती थी। इसके लिए ग्राम में संगठन की अवश्यकता होती थी। पट्टिका का आकार मृतक की सामाजिक स्थिति पर निर्भर करता था। आजकल गांव के लोग काम की खोज में बाहर चले जाते हैं तथा संगठन में कमी आ जाने के कारण यह प्रथा प्रभावित हो रही है। पहले साथ-साथ रहने वाले लोग संगठित होकर पहाड़ी पर जाते थे तथा वहाँ से पट्टिका तरास कर लाते थे लेकिन अब उनमें सहयोग की भावना खत्म होती जा रही हैं। इससे ससान संस्कृति प्रभावित हो रही है।[6]

जनजातीयों संस्कृति के समक्ष समस्याः-

किसी भी समाज की पहचान उसकी संस्कृति से होती है। संस्कृति ही उस समुदाय को एक विशेष पहचान प्रदान करती है। संस्कृति, उस समुदाय के अस्तित्व को मिटने से बचाएँ रखती है और विश्व पटल पर एक विशेष पहचान प्रदान करती है किंतू किसी भी समुदाय के समक्ष उसकी अस्तित्व के समाप्त होने की समस्या उत्पन्न होती है जब उस समुदाय की सांस्कृतिक व्यवस्था पर बाह्य संस्कृति का आक्रमन या बाह्य(अन्य) संस्कृति उस पर हावी होने लगती है। आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक पहचान और परंपराएं धीरे-धीरे विलुप्त हो रही हैं। आधुनिकता और बाहरी प्रभावों के कारण उनकी भाषा, रीति-रिवाज, और पारंपरिक जीवनशैली पर खतरा मंडरा रहा है। कई आदिवासी लोग अपनी सांस्कृतिक धरोहर को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद कई परंपराएं और मान्यताएं गायब हो रही हैं।

जनजातीय संस्कृति के जो मूल पहचान तत्व हैं उन्हें बाह्य संस्कृति के आगमन के कारण संक्रमण के दौर से गुजरना पड़ रहा है इस लिए जनजातीयों के समक्ष आज पहचान की समस्या उठ खड़ी हुई है हिन्दूकरण, इस्लामीकरण, ईसाईकरण, पश्चिमिकरण, नगरीकरण तथा औद्योगीकरण प्रक्रियाओं के कारण भी उन्हें सांस्कृतिक पहचान की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अब जनजातियां जनजातियां न होकर हिन्दू, जैन, बौद्ध, मुसलमान, ईसाई हो गए हैं। जैन, बौद्ध, मुसलमान तथा ईसाई जनजातीयों को लोग जनजाति न कहकर उन्हें इन धर्म के नाम से पहचाना करते है।

निष्कर्ष:-

आदिवासी समुदायों की भूमि पर हमेशा से बाहरी ताकतों के अधिन रहा है। गैर आदिवासी लोगो की सरकार, उद्योग, और निजी कंपनियां आदिवासी क्षेत्रों में प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करती हैं, जिसके कारण आदिवासियों को अपनी पारंपरिक भूमि से वंचित होना पड़ता है। इससे न केवल उनकी आजीविका प्रभावित होती है, बल्कि उनकी सांस्कृतिक पहचान भी खतरे में पड़ जाती है आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा की स्थिति बहुत कमजोर है। कई आदिवासी इलाके दूर-दराज़ में स्थित हैं, जहाँ शिक्षा सुविधाएं बहुत सीमित हैं। इसके कारण आदिवासी बच्चे अच्छे शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ होते हैं, और यह उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को और भी खराब करता है।

संदर्भ ग्रंथ:-

1. एम्पीरियल गजेटियर
2. हिन्दी विश्वकोष खंड 1, प्रधान सं0, कमलापति त्रिपाठी पृ0 संख्या - 370
3. पाण्डे गया, भारतीय जनजातीय संस्कृति, कंसैप्ट पब्लिषिंग, नई दिल्ली, 2007, पृ0 संख्या - 301
4. वीरोत्तम बी0, झारखंडः इतिहास एवं संस्कृति, बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पटना, 2004, पृ0 संख्या - 460-461
5. वही पृ0 - 472-473
6. पाण्डे गया, भारतीय जनजातीय संस्कृति, कंसैप्ट पब्लिषिंग, नई दिल्ली, 2007, पृ0 संख्या- 299

बदलते परिवेश और बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य : चुनी हुई कहानियों के सन्दर्भ में

अयाना शाइन थॉमस
Sree Sankaracharya University ofSanskrit, Kalad
Email : ayanashinethomas85@gmail|com

समय के साथ समाज और परिवेश बदलता रहता है। भारतीय समाज दिन-ब-दिन विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। नब्बे के दशक के बाद से देश के विविध क्षेत्रों में परिवर्तन होते आए हैं। देश की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और धार्मिक परिस्थितियों में कई तरह के बदलाव हुए। व्यक्ति और समाज दोनों ही इससे प्रभावित हुए। इन बदलते परिवेशों ने बच्चों के जीवन को विविध रूपों में प्रभावित किया है। हर व्यक्ति का बचपन उसके सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश और वातावरण के अनुसार होता है।“वातावरण से अभिप्राय व्यक्ति के जीवन-स्थान (life-span) से है अथवा उन मनोवैज्ञानिक परिस्थितियों से, जो व्यक्ति के व्यवहार को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती हैं। जिस प्रकार बालक या व्यक्ति की सामाजिक एवं पारिवारिक स्थिति से उसका व्यक्तित्व, भूमिका, सोचने का तरीका एवं चरित्र प्रभावित होता है, उसी प्रकार विद्यालय, कार्यालय, व्यवसाय आदि भी उसकी भूमिका को बहुत प्रभावित करते हैं।”[66] भूमण्डलीकरण के प्रभाव के कारण लोग पाश्चात्य संस्कृति और बाजारीकरण की ओर आकृष्ट हुए ,जिसके फलस्वरूप हमारे समाज और संस्कृति में बदलाव आने लगे ।इसका प्रभाव देश के सामाजिक ,सांस्कृतिक ,राजनितिक ,धार्मिक और शैक्षिक क्षेत्रों में देखा जा सकता है । तकनीकी क्षेत्र में हुए विकास और ब्रांड संस्कृति ने नवयुवकों को अपनी ओर आकर्षित किया । बदलते मानवीय मूल्यों और संस्कृति के कारण समाज और परिवारों में विघटन होने लगा है । देश की युवा पीढ़ी सोशल मिडिया ,तकनीक और नशे की गिरफ्त में आ चुकी है ।बालक का सामाजिक जीवन परिवार से आरंभ होता है। घर, स्कूल आदि बच्चों के सामाजिक विकास की पृष्ठभूमि होते हैं। इसलिए इन्हीं परिवेशों का उनके व्यक्तित्व विकास और मानसिक विकास में अहम योगदान होता है।

साहित्य अपने समसामयिक समाज और परिस्थितियों को अंकित करता है। समाज में मौजूद विविध समस्याओं के वैचारिक और भौतिक रूप को अपने पाठकों के सामने लाने का कार्य प्रतिबद्ध

[66]डॉ. वंदना सिंह-मानवीय विकास के विविध आयाम-पृ.सं.-18-19

साहित्यकार करता है। "साहित्य का विषय है मनुष्य, उसका मन, उसकी संवेदनाएँ, उसकी आकांक्षाएँ, उसकी अतृप्ति। मनुष्य के भीतर और बाहर जानने का प्रयास मनोविज्ञान करता है। आज का साहित्य तो इस कदर आगे बढ़ गया है कि उसमें अर्द्ध-चेतन और अति-चेतन की अभिव्यक्ति होती है।"[67]आधुनिकता और पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित होकर हमारी जीवनशैली भी बदल रही है। हमारी संस्कृति और मानवीय मूल्य भी बदलने लगे हैं। पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित होकर अभिभावक बच्चों को मॉडर्न स्कूलों में भेजने लगे हैं। सोशल स्टेटस बनाए रखने के लिए बड़ी रकम देकर वहाँ बच्चों का दाखिला कराया जाता है। लेकिन ऐसे स्कूलों में बच्चों पर अत्यधिक शैक्षणिक दबाव डाला जाता है। ज़्यादातर बच्चे इस तरह के दबाव को संभाल नहीं पाते। शैलेन्द्र सागर की कहानी 'आमीन' में भी ऐसे ही एक स्कूल का वातावरण चित्रित किया गया है, जहाँ अनुशासन के नाम पर बच्चों को प्रताड़ित किया जाता है। यूनिफॉर्म सही से न पहनने और अंग्रेज़ी में बात न करने पर बच्चों को सबके सामने सज़ा दी जाती है। प्रिंसिपल छात्र को असेंबली में खड़ा करके कहते हैं -"तुम्हारे पेरेंट्स कितने लापरवाह हैं। यूनिफॉर्म पर कोई ध्यान नहीं है। बस अंग्रेज़ी स्कूल में पढ़ाने का शौक है। अपना स्टेटस जो बढ़ाना है। बच्चा सेंट मैरीज में पढ़ता है - भले ही तमीज़ रत्ती भर की न हो।।।"[68] इस तरह का अपमान बच्चों में शर्मिंदगी, आघात, पीड़ा, आशंका और भय उत्पन्न करता है। ऐसी घटनाएँ उनके मानसिक स्वास्थ्य, नैतिक विकास और आगे चलकर उनके चरित्र निर्माण को भी प्रभावित करती हैं। आधुनिकीकरण के नाम पर स्कूलों में जो बदलाव हुए हैं, उससे हमारी संस्कृति और मूल्यों का लोप हो रहा है। शिक्षा का क्षेत्र आजकल व्यवसाय बन चुका है। कहानी में शाश्वत के एडमिशन के लिए सिफारिश लेकर जाने के बावजूद, उसके माता-पिता का इंटरव्यू, उनकी शैक्षिक योग्यता, बच्चे की परीक्षा आदि के बाद ही दाखिला मिलता है। कहानी में एक अध्यापक बच्चों को ज़बरदस्ती उनका जन्मदिन मनाने के लिए बाध्य करते हैं और छात्रों से मिले उपहारों के आधार पर भेदभाव करते हैं। कुछ अध्यापक ऐसे भी हैं, जो पढ़ाई में कमजोर बच्चों का मज़ाक उड़ाते हैं और जबरदस्ती उनसे फीस लेकर स्पेशल ट्यूशन के लिए बुलाते हैं। अध्यापकों द्वारा इस तरह का व्यवहार बच्चों पर बुरा प्रभाव डालता है। स्कूल में ऐसा माहौल बनाए रखना चाहिए, जो उनके चरित्र निर्माण और मानसिक विकास के लिए अनुकूल हो। लेकिन यहाँ स्कूल मैनेजमेंट या अध्यापकों द्वारा ऐसा कोई प्रयास नहीं किया गया है। अनुशासन के नाम पर कड़े नियमों और सख्त व्यवस्थाओं के कारण बच्चों के मन में डर पैदा होता है। इस तरह के माहौल में बच्चे अपने आप में सिमट जाते हैं और संकुचित महसूस करते हैं। "अगर कोई छात्र ऐसे छात्रों के बीच रहता है जो अधिक तनावपूर्ण एवं चिंतित इसलिए रहते है कि वे तरह –तरह के प्रतियोगिता से घिरे रहते हैं ,तो उसका परिणाम यह होता है कि वह छात्र भी धीरे –धीरे संवेगिक रूप से अस्थिर हो जाता है और उसमें भी चिंता एवं

[67]डॉ.जयश्री शिंदे-मनोविज्ञान के कटघरे में हिंदी कहानी- पृ.सं.-10

[68]शैलेन्द्र सागर-आमीन-पृ.सं.-9

तनाव करना एक जीवन –शैली बन जाता है। दूसरे तरफ यदि स्कूल का संवेगिक वातावरण यदि हितकर(wholesome)होता है और चूँकि स्कूल में छात्रों को अनेकों वर्षों तक रहना पड़ता है ,इसलिए ऐसा वातावरण उनमें अपने विशिष्ट घरेलु वातावरण के कारण उत्पन्न किसी प्रतिकूल एवं अवांछित संवेगिक पैटर्न को दूर करने में भी मदद करता है ।इस तरह से हितकर संवेगिक वातावरण का छात्रों के व्यक्तित्व पर चिकित्सकीय प्रभाव (therapeutic effect)भी पड़ता है।"[69] मॉडर्न स्कूलों के इस तरह के वातावरण और उनके बच्चों के मानसिक विकास पर पड़ने वाले प्रभाव को शैलेन्द्र सागर ने अपनी कहानी के माध्यम से चित्रित करने की कोशिश की है।

किशोरावस्था के बच्चे स्कूल और सोशल मीडिया से प्रभावित होते हैं। उनका सामाजिक जीवन इन्हीं परिवेशों से ज़्यादातर जुड़ा होता है। इस उम्र के बच्चों की परवरिश सावधानी से करनी चाहिए, क्योंकि यह विकास की वह अवस्था होती है, जो उन्हें उनके आगे के जीवन के लिए तैयार करती है। इस उम्र के बच्चे जीवन के प्रति उत्साहित रहते हैं और अपने आपको वयस्क समझते हैं। उन्हें फैशन, सिनेमा, तकनीक, सोशल मीडिया, नशा, यौन संबंधी बातें आदि में दिलचस्पी रहती है। चंदन पांडेय की कहानी 'सिटी पब्लिक स्कूल वाराणसी' में इसी उम्र से गुज़र रहे बच्चों का चित्रण किया गया है। कहानी में तरुण और कुछ बच्चे मिलकर ब्लू फिल्म देखने लगते हैं। इसके प्रति लत लगने के कारण वे स्कूल की कंप्यूटर लैब में, कक्षा के बीच में ही इसे देखने लगते हैं। इतनी बड़ी गलती करने के बावजूद प्रिंसिपल उन्हें केवल चेतावनी देकर छोड़ देते हैं, क्योंकि स्कूल मैनेजमेंट को बच्चों के नैतिक विकास से ज़्यादा इस बात की चिंता होती है कि कहीं बच्चे स्कूल न बदल लें और उनकी फीस नष्ट न हो जाए। इस बात से अवगत होने के कारण बच्चे इस तरह की गलतियाँ करने से नहीं डरते। जब गलती करने पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती, तो इससे बच्चे और अधिक प्रोत्साहित होते हैं।"अजित सर एट हिज मैक्सिमम विल डू जीरो हार्म टू अस। बस थोड़ी डाँट पड़ सकती है। घर पर शिकायत भी नहीं जाएगी, क्योंकि इससे आफ्टर ऑल स्कूल की ही इमेज खराब होगी।"[70] गलतियों को न सुधारने के कारण बच्चों की मानसिकता ऐसी बन जाती है कि वे अनुशासनहीनता को सामान्य मानने लगते हैं।स्कूल में परीक्षा के समय पढ़ाई में तेज़ सुजीत के साथ तरुण को बिठाया जाता है, ताकि वह फेल न हो जाए। प्राइवेट स्कूलों में इस तरह की घटनाएँ आम हो गई हैं, जिससे बच्चों को मेहनत करने के बजाय अनुचित तरीकों का सहारा लेने की आदत पड़ जाती है।अभिभावक और अध्यापक बच्चों के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। "स्पष्ट हुआ कि कई तरह के शैक्षिक निर्धारक(educational determinants) हैं जिनका व्यक्तित्व पर प्रभाव पड़ता है। इन निर्धारकों से व्यक्ति का आत्म –संप्रत्यय सीधे प्रभावित होता

[69]अरुण कुमार सिंह-व्यक्तित्व का मनोविज्ञान-पृ.सं.-72

[70]चन्दन पाण्डेय-भूलना-पृ.सं.-140

है तथा उसमें प्रभाव के अनुरूप अनुकूल या प्रतिकूल शील्गुण विक्सित होते हैं। इन निर्धारकों में आरंभिक स्कूली अनुभूतियाँ ,शैक्षिक संस्थान का संवेगिक वातावरण ,शैक्षिक सफलता ,पाठ्यक्रमेत्तर क्रियाएं(extracurricular activities) ,शिक्षक की मनोवृति तथा व्यवहार तुलनात्मक रूप से अधिक महत्वपूर्ण है।"[71] तरुण की माँ, प्रिंसिपल की पत्नी से बात करके उसे पास करवाती हैं और परीक्षा व असाइनमेंट में भी उसे विशेष मदद मिलती है। इस तरह की व्यवस्था होने से तरुण को अपनी क्षमताएँ बढ़ाने का अवसर नहीं मिलता, जिसके कारण वह ज़िद्दी, अहंकारी, आत्मकेंद्रित और स्वार्थी हो जाता है। माता-पिता और अध्यापकों की उपेक्षा के कारण ही तरुण ऐसा बनता है। आजकल ज़्यादातर एकल परिवारों में कामकाजी माता-पिता बच्चों की पढ़ाई और परवरिश पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाते हैं। वे बच्चों के मानसिक और नैतिक विकास के लिए स्वस्थ वातावरण प्रदान करने में असफल हो रहे हैं, जिसके कारण बच्चों में विभिन्न प्रकार की मानसिक विकृतियाँ जन्म ले रही हैं। ब्लू फिल्में और नशीले पदार्थ आसानी से उपलब्ध होने के कारण बचपन से ही बच्चों में इनकी लत लगने की संभावना बढ़ जाती है। बच्चों के मानसिक और नैतिक विकास को ध्यान में रखते हुए उन्हें यौन शिक्षा दी जानी चाहिए और नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाना चाहिए। कहानीकार ने बच्चों के बीच बढ़ती इन्हीं प्रवृत्तियों को प्रस्तुत किया है। इसके साथ-साथ उन्होंने आधुनिक शिक्षा प्रणाली के नकारात्मक पक्ष को भी उजागर किया है।

आजकल बच्चे किसी भी परिवेश में सुरक्षित नहीं हैं, चाहे वह ग्रामीण हो या महानगरीय। शहरों में ऐसे लोग भी हैं, जो अपनी दैनिक रोज़ी-रोटी तक नहीं कमा पाते, जिससे वे बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में असफल होते हैं। ऐसे बच्चे भीख माँगते हैं, बाल मज़दूरी करते हैं और मानसिक व शारीरिक शोषण का शिकार होते हैं। कई गैर-सरकारी संगठन और स्वयंसेवी संस्थाएँ ऐसे बच्चों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करती हैं।मधु कांकरिया की कहानी 'फाइल'में कोलकाता की एक ऐसी संस्था का चित्रण किया गया है, जहाँ उन बच्चों को रखा जाता है, जो बाल श्रम, यौन शोषण के शिकार हुए हैं या नशीले पदार्थों की लत से ग्रस्त हैं। कहानी की पिंकी यौन शोषण की शिकार थी। उसकी माँ सोनागाछी में वेश्यावृत्ति करती थी, और उसकी माँ के ग्राहकों ने ही उसका बलात्कार किया।11 से 14 वर्ष की उम्र तक उसके साथ कई बार बलात्कार हुआ। जिसका सदमे से वह अभी भी मुक्त नहीं हो पायी है और उसके अंतर अपनी माँ के प्रति गुस्सा और घृणा भरा हुआ है।किसी ने जब उससे उसकी माँ के वेश्या होने के बारे में पूछा, तो पिंकी ने उस पर आक्रमण कर दिया, जिसके बाद उसे मेंटल हॉस्पिटल भेज दिया गया। संस्था में वापस आने के बाद भी, वह पूरी तरह से इस सदमे से बाहर नहीं निकल पाई। ऐसे परिवेश में पली-बढ़ी होने के कारण उसकी वेशभूषा, चाल-ढाल, हाव-भाव और भाषा सब कुछ उसकी माँ की

[71] अरुण कुमार सिंह-व्यक्तित्व का मनोविज्ञान-पृ.सं.-81

दी हुई परवरिश का प्रतिबिंब थे।धीरे-धीरे उसके भीतर का प्यार, दया और ममता बाहर आने लगे। लेकिन जब उसकी ज़िंदगी के बारे में फाइल में रिपोर्ट लिखने के लिए पूछा गया, तो पिंकी भावुक हो गई, क्योंकि उसके लिए फाइल उसका बीता हुआ अतीत थी, जिसे वह भूलना चाहती थी। "अब कैसे समझाऊ आपको कि जितना नुक्सान मेरी माँ ने मेरा नहीं किया उससे ज्यादा फाइलों के इन खुले जबड़ों ने किया है । निगल ली हैं इसने मेरी साड़ी खुशियाँ । आप इज्जत की डाल पर झूलते लोग क्या कभी सोच भी सकते हैं यह सत्य कि 11 से 14 वर्ष तक मेरा कई बार बलात्कार हुआ, जब तक इन फाइलों में दर्ज रहेंगा ,समझ लीजिये यह मेरे माथे पर दर्ज रहेंगा।"[72] क्योंकि उसके प्रेमी ने उसकी फाइल पढ़कर उसे छोड़ दिया था। इस तरह यौन शोषण की शिकार हुई बच्चियाँ ज़िंदगीभर इस आघात से मुक्त नहीं हो पातीं। हमारे समाज में ऐसे कई लोग मिल जाएँगे, जो मानसिक रूप से इस तरह के सदमे के साथ जी रहे हैं।बचपन में हुई ऐसी घटनाएँ बच्चों के मानसिक विकास में बाधा बन सकती हैं। उनका व्यक्तित्व अंतर्मुखी, असम्बद्ध ,असुरक्षित और समस्याग्रस्त हो सकता है। केरेन होर्नी के व्यक्तिव सिद्धांत के अनुसार ऐसी वातावरण में जीने वाले बच्चों में मूल चिंता हो सकती है। "इसका स्वाभाविक परिणाम ऐसा होता है कि उनमें विद्वेष(hostility) विकसित हो जाती है जिसका कारण वे दूसरों के प्रति आशंकित रहते हैं जो धीरे –धीरे उन्हें दूसरों के प्रति आक्रमक बना देता है। उनमें दोष भाव(guilt feeling) विकसित हो जाता हैं जिसका पहले तो वे दमन कर देते हैं परन्तु बाद में इससे उनमें चिंता(anxiety) विकसित हो जाता है। इस तरह से होर्नी के अनुसार मूल चिंता विकसित होने का कारण एक ऐसा घरेलु वातावरण बतलाया गया है जिसमें माता –पिता एवं बच्चों के संबद्ध में सच्चा प्यार एवं स्नेह की कमी होती है।"[73] हमारे संविधान में बाल अधिकारों की रक्षा के लिए कई प्रावधान हैं और यौन शोषण के खिलाफ सख्त कानून भी मौजूद हैं, लेकिन इसके बावजूद बच्चे हमारे समाज में सुरक्षित नहीं हैं।उसी संस्था का भोला, जो नशीले पदार्थों का आदी था, जब उसे नशा नहीं मिलता, तो डेनड्राइड तक पी लेता था। इस तरह, अनाथ और उपेक्षित बच्चे अक्सर नशे और अपराध की राह पर चल पड़ते हैं।प्रस्तुत कहानी के माध्यम से मधु कांकरिया ने महानगरीय जीवन के विभिन्न परिवेशों में संघर्ष कर रहे बच्चों का चित्रण किया है। पिंकी उन अनगिनत लोगों की प्रतिनिधि है, जो यौन शोषण का शिकार होकर उस सदमे से बाहर निकलने की कोशिश कर रही हैं।

देश की बदलती परिस्थितियों ने लोगों के जीवन मूल्यों और नज़रिए को भी बदल दिया है। बच्चे अब अपने परिवार में भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। बाल विकास और उनकी समस्याओं को समझने तथा उनके समाधान करने का पर्याप्त प्रयास नहीं किया जाता। कैलाश सत्यार्थी लिखते हैं:

---

[72]मधु कांकरिया-चिड़िया ऐसा मरती है-पृ.सं.-11

[73] अरुण कुमार सिंह-व्यक्तित्व का मनोविज्ञान-पृ.सं.-229

"दरअसल, हमारे समाज का ताना-बाना वयस्कों, खासकर मर्दों की सुख-सुविधाओं, ज़रूरतों, रुचियों और अधिकारों को ध्यान में रखकर बना है। इसी के इर्द-गिर्द घूमती है हमारी राजनीति, कानून, पढ़ाई, चिकित्सा और यहाँ तक कि आमदनी और संसाधनों का बंटवारा भी। स्वाभाविक तौर पर न तो हम बच्चों के अधिकारों के बारे में जानना चाहते हैं और न ही उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए पर्याप्त प्रयास करते हैं।"[74] समकालीन कहानीकारों ने विविध परिवेशों में संघर्ष कर रहे बच्चों के व्यक्तित्व विकास, उनकी मानसिकता और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले विभिन्न मुद्दों को प्रस्तुत किया है। मनोविश्लेषणात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए उन्होंने बच्चों के भीतर की विभिन्न भावनाओं और मनोविकारों का चित्रण किया है।आधुनिकीकरण के दौर में आज के बच्चे टेक्नोलॉजी और मीडिया के गुलाम बन चुके हैं। इनमें अशिक्षित ग्रामीण बच्चे, भीख माँगने वाले बच्चे, अनाथ और उपेक्षित बच्चे, बाल मज़दूरी करने वाले बच्चे, शारीरिक शोषण के शिकार बच्चे और नशीले पदार्थों के सेवन के लिए विवश बच्चे शामिल हैं। कई बच्चों का बचपन अकेलेपन और मानसिक तनाव में बीतता है। गरीबी, अशिक्षा और नशे की लत के कारण कई बच्चे बाल मज़दूरी या बाल अपराध की राह पर चल पड़ते हैं। इस प्रकार, समाज की विभिन्न परिस्थितियाँ बच्चों के शारीरिक और मानसिक शोषण का कारण बनती हैं।इस तरह का उपेक्षित बचपन हमारे देश के भविष्य के लिए एक गंभीर चुनौती प्रस्तुत करता है। इस विषय पर देश और समाज को जागरूक होना चाहिए।

[74]कैलाश सत्यार्थ-आज़ाद बचपन की ओर-पृ.सं.-162

पूर्णियाँ की आर्थिक समस्या एक बुनियादी मुद्दा

विनीता कुमारी
शोधार्थी, इतिहास विभाग, पूर्णियाँ विश्वविद्यालय,
ई-मेल - kumarivinitaa@gmail.com

सारांश

ऐतिहासिक धरोहर से परिपूर्ण पूर्णियाँ जिला का गौरव भारत देश के एक अलग परिचय को दृष्टिगोचर करती है। प्राचीन समय में यहाँ की अर्थव्यवस्था काफी सुदृढ़ थी। गुलामी के जंजीरो की जकड़ने के साथ ही हमारे संसाधनों का ह्रास प्रारंभ हो गया था। स्वतंत्रता पश्चात् आर्थिक स्थिति के जर्जरता में सुधार को लेकर कई महत्वपूर्ण योजनाएं क्रियान्वित हुई, जो स्थिति को सुव्यवस्थित करने में अहम बुनियादी कदम साबित हुई है।

पूर्णियाँ की आर्थिक समस्या कई मूलभूत आवश्यकता को पूर्ण ना कर पाने के कारण एक बुनियादी मुद्दा बनता रहा है। आर्थिक समस्या तभी उत्पन्न होता है जब अर्थव्यवस्था का सीमित संसाधन मूलभूत आवश्यकता को पूर्ण ना कर सके। इस समस्या को बुनियादी मुद्दा मानकर कई सरकारी तथा गैर-सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन हुआ है तथा समय-समय पर होता आ रहा है। आर्थिक समस्याओं से जुड़े कुछ अहम मुद्दे गरीबी, बेरोजगारी, आय असमानता, भ्रष्टाचार, कृषि क्षेत्र की चुनौतियाँ, निर्यात संबंधी चुनौतियाँ, प्राद्योगिकी का निम्न स्तर, भू-राजनीतिक तनाव, आर्थिक विकास में मंदी आदि हैं। आर्थिक समस्या के निदान के लिए सीमित तथा दुर्लभ संसाधन के ह्रास को कम करना, संसाधन का वैकल्पिक प्रयोग, 'क्या उत्पादन करना है? उत्पादन कैसे करना है? उत्पादन किसके लिए करें?' जैसे बातों से मानव समाज को अवगत करवा कर जागरूक किया जाना चाहिए।

सूचकांक शब्द: आर्थिक समस्या, अर्थव्यवस्था, आवश्यकता, विकास, उत्पादन व बुनियादी मुद्दा।

पूर्णियाँ जिला के विकास के इतिहास में 'कालापानी' कहे जाने से लेकर 'मिनी दार्जिलिंग' कहे जाने तक के सफर में कई विकासशील परिवर्तन को देखा गया है। पूर्णियाँ में मिश्रित अर्थव्यवस्था की मदद से आर्थिक स्थिति को सुधारा जाना ही मानव कल्याण की राह में एक अहम कार्यगर प्रयास हैं। आर्थिक समस्या का विस्तृत रूप मानव समाज में एक अलगाव पैदा कर पूर्णियाँ को जर्जरता की और आसानी से अग्रसर कर मंदी व अराजकता का एक विकराल रूप धारण कर सकता है।

आर्थिक समस्याओं से जुड़े कुछ मुख्य बुनियादी मुद्दों में गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचारी, अशिक्षा, निर्यात संबंधी चुनौतिया व अजागरूकता आदि शामिल हैं। अर्थशास्त्र में मूलभूत समस्या संसाधनों की कमी के साथ-साथ असीमित इच्छाओं की समस्या भी हैं। असीमित इच्छाओं को शिक्षा तथा जागरूकता के माध्यम से ही सीमित तथा दुर्लभ संसाधनों के ह्रास को बचत की तरफ संरक्षित किया जा सकता है। प्रति व्यक्ति कम आय, कृषि पर व्यापक निर्भरता, बेरोजगारी, अविकसित बुनियादी ढ़ाँचे और आय व धन में विशाल असमानता आदि कारण पूर्णियाँ में आर्थिक समस्या के मुख्य कारण हैं। आर्थिक समस्या को बुनियादी मुद्दा मानकर ही अर्थव्यवस्था को सुव्यवस्थित किया जा सकता है। आजादी से वर्तमान तक स्थिति में बहुत सुधार देखा गया है। आर्थिक समस्या का एकाएक तो नहीं समय के साथ-साथ अंत कुछ हद तक अवश्य ही संभव है।

पूर्णियाँ के लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि हैं। यहाँ के अधिकांश क्षेत्र में जलोढ़ मिट्टी की प्रचुरता के कारण जूट की पैदावार काफी उन्नत किस्म की होती है। पूर्णियाँ की अर्थव्यवस्था को जूट का योगदान काफी सुदृढ़ बनाता है। बनमनखी में चीनी मिल व अन्य लघु उद्योग पूर्णियाँ के लोगों को रोजगार प्रदान कर यहाँ के आधारभूत संरचना को विकसित किया परन्तु चीनी मिल बंद होने से किसानी गन्ना बेचने में असमर्थ हो गये, जिस कारण गन्ना की खेती से जुड़े 25000 किसान की संख्या घटकर 200 से भी कम रह गयी। पूर्णियाँ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 31 से भारत के विभिन्न राज्यों के साथ जुड़े होने के कारण व्यापार क्षेत्र में कुछ सुगमता को देखा गया है। यहाँ की रेलवे नेटवर्क में उन्नति के साथ-साथ आर्थिक क्षेत्र में भी उन्नति हुई है। मखाना का पैदावार भी यहाँ काफी विस्तृत तौड़ पर होती है, जिसका निर्यात अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करती हैं। पूर्णियाँ के अर्थव्यवस्था में कुछ पर्यटक स्थल जैसे- माता पूरण देवी की प्राचीन मंदिर, जलालगढ़ का किला व काझा कोठी का अहम योगदान है। पूर्णियाँ की कृषि क्षमता काफी अच्छी है। यहाँ किसान द्वारा उपयोग की जाने वाली कुल कृषि योग्य भूमि 175728 एकड़ है, जिस पर सालाना 806675 टन विभिन्न फसलें उगाई जाती हैं। 250 साल से बसे मारवाड़ी समाज पूर्णियाँ को व्यापारिक केन्द्र बना दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी की प्रगति यात्रा ने पूर्णियाँ प्रमण्डल के लिए ऐतिहासिक विकासशील योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने 580.87 करोड़ रूपया से अधिक की 62 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अगर दूसरी ओर देखा जाये तो सकल जिला घरेलू उत्पादन के मामले में वर्तमान में पूर्णियाँ का राज्य में 25वाँ स्थान है। जिले में प्रति व्यक्ति सकल जिला घरेलू उत्पाद (जीडीडीपी) 23575 रू० है जो राज्य के औसत 31522 रू० से काफी कम है। यहाँ 56 फीसदी परिवार गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करते हैं। 90 फीसदी ग्रामीण गरीबी का दंश झेल रहे हैं। वित्तीय समावेशन का स्तर 80 फीसदी है।

इन सभी डाटा के आधार पर पूर्णियाँ के आर्थिक स्थिति के स्वरूप को देख सकते हैं।

अध्ययन की आवश्यकता:

किसी भी स्थान की आर्थिक समस्या का समाधान किये बिना वहाँ का विकास असंभव होता है। विकास के सभी क्षेत्र में आर्थिक स्थिति प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से जन समाज को प्रभावित करती ही हैं। पूर्णियाँ के विकास के लिए जन समाज को आर्थिक स्थिति से अवगत करवाकर ही आर्थिक समस्या से जुड़े बुनियादी मुद्दे का निदान संभव है। इस शोध का लक्ष्य पूर्णियाँ जिल के बेहतर भविष्य को प्रज्वलित करने में दिशानिर्देशित करना है।

अध्ययन का मुख्य उद्देश्य:-

1. आर्थिक समस्याओं से संबंधित मुद्दे से परिचित रहना तथा निदान के उपायों की जानकारियों से अवगत रहना।
2. अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के राह में सरकारी तथा गैर-सरकारी गतिविधि द्वारा व्यावसायिक माहौल तैयार करना।
3. अर्थव्यवस्था के सीमित संसाधन तथा मानव की असीमित आवश्यकताओं में अंतर को स्पष्ट करना।
4. निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना।
5. उपभोग और निवेश मांग को बढ़ावा देना चाहिए।
6. नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना।
7. खाद्यान्न तथा अन्य उत्पादन में पूर्णियाँ को आत्मनिर्भर कर प्रत्येक व्यक्ति को अपने दायित्व का बोध करवाना, जिससे एक जागरूक भविष्य का बीजारोपण हो सके।

स्वतंत्रता पूर्व पूर्णियाँ की आर्थिक स्थिति:

पूर्णियाँ की अर्थव्यवस्था ब्रिटिश शासन के दौरान भी मुख्यतः कृषि प्रधान रही थी, यहाँ के ज्यादा लोग गाँवों में निवास करते थे, अपनी आजीविका के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से निर्भर थे। इसके बावजूद भी कृषि विकास में ठहराव और अप्रगति होने का ही अनुभव रहा। भू-राजस्व वसूली के लिए अंग्रेज सरकार द्वारा लायी गई जमींदारी व्यवस्था ने कृषि विकास को एकदम ठप्प सा कर दिया था। इसके अलावा कृषि का वाणिज्यीकरण, निवेश और कल्याणकारी उपायों की उपेक्षा और जानलेवा कर उगाही जैसे कदमों ने भारतीय कृषि का सत्यानाश ही कर दिया। अंग्रेज प्रशासक मेक्स इलेट ने पूर्णियाँ जिले के बड़हरा कोठी प्रखण्ड में किसानों पर दबाव बनाकर वर्ष 1769 में 1400 एकड़ में नील की खेती शुरू करवा कर जमीन की उर्वरकता को नष्ट कर डाला। आज भी वहाँ नील कारखाना के भग्नावशेष देखा जा सकता है। पूर्णियाँ अपनी अनुकूल जलवायु के लिए जाना जाता रहा है इसी कारण यहाँ की कृषि व्यवस्था काफी उत्तम रही हैं। इस सब के बाद भी अंग्रेजों के शासन काल में यहाँ का भरपूर शोषण

ही हुआ। इस काल में पूर्णियाँ की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय रही, कोई खास विकास देखने को नहीं मिला।

स्वतंत्रता पश्चात् पूर्णियाँ की आर्थिक स्थिति:

स्वतंत्रता पश्चात् पूर्णियाँ की आर्थिक स्थिति में काफी अद्भूत बदलाव को देखा जा सकता है। आजादी के बाद कृषि क्षेत्र में चमत्कारी परिवर्तन देखा गया, जिससे अर्थव्यवस्था को काफी सुदृढ़ता मिली। जमींदारी प्रथा को समाप्त कर भूमि सीमा अधिनियम बनाया, जिससे खाद्यान्न उत्पादन के मामले में लोग आत्मनिर्भर बने। आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए उदारीकरण व निजीकरण की अहम भूमिका रही है। स्वतंत्रता के बाद सरकार ने अनुसंधान एवं विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप और इनक्यूबेटरों का समर्थन करने के पूर्णियाँ में नवाचार एवं उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने की ओर कई सकारात्मक कदम उठायी है। जलवायु परिवर्तन और पर्यायवरणीय क्षरण को कम करने के लिए हरित नीतियाँ अपनायी गई, जिससे अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। प्रति व्यक्ति कम आय, विशाल जनसंख्या, कृषि पर व्यापक निर्भरता और बेरोजगारी आर्थिक समस्याओं का मुख्य कारण हैं, जिसके निदान के लिए कई सकारात्मक कार्यों का संपादन किया गया। जिस क्षेत्र में सरकारी तथा गैर-सरकारी योजनाओं का अहम योगदान रहा है।

गुलाबबाग की मंडी बिहार ही नहीं भारत में भी अहम पहचान रखती हैं। यह मंडी पूर्णियाँ के अर्थव्यवस्था की रीढ़ कही जा सकती हैं। यहाँ के पर्यटक स्थल में काझा कोठी, माँ पूरण देवी का मंदिर व जलालगढ़ का किला की भी अहम भूमिका रही है। पूर्णियाँ में एयरपोर्ट बन रहा है, जिसे स्टेट आफ द आर्ट एयरपोर्ट बनाया जाना है। इस विकासरूपी कार्य से पूर्णियाँ के अर्थव्यवस्था को काफी सुदृढ़ता मिल रही है। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तो बेरोजगारी में कमियाँ आयेंगी। पूर्णियाँ के आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए चीनी मिल का पुनः स्थापना करनी होगी। जूट व्यवसाय के क्षेत्र में भी कारखानों तथा कंपनियाँ की स्थापना करनी होगी क्योंकि जूट पूर्णियाँ की मुख्य नकदी फसल हैं। पूर्णियाँ के पास ना संपदा व ना भू-भाग की कमी हैं। यहाँ के विस्तृत भू-भाग पर व्यवस्थित ढंग से जूट, केला व गन्ना आदि की कृषि कर स्थानीय क्षेत्र में ही फैक्ट्रियाँ की स्थापना की जा सकती हैं, जिसके लिये इस क्षेत्र में सरकारी सहयोग की आवश्यकता हैं। स्वतंत्रता पश्चात् आर्थिक स्थिति में कुछ सकारात्मक सुधार आयी हैं।

आर्थिक समस्या एक बुनियादी मुद्दा क्यों?

पूर्णियाँ के विकास के मार्ग में अवरोध का मूल्य कारण आर्थिक समस्या हैं। पूर्णियाँ के विकास के लिए इस समस्या को बुनियादी मुद्दा मानकर ही इस दिशा में कारगर कदम उठा कर सफलता पायी जा सकती हैं। आर्थिक समस्या का मुख्य कारण गरीबी, बेरोजगारी, निर्यात संबंधी चुनौतियाँ, भू-राजनीतिक

तनाव, आर्थिक विकास में मंदी, कृषि क्षेत्र की चुनौतियाँ अवसंरचना घाटा, भ्रष्टाचार, आय असमानता व प्रौद्योगिकी का निम्न स्तर आदि हैं। जिसका असर अर्थव्यवस्था को सीधे प्रभावित कर रहा है।

पूर्णियाँ में जूट उत्पादन एक महत्वपूर्ण उद्योग हैं। इस दिशा में सरकार को निर्यात व्यवस्था सुदृढ़ कर कई कारखानों तथा कंपनियों की स्थापना करनी चाहिए थी। चीनी मिल का भी बंद होने का कारण अव्यवस्थित व्यापार प्रणाली ही थी। किसी भी स्थान के अर्थव्यवस्था को तभी सबल बनाया जा सकता है जब आयात में कमी निर्यात में बढ़ोत्तरी हो। इस दिशा में कल-कारखानों की स्थापना होती तो रोजगार के द्वारा खुलते। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में लगभग 500 अभ्यासरत चिकित्सा पेशेवर हैं, जिस क्षेत्र में कुछ सुधार के साथ ट्रामा सेन्टर, मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल व मेडिकल के जरिये रोजगार प्रदान किये जा सकते हैं। सकल जिला घरेलू उत्पादन में पूर्णियाँ का 25वाँ स्थान राज्य में रहा है, जिससे स्थिति को समझा ही जा सकता है। सम्पूर्ण संसाधन के बावजूद अवसर तथा रोजगार के अभाव में पूर्णियाँ की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है।

आर्थिक क्षेत्र में सरकारी सहयोग:

- पूर्णियाँ में मेडिकल कालेज का निर्माण किया गया है।
- कृषि के व्यापक विकास के लिए सरकार द्वारा साल 2007 में राष्ट्रीय कृषक नीति लाई गयी।
- सिंचाई की समस्याओं को दूर करने के लिए ‘प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना’को व्यापक स्तर पर क्रियान्वित किया जा रहा है।
- कृषि उत्पादों को एक बड़ा बाजार उपलब्ध कराने के लिए इ-नैम व्यवस्था और APMC एक्ट भी लाया गया है।
- एयरपोर्ट की व्यवस्था की जा रही हैं।
- कृषि में जोखिम को कम करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना भी क्रियान्वित किया जा रहा है।
- रेलवे स्टेशन के विकास में कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य संपादित किया गया है।

निष्कर्ष:

पूर्णियाँ की आर्थिक समस्या का समाधान कर जन-समाज में हरियाली लायी जा सकती हैं। आर्थिक समस्या को बुनियादी मुद्दा मानकर इसका समाधान करना चाहिए। आर्थिक समस्या सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था को प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती हैं। अर्थशास्त्र में मूलभूत समस्या संसाधनों की कमी के साथ-साथ असीमित इच्छाओं की समस्या भी हैं। जनकल्याण के लिए जनता को स्वयं जागरूक होना होगा, सरकारी तथा गैर सरकारी मदद इस दिशा में एक पथ निर्देशित करती है, जिस पर

स्वयं चलना है। जनता को जागरूक होकर सीमित तथा दुर्लभ संसाधन के महत्व को समझना होगा। गरीबी उन्मूलन और सतत् आर्थिक और सामाजिक विकास प्राप्त करने के लिए उत्पादक रोजगार के अवसरों का सृजन जरूरी है। भ्रष्टाचार एक अहम मुद्दा है जो पूर्णियाँ ही नहीं देश की भी अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

आर्थिक समस्या के समाधान के लिए 3 बातों को समझना अति आवश्यक है:-

i. क्या उत्पादन किया जाये और कितनी मात्रा में किया जाय?
ii. उत्पादन कैसे किया जाए?
iii. उत्पादन किसके लिए किया जाए?

इन बातों को समझकर एक व्यवस्थित कार्य-प्रणाली का पोर्टफोलियो तैयार किया जाना चाहिए जो अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में काफी मददगार सिद्ध होगी। अनन्तः मानवीय आवश्यकता और सीमित या दुर्लभ संसाधन ही आर्थिक समस्या को जन्म देता है। पहले इनका समाधान करना अति आवश्यक है। आर्थिक समस्या का समाधान गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, निर्यात संबंधी चुनौतियाँ, भू-राजनीतिक तनाव, प्रौद्योगिकी का निम्न स्तर व आय असमानता आदि का निदान करके ही संभव है।

निष्कर्ष:

शोध का मुख्य उद्देश्य पूर्णियाँ के आर्थिक समस्या के स्वरूप से लोगों को अवगत करवाना है, जिस माध्यम से पूर्णियाँ के विकासरूपी पहल से सभी परिचित हो सके।

संदर्भ सूची:

1. Lewis Sydney Steward O'Malley, Bengal District Gazetteers : Purnia, Concept Publishing Company, 2011
2. P. C. Roy Choudhary, Bihar District Gazetteer : Purnia, Superintendent Secretariat Press, Bihar (Patna), 1963
3. District Census Handbook : Purnia, Directorate of Census Operations, Bihar 2011
4. विभिन्न पत्र-पत्रिकाएँ
5. जिला आपदा प्रबंधन योजना, पूर्णियाँ रिपोर्ट – 2022
6. https://navbharattimes.indiatimes.com/state/bihar/purnia/bihar-news-nitish-kumar-pragati-yatra-expectation-of-industrial-revolution-in-purnia-division/articleshow/118537578.cms

ISSN :3049-334X
वर्ष: 02 - अंक: 01 जनवरी - अप्रैल 2025

7. https://www.livehindustan.com/bihar/purnia/story-purnia-ranks-25th-in-terms- of-gddp-in-the-state-9108704.html
8. https://navbharattimes.indiatimes.com/state/bihar/purnia/purnia-news-today- nitish-kumar-inaugurated-development schemes/articleshow/117636913.cms
9. https://www.livehindustan.com/bihar/bhagalpur/story-decline-of-sugarcane- farming-in-purnia-farmers-face-economic-challenges 201740851163776.amp.html

ISSN :3049-334X
वर्ष: 02 - अंक: 01 जनवरी - अप्रैल 2025

कानून व्ययस्था से सम्बंधित सामाजिक मुद्दे : चुनौतियां और संभावनाएं

रंजना बागड़े
शोधार्थी, राजनीति एवं लोक प्रशासन अध्ययन शाला,
महानंदा नगर उज्जैन विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन मध्य प्रदेश
ई-मेल - Contactranjana11@gmail.com

शोध सारांश : -

जब भी हम कानून व्ययस्था से सम्बंधित कोई भी चर्चा करते हैं तब सर्वप्रथम मस्तिष्क में पुलिस आती हैं, जो कि समाज में कानून व्ययस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आपराधिक न्याय प्रणाली के तीनों स्तंभ अर्थात पुलिस, कोर्ट और जेल सामाजिक व्यवस्था को कायम रखने के लिए आवश्यक हैं ऐसा कहा जा सकता हैं कि समाज व्यवस्थाएं इन्ही पर ही टिकी हुई हैं प्रत्येक व्यक्ति ऐसे समाज में रहना चाहता हैं जहा व्यक्ति को उसके पूर्ण अधिकार मिले , उसके अधिकारों का हनन ना हो और उसका किसी प्रकार से शोषण ना हो एवं किसी भी आसामाजिक तत्वों के द्वारा उसे किसी प्रकार से परेशान ना किया जाये , उसे किसी भी बात का भय ना हो।

प्रत्येक व्यक्ति अपराध मुक्त समाज में तथा शांति से रहना चाहता है ,और शांति से जीवन यापन करना करना पसंद करता है। परन्तु इस तरह के अपराध रहित समाज केवल कल्पना मात्रा है ,क्योंकि अपराध ,घटनाये सभी आदिकाल से ही चले आ रहे है। परन्तु पुलिस इस प्रकार के कार्य कर रही है एवं निरन्तर प्रयासरत है और निरन्तर चुनौतियों का सामना कर रही है समाज में एक व्यवस्था तथा एक क्रमिक व्यवस्था व्याप्त करना एक बड़ा कार्य है। जो कि इस तरह के निरन्तर प्रयासों से ही संभव हो पाएगी।

प्रस्तावना :

कानून व्यवस्था अर्थात समाज में कानून व्यवस्था बनाये रखना इसमें सबसे पहले मस्तिष्क में पुलिस आती है समाज में कानून व्यवस्था बनाये रखती है समाज में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिसके बगैर समाज में कानून व्यस्था और एक क्रमबद्ध रूप से समाज का विकास होना और समाज में एक व्यवस्था व्याप्त करना बहुत बड़ा कार्य है।

जो कि पुलिस के प्रयासों के बगैर असंभव सा प्रतीत होता है, जैसे ही कानून व्यवस्था का नाम आता है वैसे ही कानून व्यवस्था का बनाये रखने में पुलिस का योगदान नजर आता है।

यदि पुलिस के प्रयास नहीं होते तो हमारा समाज एक कृमबद्ध तरीके से नहीं चल पाता पुलिस के प्रयासों का ही परिणाम है जो आज हम एक सुदृढ़ समाज में रह रहे है जिसके बिना क्रमिक रूप से व्यवस्थित समाज की कल्पना किया जाना कठिन है।

इसके लिए पुलिस को कई सारी चुनोतियो का सामना करना पड़ता है और उन चुनोतियो के सठह वह कार्य करते हुए आगे बढ़ती है तथा समाज की सुरक्षा में सदैव खड़ी रहती है । इनकी चुनोतियो में कई प्रकार की चुनोतिया हो सकती है जैसे समाज में हो रही घटनाओ जैसे चोरी ,डकैती आदि जैसे मामलो में पुलिस को विशेष प्रकार की चुनोतियो का सामना करना पड़ता है।

कई बार चोरी का भी साक्ष्य या चोर का कोई भी नाम निशान नहीं होता है ऐसे में पुलिस को और अधिक जोर लगाना पड़ता है क्योंकि ऐसी स्तिथि में चोर का पता लगाना जब उसका कोई सुराग ना हो या कोई भी चित्र ना हो या उसका कोई भी पहचान चिन्ह ना हो ऐसी स्तिथि और भी कठिन होती है इस स्तिथि में पुलिस को कई सारी चुनोतियो का सामना करना पड़ता है और अधिक एफर्ड लगाने पड़ते है इसमें और अधिक मेहनत करना पड़ती है।

परन्तु आज नविन टेक्नोलॉजी ने काफी कुछ सरल बनाया है ,आजकल हर जगह CCTV कैमरा होने से बहुत सहायता मिली है जिससे पुलिस को सहायता मिल जाती है किसी भी अपराधी तक पहुंचने में यह और अधिक सरल हो जाता है। किसी अपराधी को पकड़ना ,इसके चलते चोर भी शातिर हुए है वह पहले से CCTV कैमरे की जानकारी रखते है फिर अपराध कारित करते है। चोरी भी टेक्नोलॉजी से प्रभावित हुई है और चोर शातिरता से चोरी करने लगे है।

पुलिस और चुनौतियां :

पुलिस को कई चुनोतियो का सामना करना पड़ता है पुलिस कुछ अपराध कारित होने से पहले ही संदिग्ध अपराधियों को या ऐसे व्यक्तियों जो अपराध कारित कर सकते है अथवा ऐसी गतिविधिया करते दिखाई पड़ते है पुलिस उन्हें पहले से ही गिरफ्तार करती है जिससे की कोई अपराध कारित होने से पहले ही टल जाये या ऐसी कोई घटना होने से पहले ही टल जाये अथवा ऐसी स्तिथि ही उत्पन्न न हो। पुलिस के इन प्रयासों से समाज में अपराधों में काफी हद तक कमी आयी हैं और अपराधों का प्रतिशत कम होता जा रहा है। जिससे एक सुरक्षित समाज का विकास हो रहा है। और समाज अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है। पुलिस के प्रयासों से ही समाज अपने आप को तथा हर व्यक्ति स्वयं को सुरक्षित अनुभव करता

हैं और पुलिस का समाज में कानून व्यवस्था बनाये रखने और समाज को सुरक्षित रखने में बहुत बड़ा योगदान है।

NCRB की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में अपराध की तुलना में 2024 में अपराध में कमी आयी है जिसमे रेप, गैंग रेप, छेड़-छाड़,पॉक्सो अपराध आदि शामिल है।

जिसे निम्न तालिका में इंगित किया गया है। मध्य प्रदेश राज्य में 2023 एवं 2024 में अपराधों को दर्शाया गया हैं।

अपराध	2023	2024
रेप	2583	2319
गैंग रेप	163	132
छेड़-छाड़	2151	1939
पॉक्सो अपराध	2766	2376

इस तालिका के माध्यम से मध्य प्रदेश राज्य में 2023 एवं 2024 में अपराधों की तुलना की गयी हैं जिससे स्पष्ट हैं कि 2023 में अपराधों की तुलना में 2024 में अपराध कम दर्ज हुए हैं इनमे गिरावट आयी हैं ।

यह पुलिस के प्रयासों का ही नतीजा हैं जिसके फलस्वरूप अपराधों में कमी आयी हैं. पुलिस अपने इस प्रकार निरंतर प्रयास से अपरधों को कम करती नजर आयी हैं और एक व्यवस्थित समाज की ओर बढ़ते हुए समाज को सुरक्षित अनुभव कराती रही हैं जिस प्रकार से बलात्कार, सामूहिक बलात्कार छेड़- छाड़ जैसे अपराधों में कमी आयी हैं जो समाज में बहुत अधिक होने वाली घटनाओ में से हैं। पुलिस इस ओर निरंतर प्रयासरत हैं और पॉक्सो एक्ट अपने आप में अलग मुद्दा हैं जो आजकल बहुत ही ज्यादा देखने को मिल रहा हैं। POCSO पॉक्सो एक्ट अर्थात प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेन्स एक्ट हैं जो हिंदी में बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम कहलाता हैं। यह कानून साल 2012 लागू हुआ था जिसका उद्देश्य नाबालिक बच्चो को भावनात्मक या यौन शोषण से बचाना हैं। यह कानून 18 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चो पर लागू होता हैं।

इस कानून के तहत दोषी पाए जाने पर अपराधी को सख्त सजा का प्रावधान हैं। इसमें अपराधियों को आजीवन कारावास जैसी सजा भी हो सकती हैं। इस कानून के तहत पुलिस की कुछ जिम्मेदारियां भी हैं जैसे इस कानून को लागू करना, पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित करना, शिकायत दर्ज करना, पीड़ित या गवाह के बयान दर्ज करवाना ,पीड़ित की मेडिकल जांच करवाना,आरोपी को गिरफ्तार करना,पीड़ित

की सुरक्षा सुनिश्चित करना,अपराध की गहन जांच करना इस तरह से पुलिस की इस कानून में कई जिम्मेदारियां हैं , साथ ही अपराध से जुड़े सभी सबूतों को इक्क्ठा करना आदि इसमें शामिल हैं।

यह पुलिस की इस कानून को लेकर इतनी जिम्मेदारियां होने का अर्थ है कि पुलिस के द्वारा ही इस कानून पर इतने कार्य किये जा रहे है तथा इस तरह से हो रहे अपराधों को कम करने के लिए पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहा है तथा यह कानून व्यवस्था से सम्बंधित सामाजिक मुद्दा है। जिसमे पुलिस को कई तरह कि चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।इन चुनौतियों में पहले अपराध कि गहनता से जाँच करना और पीड़ित एवं गवाह के बयान दर्ज करवाना ,पीड़ित कि मेडिकल जाँच करवाना ,आरोपी कि गिरफ्तारी ,पीड़ित कि सुरक्षा सुनिश्चित करना ,पीड़ितों को न्याय दिलवाना है परन्तु इनमे अपराध कि गहनता से जाँच करना पीड़ित कि सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं पीड़ितों को न्याय दिलवाना सबसे महत्वपूर्ण चुनोतिया है जिससे पीड़ित को न्याय और अपराधी को दंड प्राप्त हो सके।

शोध प्राविधि -

प्रस्तुत शोध पत्र में प्राथमिक एवं द्वितीयक स्त्रोतों के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर उनका अध्ययन एवं विश्लेषण किया गया . प्राथमिक आकड़ो का संकलन इम्पीरिकल आधार पर किया गया तथा द्वितीयक आकड़ो का संकलन विभिन्न शासकीय दस्तावेजों, समाचार पत्रों , जनरल्स आदि के द्वारा विश्लेषण किया गया हैं।

निष्कर्ष -

जब जब चुनौतियां जन्म लेगी समाधान उसके समांतर आयेंगे चुनौतियों को लगातार स्वीकार करते रहिये समाधान स्वयं ही निकलते जायेंगे जिसने भी चुनौतियों का सामना किया है उसने निश्चय ही उसका हल निकला है और उसके हल कि खोज कि है अगर हनोतिया न होंगी तो समाधान निकलकर कैसे आयेंगे निरन्तर प्रयास करते रहिए समाधान अवश्य प्राप्त होगा यहाँ पर इस तथ्य का अर्थ यह है कि पुलिस के अथक प्रयासों से निश्चय ही एक सुव्यवस्थित समाज कि स्थापना होगी और समाज एक सुरक्षित समाज अनुभव करेगा।

सुझाव -

पुलिस जो VIP की ड्यूटी में हैं उनके लिए अलग पुलिस तथा जो अपराधियों को पकड़ने और अपराध की जांच करने के लिए अलग अलग पुलिस की ड्यूटी लगाना चाहिए क्योकि पुलिस के लिए यह सबसे बड़ी चुनौतियां होती हैं कि वह VIP कि ड्यूटी में 24 * 7 खड़े हैं और वही अगर अपराध होता हैं तो वह कैसे मैनेज करे कि अपराधी को पकड़ना भी आवश्यक हैं इसलिए सिर्फ अपराधियों को पकड़ने के लिए एक अलग पुलिस होना चाहिए तथा VIP कि ड्यूटी के लिए अलग पुलिस लगाना चाहिए.

यदि एक ही व्यक्ति से ही यह काम कराये जाते हैं तो उसे मैनेज करने की समस्या आती हैं तथा उसकी कार्य दक्षता में भी अंतर पड़ता हैं और वह दोनों कार्यो को बेहतर ढंग से नहीं कर पाटा हैं इसलिए आवश्यक हैं कि दोनों को पृथक किया जाए एवं पृथक पृथक कार्य के लिए पृथक से ड्यूटी लगायी जाये. जिससे कि वह अपने कार्य सरलता से कर सके और एक ही कार्य के प्रति समर्पित रहे।

संदर्भग्रंथ सूचि -

1. ब्यूरो ऑफ़ पुलिस रिसर्च एवं डेवलॅपमेंट जर्नल्स
2. नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो रिपोर्ट
3. समाचार पत्र (दैनिक भास्कर)
4. पुलिस विज्ञानं जर्नल्स जनवरी - जून 2018
5. पुलिस विज्ञानं जर्नल्स जनवरी - जून 2023

18 वीं लोकसभा चुनाव 2024 के मुद्दे व परिणाम:- एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

बाबूलाल सुंदरियां
शोधार्थी, राजनीति विज्ञान विभाग,जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर, राजस्थान
ईमेलः- babukct1999@gmail.com

बलराम
शोधार्थी, राजनीति विज्ञान विभाग, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर, राजस्थान

सांराश:

2024 के भारतीय लोकसभा चुनाव का परिणाम कई मायनों में अभूतपूर्व था। पहली बार भारतीय आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेतृत्व वाली सरकार तीसरी बार लगातार चुनी गई है। दूसरी ओर, भारत की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को लगातार तीसरी बार हार का सामना करना पड़ा। इस चुनावों में वे कौनसे मुद्दे थे जिनको लेकर भारतीय मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। विशेष रूप से, भाजपा को इस आम चुनाव में कम सीटें प्राप्त होने के पीछे प्रमुख कारक क्या रहे? यह शोध पत्र चुनाव आयोग की विभिन्न रिपोर्ट, समाचार पत्रों, विभिन्न चुनावीं सर्वेक्षणों, शोध पत्रों और सरकारी दस्तावेजों के आधार पर उन कारकों के संयोजन की पहचान करता है जिन्होंने सत्तारूढ़ दल भाजपा को अपने बलबूते बहुमत प्राप्त करने से वंचित किया। साथ ही प्रमुख चुनावी मुद्दों, चुनाव परिणाम और इन चुनाव परिणाम के भारतीय शासन व्यवस्था पर प्रभाव को समझने में मदद करता है। मौजूद अध्ययनों के विपरीत जो यह सिद्ध करते है कि भाजपा और उसके सहयोगी एनडीए गठबंधन को मिले बहुमत के आधार पर भाजपा सरकार की कार्यशैली में कोई अभूतपूर्व परिवर्तन नहीं आएगा। तर्क है कि 2024 के चुनावी परिणामों से सरकार की कार्यशैली में परिवर्तन आएगा।

प्रस्तावना

भारतीय राजनीति में रूचि रखने वाले विद्वान भारत के आम चुनाव के चुनावी नतीजे और भारतीय दलीय व्यवस्था, संघवाद और भारत के विदेश नीति पर इसके प्रभावों की जांच करने में बहुत रूचि रखते हैं। भारतीय आम चुनाव से संबंधित अध्ययनों को मोटे तौर पर तीन अलग-अलग अवधियों में विभाजित किया जा सकता है। पहली अवधि या दौर जिसको चुनावी विश्लेषकों ने भारतीय राजनीति की एक दलीय प्रभुत्व प्रणाली कहा है। उदाहरण के लिए रजनी कोठारी और मोरिस जॉन्स के अध्ययनों

ने 1950 और 1960 के दशक में भारत के राजनीतिक परिदृश्य को कांग्रेस प्रभुत्व के रूप में वर्णित किया है। कुछ विद्वानों ने 1980 के आम चुनाव के चुनाव परिणामों को भारतीय राजनीति में कांग्रेस प्रणाली की वापसी के रूप में इंगित किया है। इस अवधि के दौरान भारत ने मिश्रित अर्थव्यवस्था या विकास की नियोजित प्रणाली अपनाई।

दूसरी अवधि या दौर 1989 के आम चुनाव से शुरू होता है, जब विभिन्न विद्वानों ने कहा कि कांग्रेस प्रणाली का पतन हो गया है। उदहारण के लिए हैविट (1989), पाई (1990) और यादव (1999) के अध्ययनों से यह पता चलता है कि कांग्रेस प्रणाली का पतन हो चुका है।(1) क्योंकि कांग्रेस पार्टी अब भारत के चुनावी राजनीति पर उस तरह हावी नहीं रही जैसा की आजादी के बाद शुरूआती दशकों में थी।(2) 1990 के दशक के बाद के युग में भारतीय दलीय प्रणाली एक दलीय प्रणाली से बहुदलीय प्रणाली में परिवर्तित हो गई। इस अवधि में क्षेत्रीय दलों का उभार व विस्तार हुआ है। इस अवधि के दौरान भारत ने अर्थव्यवस्था का एलपीजी मॉडल अपनाया यानी खुली अर्थव्यवस्था।

तीसरी और नवीनतम अवधि की पहचान 2014 के आम चुनाव से मानी जा सकती है। 2014 के आम चुनाव के बाद बहुत से विद्वानों का मानना है कि भाजपा प्रभुत्व वाली प्रणाली अभी तक नहीं आई है लेकिन दूसरी ओर सरकार जिस सक्षमता और दृढ़ता से अपने निर्णय लागू कर रही है उससे लगता है कि भारत में एक दलीय प्रणाली की फिर से वापसी हुई है। इस विद्वत्तापूर्ण प्रवृति को जारी रखते हुए यह शोध पत्र 2024 के आम चुनावों के मुद्दों और परिणाम का भारत की राजनीतिक प्रणाली पर इसके प्रभाव की जांच करता है। 2024 के भारतीय आम चुनाव अप्रैल से जून के बीच सात चरणों में सम्पन्न किए गए। इस चुनाव का परिणाम ऐतिहासिक था, क्योंकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। भाजपा ने कुल 240 लोकसभा सीटें जीती तथा एनडीए गठबधंन ने 294 सीटें जीती।(3) इस बार भाजपा अपने अकेले दम पर बहुमत का आंकड़ा पार नहीं कर पाई दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी को तीसरी बार हार का सामना करना पड़ा।

18 वीं लोकसभा चुनाव के मुद्देः-

विकसित भारत 2047:- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 03 मार्च 2024 को मंत्री परिषद की बैठक हुई जिसमें विकसित भारत 2047 पर विचार विमर्श हुआ। इससे पहले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 11 दिसंबर 2023 को वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से 'विकसित भारत 2047 लोगों की आवाज' कार्यक्रम का शुभारंभ किया।(4) बताया जाता है कि विकसित भारत का रोडमेप 02 साल की तैयारी से बना है। इसमें 20 लाख युवाओं के सुझाव भी लिए गए।(5) विकसित भारत के लक्ष्यों में आर्थिक विकास, सतत् विकास लक्ष्य, जीवन को आसान बनाना, व्यापार करने में आसानी, समाज कल्याण जैसे विषय शामिल है। अपनी 10 मार्च की आजमगढ़ उत्तर प्रदेश जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा

कि 'मैं देश को विकसित बनाने के लिए दौड़ रहा हूँ।'(6) भाजपा ने अपनी चुनावी अभियानों में व सोशल मीडिया के माध्यम से विकसित भारत का खूब प्रचार प्रसार किया। इसमें आम लोगों के खुशहाली का वादा किया गया।

जातीय जनगणना:- 18 जुलाई 2023 को जब विपक्षी दलों ने मिलकर इंडिया ब्लॉक का निर्माण किया तो उन्होंने साझा बयान जारी करते हुए जातिगत जनगणना कराने की मांग की। राहुल गांधी ने अपनी 07 मार्च की बांसवाड़ा रैली में कहा कि देश में 90 फीसदी आबादी दलित, आदिवासी पिछडा वर्ग व अल्पसंख्यकों की है, पर उन्हें भागीदारी नहीं मिल पा रही है।(7)

मणिपुर हिंसा:- 04 मई को वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर मेरीकॉम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्विट करते हुए लिखा 'मेरा राज्य जल रहा हैं।'(8) मणिपुर में 03 मई 2023 को हिंसा फैल गई इसका कारण हाईकोर्ट द्वारा मैतई समुदाय को आरक्षण देने का आदेश था।

चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल:- विपक्ष लगातार चुनाव आयोग की भूमिका पर आरोप लगाता रहा। राजदीप सरदेसाई ने अपने लेख में 'क्या चुनाव में सभी पार्टियों के लिए समान अवसर है?' में लिखा कि चुनावी हिंसा का कोई इतिहास नहीं होने के बावजूद महाराष्ट्र में पांच चरणों में मतदान क्यों हो रहा है? क्या यह प्रधानमंत्री को भाजपा के स्टार प्रचारक के रूप में हर चरण में प्रचार का अवसर देने के लिए है?(9)

बेरोजगारी- रोजगार इस चुनाव में एक बड़ा मुद्दा रहा। जहां सत्ता पक्ष ने अपनी उपलब्धियों में रोजगार को गिनाया, वही विपक्ष ने बेरोजगारी को लेकर सरकार की आलोचना की। डेरेक ओ ब्रायन ने अपने लेख में लिखा की भाजपा ने 2014 के घोषणा-पत्र में 25 करोड़ नौकरियां निर्मित करने का वादा किया था। 2023 में केन्द्र सरकार ने माना कि 2014 के बाद से केवल 1.2 करोड नौकरियां निर्मित हुई।(10) सीएसडीएस के सर्वे में 62 प्रतिशत लोगों का मानना है कि पहले की तुलना में अब नौकरी पाना कठिन हो गया था।(11)

सीएए का मुद्दा:- लोकसभा चुनाव से ठीक पहले केन्द्र सरकार ने 11 मार्च को नागरिकता संशोधन नियम 2024 की अधिसूचना जारी कर दी। इसके तहत 03 पड़ोसी देशों (पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान) से आए हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी, और ईसाई समुदाय के शरणार्थियों को देश की नागरिकता देने का रास्ता साफ हो गया। इसका असर देश की तीन से चार करोड़ आबादी पर होगा।(12) सीएए का पश्चिम बंगाल, केरल, त्रिपुरा, मेघालय व असम जैसे राज्यों में विरोध हुआ।

इलेक्टोरल बॉन्ड्स- लोकसभा चुनाव से ठीक पहले सुप्रीम कोर्ट ने अपने फसलें में 2018 में लाई गई इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना को असंवैधानिक बताते हुए तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया। जस्टिस संजीव

खन्ना ने अपने 74 पेज के फैसले में कहा कि गुप्त चंदा दानदाता और पार्टी के बीच मनी लॉन्ड्रिंग की तरह है।(13) 15 मार्च को चुनाव आयोग ने चंदा देने वालों की लिस्ट जारी की, जिसमें सबसे ज्यादा चंदा 6060 करोड़ भाजपा को मिला, तृणमूल कांग्रेस को 1609 करोड, कांग्रेस को 1421 करोड का चंदा मिला। सबसे ज्यादा चंदा फ्यूचर गेमिंग ने 1368 करोड का चंदा दिया। उसके बाद मेगा इंजीनियर 980 करोड का था।(14)

धारा 370:- सीएसडीएस के एक सर्वे में 50 प्रतिशत मतदाताओं ने 370 के मुद्दे पर सरकार का समर्थन किया।(15) भाजपा सरकार ने अपने चुनावी अभियानों व सोशल मीडिया पर धारा 370 को हटाना अपनी उपलब्धि बताया।

एक देश एक चुनावः- सितंबर 2023 में भाजपा सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक देश एक चुनाव कमेटी की घोषणा की। कमेटी में कुल 08 सदस्य थे। पंचायत से संसद तक एक साथ या चरणों में चुनाव का संभावित रास्ता निकालना कमेटी का मुख्य कार्य था। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट 14 मार्च 2024 को राष्ट्रपति को सौंपी। कमेटी ने लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश की। कमेटी ने 21,558 आम लोगों की राय ली, जिसमें 80 प्रतिशत एक साथ चुनाव करवाने के पक्ष में थे। 18626 पेज की रिपोर्ट तैयार करने में 191 दिनों का समय लगा। इस बीच कमेटी ने 65 बैठके की। इसको लागू करने के लिए करीब 18 संवैधानिक संशोधन करने होंगे। राय लिए गए 47 राजनीतिक दलों में से 32 दल एक साथ चुनाव करवाने के पक्ष में थे।(16)

महंगाईः- चुनाव के दौरान सीएसडीएस द्वारा करवाएं गए सर्वे में 70.70 प्रतिशत लोगों ने माना कि पिछले 05 वर्षों के दौरान महंगाई बढ़ी है।(17) चुनाव के दौरान बेरोजगारी के बाद सरकार को परेशान करने वाला मुद्दा महंगाई था।

राष्ट्रीय सुरक्षा:- चुनाव के दौरान नरेन्द्र मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा आज दुनिया में युद्ध के बादल छाए हैं, ऐसे में भारत में युद्ध स्तर पर काम करने वाली सरकार जरूरी हैं, ऐसा पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार ही कर सकती है।(18) 2019 का चुनाव हिन्दुत्व व राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर लड़ा गया था। इस बार जहां विपक्ष ने सत्तारूढ़ दल को पड़ोसी देशों से संबंध बिगड़ने पर घेरा। वहीं भाजपा ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर अपना आक्रामक रवैया अपनाया।

ईडी, सीबीआई जैसे संस्थानों की कार्यशैली व पारदर्शिता पर सवालः- सीबीआई द्वारा चुनाव से कुछ दिन पूर्व नेताओं की गिरफ्तारी पर यूएन ने कहा उम्मीद है भारत में सबके अधिकार सुरक्षित रहेंगे। आरती जेरथ ने अपने लेख ‘चुनाव ना केवल निष्पक्ष हो बल्कि निष्पक्ष दिखाई भी दे‘ में लिखा की

अमेरिका, जर्मनी व सयुंक्त राष्ट्र महासचिव कार्यालय ने भी भारतीय चुनाव प्रक्रिया में संस्थाओं की भूमिका पर सवाल खड़े किए है।(19) विपक्ष लगातार ईडी, सीबीआई की कार्यशैली पर हमलावर रहा।

18 वीं लोकसभा चुनाव 2024 का परिणामः-

2024 के आम चुनाव का परिणाम अभूतपूर्व था। इतिहास में पहली बार भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबन्धन तीसरी बार सत्ता में आया। दूसरी ओर कांग्रेस 90 सीट के साथ मुख्य विपक्षी दल बनकर उभरा। एनडीए गठबन्धन को 293 लोकसभा सीटों पर विजय मिली जबकि इंडिया गठबन्धन को 234 सीटों पर विजय मिली।(20) इस चुनाव में भाजपा को 36.56 प्रतिशत मत मिले जबकि कांग्रेस को 21.19 प्रतिशत मत मिले। भाजपा ने अकेले दम पर 240 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की जो कि भाजपा के पिछले लोकसभा चुनाव में प्राप्त 303 सीटों से बहुत कम रही।(21)

जनसत्ता अखबार में छपी खबर के अनुसार नतीजा पूर्व सर्वेक्षण में एनडीए को औसतन 365 व इंडिया गठबंधन को 146 सीट का अनुमान था।(22) दैनिक भास्कर ने अपने 30 जुलाई 2024 की पत्रिका में एडीआर की रिपोर्ट का संदर्भ देते हुए लिखा कि लोकसभा की 362 सीटों पर 5.54 लाख वोट कम और 176 सीटों पर 35 हजार वोट ज्यादा गिने गए। एडीआर के संस्थापक जगदीप छोकर ने कहा कि अंतिम मतदान डाटा जारी करने में देरी, पूर्ण संख्या में अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्र और मतदान के आंकड़े न देना और अंतिम डेटा के आधार पर चुनाव परिणाम घोषित किए गए थे या नहीं इन सभी ने चुनावी परिणाम के सत्यता के बारे में चिंता और सार्वजनिक संदेह पैदा किया है।(23)

भाजपा की उत्तरप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, बिहार, बंगाल व महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों में सीटें कम हुई है। लोकसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा का वोट शेयर देखे तो सबसे ज्यादा 9.23 प्रतिशत की गिरावट राजस्थान में आई। उत्तरप्रदेश 8.18 प्रतिशत की कमी के साथ दूसरे स्थान पर रहा। वहीं, सबसे ज्यादा 12 सीटें (8 से 20 हुई) ओड़िशा में बढ़ी। वोट शेयर भी 7 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा। अगर आम चुनाव 2024 के परिणामों की तुलना 2019 के आम चुनाव से की जाए तो निम्नलिखित निष्कर्ष हमारे सामने आते हैं- 2024 के आम चुनाव में 65.79 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यह 2019 के आम चुनाव के मुकाबलें 1.61 प्रतिशत कम रहा। 2019 के आम चुनाव में मतदान 67.40 प्रतिशत था।(24) 2019 के आम चुनाव में भाजपा को 303 सीटें मिली जो इस बार घटकर 240 सीट हो गई। कांग्रेस को 2019 के मुकाबलें 47 सीटों की बढ़ोतरी हुई।

इस चुनाव में ऐसा क्या हुआ जो भाजपा 400 पार का नारे लगा रही थी, महज 240 सीटों पर ही रूक गई। इसके पीछे निम्न कारण रहे–

1. इस बार के चुनाव में स्थानीय मुद्दे हावी रहे, जिससे क्षेत्रीय दल मजबूत हुए।

2. हर चरण में भाजपा नैरेटिव बदलती रही जिसका उसे नुकसान हुआ।
3. भाजपा पार्टी सिर्फ मोदी के भरोसे बहुमत पाने पर निर्भर रह गई। खुद मोदी कई बार यह कह चुके थे कि सिर्फ मेरे भरोसे न रहे।
4. स्थानीय नेताओं से जनसम्पर्क नहीं किया। टारगेट पर कांग्रेस को रखा, उसी पर हमला करती रही, जबकि असली मुकाबला स्थानीय दलों के साथ था। उत्तरप्रदेश में अगड़ों की नाराजगी ओर महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी को तोड़ना भाजपा के खिलाफ गया।
5. किसानों की नाराजगी दूर नहीं कर पाए, जिससे यूपी, हरियाणा व पंजाब में बड़ा नुकसान हुआ। कई स्थानों पर पार्टी ने प्रत्याशी चुनने में चूक कर दी।
6. आरक्षण की काट नहीं ढूंढ पाने के कारण अनुसूचित जाति की व अनुसूचित जनजाति की सीटों का नुकसान हुआ।(25)

निष्कर्षः-

लोकसभा चुनाव के नतीजे पर फ्रांस की पत्रिका ले मांड ने लिखा कि ''पीएम मोदी को इस बार चेतावनी के साथ जनादेश मिला है। मोदी ने जनता से भाजपा के लिए 370 और एनडीए के लिए 400 सीट की मांग की थी। मोदी ने 200 से ज्यादा रैलियां की इसके बावजूद उनका जादू नहीं चला।'' वहीं बीबीसी ने अपनी खबर में कहा कि ''यह जनादेश कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबन्धन के लिए आश्चर्य जनक पुनरूत्थान का प्रतीक है।''(26) जब भारतीय जनता पार्टी ने तीसरी बार मंत्रिपरिषद का गठन किया, मंत्री परिषद में ज्यादातर चेहरे पुराने ही थे, तो बहुत सारे चुनावी विश्लेषकों ने कहा था कि सरकार उसी तरीके से काम करेगी जैसे उसने पहले दो कार्यकालों में किया है। अब जबकि सरकार को गठित हुए तकरीबन 8 महीने का समय हो गया है, विपक्ष भी पहले से कहीं ज्यादा मजबूत और एक साथ नजर आ रहा है, एनडीए गठबन्धन में शामिल दलों का मत भी कहीं मुद्दों पर सरकार से अलग है।

आज भारत के समुख बहुत सारी आंतरिक समस्याएं है, जैसे मणिपुर में हालात गंभीर है, भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले तेजी से गिर रहा है , भारत का आयत और निर्यात संतुलन भी बिगड़ता जा रहा है ,भारतीय शेयर बाजार बहुत तेजी के साथ गिर रहा है। दूसरी तरफ चीन लगातार भारत की सीमा पर घुसपैठ करने की कोशिश कर रहा है। भारत के पड़ोसी देशों की शासन व्यवस्थाएं अस्थिर है। अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर दबाव डाला है कि वह आयत शुल्कों में कमी करें जिसके चलते भारतीय जनता पार्टी सरकार के सामने बहुत सी चुनौतियां हैं। ऐसे में सरकार की कार्य शैली का प्रभावित होना निश्चित है।

इस बार के चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी की मांग जैसे मुद्दों ने चुनाव को आकार दिया। भाजपा लगातार 18 वें आम चुनाव के बाद राज्य स्तर के चुनाव में विजय प्राप्त करते

जा रही है, जिससे सरकार की स्थिति मजबूत हुई है। अस्थिर पड़ोस ,आर्थिक वैश्विक अर्थव्यवस्था में गिरावट भारत की मौजूदा सरकार के सामने चुनौती पैदा करेगी।

सन्दर्भ:-

1. Kumar, R. (2020). An Analysis of the 2019 Indian General Election: Transition in Political Landscape and Its Implications. Asia Review, 9(2), p.132,133. https://doi.org/https://doi.org/10.24987/SNUACAR.2020.02.9.2.131
2. Kumar, R. (2020). An Analysis of the 2019 Indian General Election: Transition in Political Landscape and Its Implications. Asia Review, 9(2).p. 132,133.https://doi.org/https://doi.org/10.24987/SNUACAR.2020.02.9.2.131
3. Jaldi, A. S. (2024). Retrospective Analysis of the 2024 Indian Elections: BJP Wins the General Elections Against the Strengthening Opposition of the INDIA Bloc. Policy Center for the new south p.4. Retrieved from https://www.policycenter.ma/publications/retrospective-analysis-2024-indian-elections-bjp-wins-general-elections-against
4. PM Modi brainstorms over Vision 2047 with ministerial council, sets 100-day agenda for third term in office (Internet). (2024 March 3). The Hindu Bureau. Retrieved from https://www.thehindu.com/news/national/prime-minister-narendra-modi-chairs-Council-of-ministers-meeting-in-new-delhi-on-march-3-2024/article67910572.ece
5. 100 दिन के एजेंडा पर मंथन, मोदी बोले जीत के बाद हम फिर मिलेंगे, (2024, सितंबर 4), दैनिक भास्कर, नई दिल्ली संस्करण
6. भारत को विकसित बनाने के लिए दौड़ रहा हूँ, (2024 मार्च 11), दैनिक भास्कर, नई दिल्ली संस्करण
7. (2024 मार्च 8), दैनिक भास्कर, नई दिल्ली संस्करण
8. My state Manipur is burning: Mary Kom appeals for help amid (Internet). (2024 May 4). The Economic Times. Retrieved 2024 May 4

https://m.economictimes.com/news/india/my-state-manipur-is-burning-mary-kom-appeals-for-help-amid-violence/articleshow/99977773.cms

9. सरदेसाई, (2024 मार्च 21), क्या चुनाव में सभी पार्टियों के लिए समान अवसर हैं? दैनिक भास्कर, नई दिल्ली संस्करण
10. ब्रायन, (2024 मार्च 29), इन गारंटियों की वारंटी आप खुद ही तय करें, दैनिक भास्कर, नई दिल्ली संस्करण
11. Lokniti-Centre for the Study of Developing Society (CSDS). (2024). Social and Political Barometer Pre poll Study 2024-Survey Findings. 3.Retrieved from https://www.lokniti.org/media/PDF Upload/1718270418_74355000_download_report.pdf
12. The Government of India. (2024 March 11). The Gazette Of India, New Delhi. Retrieved from https://indiancitizenshiponline.nic.in/Documents/UserGuide/E_gazette_11032024.Pdf
13. ASSOCIATION FOR DEMOCRATIC REFORMS AND ANOTHER,WRIT PETITION (CIVIL) NO. 880 OF 2017. (2024 February). Retrieved 2024 September 11https://www.scobserver.in/wpContent/uploads/2021/10/Justice-Sanjiv-Khanna-Concurring-Opinion-Electoral-Bonds-judgement.pdf
14. नेताओं के चन्दा मामा, (2024 मार्च 15), दैनिक भास्कर, नई दिल्ली संस्करण
15. Lokniti-Centre for the Study of Developing Society (CSDS). (2024). Social and Political Barometer Pre poll Study 2024-Survey Findings. P.8
16. Ministry Law and Justice. (2024 March 14). High level Committee submits its report on One Nation, One Election- Simultaneous Elections core to Aspirational India. Retrieved from https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=2014497
17. Lokniti-Centre for the Study of Developing Society (CSDS). (2024). Social and Political Barometer Pre poll Study 2024-Survey Findings. P.8. Retrieved https://www.lokniti.org/media/PDF-upload/1718270418_74355000_download_report.pdf

18. (2024 अप्रैल 20), दैनिक भास्कर, नई दिल्ली संस्करण

19. जेरथ, (2024 अप्रैल 2), चुनाव न केवल निष्पक्ष हो बल्कि निष्पक्ष दिखाई भी दें, दैनिक भास्कर, नई दिल्ली संस्करण

20. Maiorano, D. (2024). India’s 2024 Elections: Has Democratic Backsliding Come to a Halt? IaIistituto Affari Internazionali (2532–6570), p. 2,3. Retrieved from https://www.iai.it/en/pubblicazioni/indias-2024-elections-has-democratic-backsliding-come-halt

21. Election Commission Of India. (2024). General Election to Parliamentary Constituencies: Trends & Results June. Retrieved from https://results.eci.gov.in/PcResultGenJune2024/index.htm

22. राजग को बहुमत, इंडिया शाइनिंग, (2020 जून 5), जनसत्ता, नई दिल्ली संस्करण

23. 538 सीटों पर कुल पड़े वोटों और गिने गए वोटों की संख्या अलगः एडीआर, (2024 जुलाई 30), दैनिक भास्कर, नई दिल्ली संस्करण

24. Maiorano, D. (2024). India’s 2024 Elections: Has Democratic Backsliding Come to a Halt? IaIistituto Affari Internazionali(2532–6570), p. 2,3. Retrieved from https://www.iai.it/en/pubblicazioni/indias-2024-elections-has-democratic-backsliding-come-halt

25. सरकार एनडीए की, चमत्कार इंडिया का, (2024 जून 5), दैनिक भास्कर, नई दिल्ली संस्करण

26. हमारे नतीजों पर देश-दुनिया का रिएक्शन, (2024 जून 5), दैनिक भास्कर, नई दिल्ली संस्करण

ISSN :3049-334X
वर्ष: 02 - अंक: 01 जनवरी - अप्रैल 2025

महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित सामाजिक मुद्दे: चुनौतियां और संभावनाएं

स्वाति कुमारी
(Research Scholar) Pol. Science, J.D. Womens College, Patna)
Department of Political Science
Patliputra University, Patna.
Mail Id- swatibasant31@gmail.com

प्रो.पूनम कुमारी
(HOD Pol. Science, J.D. Womens College, Patna)
Department of Political Science
Patliputra University, Patna.
Mail Id- swatibasant31@gmail.com

सारांश:
महिलाएं और पुरुष किसी भी समाज का समान हिस्सा हैं, प्रत्येक योजना में उनकी समान हिस्सेदारी और अधिकार होनी चाहिए| लेकिन वास्तविकता यह है कि महिलाओं को परिवार और समाज में उनका वास्तविक स्थान नहीं मिल रहा है। महिला सुरक्षा से संबंधित बहुत सारे सामाजिक मुद्दे हैं: जैसे महिलाओं के खिलाफ हिंसा, बलात्कार, यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और एसिड हमले, मानव तस्करी, दहेज, असमान वेतन, प्रतिबंधित स्वतंत्रता, लिंग भेदभाव, रूढ़िवादी सोच, पितृसत्ता | आज भी महिलाएं सामाजिक स्तर पर अपनी पहचान को लेकर असुरक्षा की भावना से जूझ रही हैं|

इसमें कोई संदेह नहीं है कि सरकार समय-समय पर महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और उत्थान के लिए समाज में कई योजनाएं बना रही है और उन्हें लागू कर रही है। सरकार ने इन मुद्दों से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं। उदाहरण के लिए निर्भया फंड की स्थापना, यौन अपराधों के लिए जां ट्रैकिंग प्रणाली, यौन अपराधियों पर राष्ट्रीय डेटाबेस, साइबर अपराध पोर्टल, वन स्टॉप सेंटर की स्थापना, महिला हेल्पलाइन की स्थापना, लेकिन जमीनी स्तर पर यह समाज में महिलाओं की जागरूकता की कमी के कारण अधिक प्रभावी नहीं है। इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सबसे पहले हमें सभी स्तरों पर महिलाओं की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। और नीचे दिए गए कुछ तरीके हमारे समाज में महिला सुरक्षा को बढ़ाने के लिए उपयोगी हो सकते हैं।

पाठ्यपुस्तकों और स्कूली पाठ्यक्रम में महिलाओं के प्रति सम्मान सिखाया जाना चाहिए। समाज की बदलती जरूरतों के अनुसार प्रगतिशील नीतियां बनाई जानी चाहिए। प्रभावी कानून बनाए जाने चाहिए

और उनका उचित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। पितृसत्तात्मक सोच और लैंगिक भेदभाव जैसी रूढ़ीवादी धारणाओं को बदला जाना चाहिए।

इसलिए महिला सुरक्षा हमारे समाज का सबसे अभिन्न अंग है, और समाज में पुरुष आबादी का योगदान भी आवश्यक है, क्योंकि जब पुरुष महिलाओं की उपस्थिति का सम्मान करेंगे तो महिलाओं का जीवन स्तर उन्नत होगा। और वे अधिक सुरक्षित महसूस करेंगे |

प्रस्तावना:-

निजी और सार्वजनिक दोनों जगहों पर महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा संबंधी चिंताएँ ऐसे मुद्दे हैं जो लिंग, वर्ग, जाति, आयु, विकलांगता, यौन अभिविन्यास और धर्म के अंतरसंबंधों से प्रभावित होते हैं। ये चिंताएँ घरों, बाज़ारों, सड़कों, परिवहन, कार्यस्थलों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य सहित विभिन्न सेटिंग्स में प्रकट होती हैं। वे पितृसत्तात्मक मानदंडों और मूल्यों द्वारा कायम रहते हैं जो पुरुषों और महिलाओं दोनों के व्यवहार और दृष्टिकोण को आकार देते हैं।

हालाँकि भारत में महिलाओं के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करने की परंपरा है, फिर भी यहाँ पितृसत्ता की मजबूत उपस्थिति है, जो लिंग आधारित हिंसा को जन्म देती है। भारत, जिसकी आबादी दुनिया की कुल आबादी का लगभग 18% है, एक समरूप समाज नहीं है, बल्कि एक पूरी तरह से विविधतापूर्ण समाज है, जो भारत में महिला सुरक्षा के इस मुद्दे को संबोधित करने में और अधिक चुनौतियाँ पैदा करता है। इनमें से कुछ चुनौतियाँ निम्नलिखित हैं:

शिक्षा और जागरूकता की कमी : बहुत सी महिलाएँ अपने कानूनी अधिकारों और सुरक्षा उपायों से अनजान हैं। उदाहरण के लिए, उन्हें नहीं पता कि अगर उन्हें परेशान किया जा रहा है तो वे कहाँ शिकायत कर सकती हैं या किस हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें। जब महिलाएँ शिक्षित नहीं होती हैं, तो वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र नहीं हो पाती हैं। ऐसे में उन्हें अक्सर उत्पीड़न सहना पड़ता है क्योंकि उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं होता। इसलिए महिला शिक्षा उनके सशक्तिकरण और सुरक्षा के लिए सबसे महत्वपूर्ण साधन है

पितृसत्तात्मक सामाजिक मानदंड: भारत एक ऐसा देश है जहाँ देवियों की पूजा की जाती है, फिर भी यहाँ पितृसत्तात्मक मूल्य गहराई से समाए हुए हैं जो महिलाओं को अधीनस्थ मानते हैं, जिससे हिंसा की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। उदाहरण के लिए, ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं को परिवार और समाज के लिए प्रमुख श्रम कार्य पूरा करने वाली माना जाता है। कई कार्यों में मुख्य रूप से हरियाणा, पंजाब, यूपी, बिहार, उत्तर पूर्व, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल में महिलाओं को परिवार के लिए मुख्य कार्य शक्ति के रूप में माना जाता है।

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न: विशाखा निर्णय और भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के बावजूद, यौन उत्पीड़न अभी भी प्रचलित है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो मलयालम सिनेमा जैसे उद्योगों में महत्वपूर्ण मुद्दों सहित कार्यस्थल पर उत्पीड़न के 400 से अधिक वार्षिक मामलों की रिपोर्ट करता है, जो गंभीर लिंग-आधारित भेदभाव, हिंसा और अपर्याप्त सुरक्षा को उजागर करता है।

सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा की कमी: असुरक्षित और खराब रोशनी वाले सार्वजनिक स्थान महिलाओं की भेद्यता को बढ़ाते हैं। 2012 में कुख्यात निर्भया कांड ने अपर्याप्त सार्वजनिक सुरक्षा उपायों के खतरों को उजागर किया। हाल ही में कोलकाता बलात्कार मामले ने कार्यालयों, अस्पतालों आदि में महिलाओं की सुरक्षा के बारे में कुछ प्रमुख चिंताओं को भी उजागर किया है, जिन्हें आम तौर पर महिलाओं के लिए सुरक्षित माना जाता है। पर्याप्त बुनियादी ढांचे की कमी: कार्यात्मक पुलिस स्टेशन, विशेष रूप से महिला पुलिस स्टेशन और फोरेंसिक प्रयोगशालाओं जैसे आवश्यक बुनियादी ढांचे की महत्वपूर्ण कमी है, जो अपराध जांच को प्रभावित करती है। न्याय में देरी: जटिल कानून, कमजोर कानून प्रवर्तन, अक्षम जांच एजेंसियां न्याय में बाधा डालती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों से पता चलता है कि बलात्कार के मामलों में सजा की दर बेहद कम है, जो 2018 से 2022 तक 27 से 28% के बीच है।

हाल ही में, सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया है कि घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पति का भाई भी पीड़ित महिला को भरण-पोषण देने के लिए उत्तरदायी है, यदि वह कभी भी उस घर में रहा हो जिसमें महिला संयुक्त परिवार के सदस्य के रूप में रह रही हो।

भारत में महिला सुरक्षा से संबंधित कानून

अनेक न्यायिक घोषणाओं, अनौपचारिक और औपचारिक समूहों जैसे कि दबाव समूहों, नागरिक समाज संगठनों (सीएसओ), गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के दबाव के साथ, भारत में महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाए गए हैं। भारत में महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित कानूनी प्रावधान हैं:

कर्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013: यह कानून विशाखा दिशा-निर्देशों पर आधारित है, जो 10 से अधिक कर्मचारियों वाले संगठनों के लिए एक आंतरिक शिकायत समिति (ICC) के गठन का निर्देश देता है। यह यौन उत्पीड़न को भी परिभाषित करता है और शिकायत प्रक्रियाओं की रूपरेखा तैयार करता है।

निर्भया अधिनियम या आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013: कुख्यात निर्भया सामूहिक बलात्कार मामले के बाद लागू किए गए इस कानून में **2018** में संशोधन किया गया और बारह वर्ष से कम उम्र की लड़कियों के साथ बलात्कार के लिए कठोर दंड का प्रावधान किया गया और फास्ट ट्रैक कोर्ट **(FTC)** के माध्यम से तेजी से जांच और त्वरित सुनवाई का प्रावधान किया गया।

यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (POCSO), 2012: यह अधिनियम बच्चों और नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों से निपटता है। इसमें अपराधियों के लिए कड़ी सज़ा और त्वरित सुनवाई के लिए अलग से फास्ट ट्रैक कोर्ट (FTC) का प्रावधान है।

बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006: यह अधिनियम सुनिश्चित करता है कि नाबालिगों को बाल विवाह की बुराइयों से बचाया जाए।

घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005: यह अधिनियम निर्देशात्मक होने के साथ-साथ वर्णनात्मक भी है, क्योंकि यह न केवल घरेलू हिंसा की व्यापक परिभाषा प्रदान करता है, बल्कि घर के भीतर दुर्व्यवहार के लिए नागरिक उपचार भी प्रदान करता है।

महिलाओं का अभद्र चित्रण (निषेध) अधिनियम, 1986: यह अधिनियम सोशल मीडिया और प्रकाशनों सहित डिजिटल और प्रिंट मीडिया में महिलाओं के अभद्र चित्रण को प्रतिबंधित करता है।

अनैतिक तस्करी (रोकथाम) अधिनियम (आईटीपी), 1956: यह अधिनियम महिलाओं के व्यावसायीकरण और तस्करी को रोकता है, वेश्यालयों और वेश्यावृत्ति पर प्रतिबंध लगाता है, जबकि वेश्यावृत्ति को विनियमित करता है।

सरकारी पहल:

'निर्भया फंड': सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षा बढ़ाने वाली परियोजनाओं का समर्थन करने के लिए 'निर्भया फंड' की स्थापना की है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस फंड के तहत वित्तपोषण के लिए प्रस्तावों और योजनाओं की समीक्षा और सिफारिश करने के लिए नोडल प्राधिकरण के रूप में कार्य करता है।

'वन स्टॉप सेंटर' और महिला हेल्पलाइन: महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एकीकृत सहायता प्रदान करने के लिए वन स्टॉप सेंटर शुरू किए हैं। मंत्रालय ने 24X7 आपातकालीन और गैर-आपातकालीन सहायता प्रदान करने के लिए महिला हेल्पलाइनों के सार्वभौमिकरण के लिए एक योजना भी शुरू की है।

महिला पुलिस स्वयंसेवक: इसमें राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में महिला पुलिस स्वयंसेवकों की तैनाती शामिल है जो पुलिस और समुदाय के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करती हैं और संकट में महिलाओं को सहायता प्रदान करती हैं।

स्वाधार गृह योजना: महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित इस योजना का उद्देश्य चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने वाली महिलाओं की सहायता करना है जिन्हें अपने पुनर्वास के लिए संस्थागत सहायता की आवश्यकता होती है। यह योजना आश्रय, भोजन, कपड़े, स्वास्थ्य सेवा जैसी सुविधाएँ प्रदान करती है और इन महिलाओं को सम्मानजनक जीवन जीने में मदद करने के लिए आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

कामकाजी महिला छात्रावास योजना: सरकार कामकाजी महिलाओं के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक आवास उपलब्ध कराने के लिए इस योजना को लागू कर रही है। इस योजना का उद्देश्य शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ भी संभव हो, उनके बच्चों के लिए डे केयर सुविधाएँ प्रदान करना है, जो महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ: इस योजना का उद्देश्य लिंग-पक्षपाती लिंग चयन को रोकना और भेदभाव को खत्म करना, बालिकाओं के अस्तित्व और सुरक्षा को सुनिश्चित करना और बालिकाओं की शिक्षा और भागीदारी का समर्थन करना है।

यौन अपराधों के लिए जांच ट्रैकिंग प्रणाली: 2019 में, गृह मंत्रालय ने आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम 2018 के निर्देशों के अनुसार, यौन उत्पीड़न के मामलों में समय पर जाँच की निगरानी और ट्रैकिंग में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सहायता के लिए 'यौन अपराधों के लिए जांच ट्रैकिंग प्रणाली' शुरू की।

आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (ERSS): यह एक एकल आपातकालीन नंबर (112) और संकटग्रस्त स्थानों पर क्षेत्रीय संसाधनों का कंप्यूटर-सहायता प्राप्त प्रेषण प्रदान करता है।

सुरक्षित शहर परियोजनाएँ: यह गृह मंत्रालय की एक पहल है, जिसे निर्भया फंड के तहत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं और लड़कियों के लिए सुरक्षित, संरक्षित और सशक्त वातावरण बनाना है। जागरूकता कार्यक्रम: सरकार कार्यशालाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सेमिनारों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और मीडिया विज्ञापनों के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा दे रही है।

सुझाव और सुधार प्रक्रिया :

कार्यान्वयन को मजबूत करना: मौजूदा कानूनों और नीतियों को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता है। इसके लिए कानून प्रवर्तन कर्मियों के बेहतर प्रशिक्षण, न्यायिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और सभी स्तरों पर जवाबदेही सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

फास्ट-ट्रैक कोर्ट: न्यायमूर्ति वर्मा समिति की सिफारिश के अनुसार, फास्ट-ट्रैक कोर्ट स्थापित किए जाने चाहिए और बलात्कार जैसे गंभीर मामलों में सज़ा को और अधिक कठोर बनाया जाना चाहिए। न्यायपालिका में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाना चाहिए।

लैंगिक समानता: लिंग आधारित हिंसा और भेदभाव के मूल कारणों को दूर करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों में व्यापक लिंग संवेदीकरण कार्यक्रम शुरू किए जाने चाहिए।

पुलिस प्रशिक्षण में सुधार: लिंग आधारित हिंसा के मामलों को अधिक संवेदनशील और प्रभावी ढंग से संभालने के लिए पुलिस अधिकारियों के प्रशिक्षण में सुधार करना। इसमें बेहतर साक्ष्य संग्रह, पीड़ित सहायता और मामले का दस्तावेज़ीकरण शामिल होगा।

बेहतर उत्तरजीवी सहायता प्रणाली: हिंसा के उत्तरजीवियों के लिए सहायता प्रणाली का विस्तार और संवर्धन करना, जिसमें परामर्श सेवाएँ, पुनर्वास कार्यक्रम और वित्तीय सहायता शामिल हैं, ताकि उन्हें अपना सामान्य जीवन फिर से शुरू करने में मदद मिल सके।

आर्थिक सशक्तिकरण: शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देना। वित्तीय स्वायत्तता महिलाओं की हिंसा और शोषण के प्रति संवेदनशीलता को कम कर सकती है।

प्रौद्योगिकी का उपयोग: महिलाओं के खिलाफ अपराधों की बेहतर रिपोर्टिंग और ट्रैकिंग के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाएँ। इसमें अपराधों की रिपोर्टिंग के लिए उपयोगकर्ता के अनुकूल मोबाइल ऐप और डेटा विश्लेषण के लिए AI-संचालित सिस्टम शामिल हो सकते हैं।

महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाना: विविध दृष्टिकोण लाने और लिंग आधारित हिंसा के मामलों को बेहतर ढंग से संबोधित करने के लिए कानून प्रवर्तन और न्यायपालिका में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाना।

नियमित प्रभाव मूल्यांकन: मौजूदा योजनाओं और नीतियों का समय-समय पर मूल्यांकन किया जाना चाहिए ताकि उनकी प्रभावशीलता का आकलन किया जा सके और आवश्यक समायोजन किए जा सकें।

मीडिया की जिम्मेदारी: मीडिया में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की जिम्मेदारी से रिपोर्टिंग को प्रोत्साहित करें, जहाँ वे सनसनीखेज के बजाय प्रणालीगत मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

स्वास्थ्य पेशेवरों और रोगियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के हालिया निर्देश:

कोलकाता में हाल ही में हुई बलात्कार और हत्या की घटना के मद्देनजर, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने सभी केंद्र सरकार द्वारा संचालित अस्पतालों और प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों को स्वास्थ्य पेशेवरों और रोगियों की पहुँच और सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए मौजूदा कमज़ोरियों को दूर करने के लिए अपने सुरक्षा उपायों में सुधार करने का निर्देश दिया है।

मंत्रालय के निर्देश में 12 प्रमुख सिफारिशें शामिल हैं, जिनमें उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले सीसीटीवी कैमरे लगाना, आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित करना और महिला स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए सुरक्षित ड्यूटी रूम और परिवहन सुनिश्चित करना शामिल है।

निर्देश में अच्छी तरह से प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड, संवेदनशील क्षेत्रों में प्रतिबंधित पहुँच और व्यापक आपातकालीन योजनाओं की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया है।

इसके अलावा, मंत्रालय के निर्देश में बेहतर रोशनी, कर्मचारियों के लिए नियमित सुरक्षा प्रशिक्षण और स्थानीय पुलिस और आपातकालीन सेवाओं के साथ समन्वय की भी बात कही गई है।

शोध विधि-

प्रस्तुत शोध विधि का स्वरूप वर्णात्मक है शोध विधि में प्रयुक्त आंकड़े शोध पत्रिकाओं पुस्तकों पत्रिकाओं तथा इंटरनेट के माध्यम से लिए गए हैं।

निष्कर्ष-

'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता', अर्थात जहाँ नारियों की पूजा होती है, वहाँ भगवान निवास करते हैं। भारत में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों को संबोधित करने के लिए इस दुष्ट मुद्दे से निपटने के लिए एक ठोस और बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के चौंकाने वाले आँकड़े कानूनों के बेहतर प्रवर्तन, बेहतर लैंगिक संवेदनशीलता और पीड़ितों के लिए बेहतर समर्थन की आवश्यकता को उजागर करते हैं। यदि भारत की कुल आबादी का आधा हिस्सा सुरक्षित नहीं है, तो लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय प्राप्त नहीं किया जा सकता है। महिलाओं के लिए सुरक्षित और अधिक न्यायसंगत वातावरण बनाने की दिशा में सभी हितधारकों की ओर से मिलकर काम करने की दृढ़ प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। इस प्रयास को सक्रिय हस्तक्षेपों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो

ISSN :3049-334X
वर्ष: 02 - अंक: 01 जनवरी - अप्रैल 2025

लिंग आधारित हिंसा को बढ़ावा देने वाले अंतर्निहित सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक कारकों को संबोधित करते हैं। मौजूदा कानूनों के प्रवर्तन को मजबूत करना, लिंग संवेदीकरण कार्यक्रमों को बढ़ावा देना और पीड़ितों के लिए व्यापक सहायता सेवाएँ प्रदान करना महत्वपूर्ण कदम होंगे।

भारत में महिलाओं को लक्षित करने वाले अपराधों के खिलाफ लड़ाई के लिए समाज के सभी क्षेत्रों से निरंतर, ठोस और दयालु प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। भारत एक ऐसे भविष्य की दिशा में काम करके सच्ची लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर सकता है जहाँ महिलाओं के अधिकार और सुरक्षा का उल्लंघन न हो।

ग्रंथ सूची (Bibliography):

1. पटेल, विभूति (2002), नई सहस्राब्दी की महिलाओं की चुनौतियाँ, ज्ञान प्रकाशन, दिल्ली
2. मैथ्यू, मिनी (2002), कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, भारत मानवाधिकार एवं कानून केंद्र, मुंबई
3. सोफिया सेंटर फॉर विमेन स्टडीज एंड डेवलपमेंट और इंडिया सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स एंड लॉ (2003), 'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न', समाजशास्त्र विभाग, सोफिया कॉलेज, मुंबई
4. अर्पिता बनर्जी (2013) "भारत में महिलाओं की स्थिति और लैंगिक भेदभाव" इंटरनेशनल जर्नल ऑफ डेवलपमेंट रिसर्च खंड 3 अंक 2 पृ. 057-064 |
5. डॉ. (सुश्री) रेखा सिंह (2004) "भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति" बोस्टन विश्वविद्यालय के ट्रस्टी |
6. उशे, यू.एम. (2019)। "भारत में राजनीति और नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी: चुनौतियाँ और संभावनाएँ " जर्नल ऑफ अफ्रीकन स्टडीज एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट, 1(1)।
7. https://www.drishtiias.com/hindi/daily-updates/daily-news-editorials/addressing-women-s-safety-in-india
8. https://testbook.com/hi/ias-preparation/women-safety-issues-india-provisions-challenges
9. https://www.ncw.gov.in/

महिलाओं की सुरक्षा से सम्बंधित सामाजिक मुद्दे: चुनौतियाँ और संभावनाएँ

अंशु कुमारी
शोधार्थी,जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय
ई मेल anshukalotra428529@gmail.com

डॉ. शशिकांत मिश्र
जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय

सारांश
महिला समाज का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है, इस अंग के बिना हम समाज की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। महिला को जगत्जननी भी कहा जाता है। ***यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता: । यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफला: क्रिया: ।।***[1] *अर्थात् जहाँ स्त्रियों की पूजा होती है वहाँ देवता निवास करते हैं और जहाँ स्त्रियों की पूजा नही होती है, उनका सम्मान नही होता है वहाँ किए गये समस्त अच्छे कर्म निष्फल हो जाते हैं। आज की महिला, जितनी सशक्त है उतनी ही उत्पीड़न की शिकार भी हो रही है। यही उत्पीड़न, आज कहीं न कहीं सामाजिक मुद्दों के रूप में सामने आ रहा है। जिसके कारण महिलाएं बहुत सी समस्याओं का सामना कर रही हैं, जैसे बलात्कार यां यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, सामाजिक भेदभाव, शिक्षा के साथ-साथ जागरूकता की भी कमी, कानूनी अधिकारों के पालन में कमी आदि। वास्तव में यही समस्याएं, चुनौतियां बन कर सामने आ रही हैं, कहा भी जाता है कि 'जब-जब चुनौती आई है, संग ही चुनौतियों से उभरने के लिए संभावनाएं भी लाई है' इसीलिए हमें आवश्यकता है जागरूक होने की और सख्त कानुनों की ताकि हम महिला और पुरुष यां लड़की और लड़का में कोई भी भेदभाव न करें। दोनों के बिना सृष्टि चलना असंभव है। जयशंकर प्रसाद जी ने अपनी रचना कामायनी में लिखा है- "नारी! तुम केवल श्रद्धा हो/*

विश्वास -रजत- नग पगतल में/ पियूष-स्रोत-सी बहा करो/जीवन के सुंदर समतल में"[2] डॉ. प्रीति समकित सुराना जी कहती हैं कि जब भी मैं इन पंक्तियों को गुनगुनाती हूँ सहज ही रुक जाती हूँ सोचकर कि क्या वाकई 'नारी' तुम केवल श्रद्धा हो,...! आगे बढ़ते हुए मानों कवि ने इन्हीं पंक्तियों का जवाब दिया हो कि "आँसू से भींगे अंचल पर/ मन का सब कुछ रखना होगा। तुमको अपनी स्मित रेखा से यह संधि पत्र लिखना होगा।" डॉ. प्रीति जी कहती हैं कि क्या हर रचनाकार सोचता है कि नारी श्रद्धा योग्य है, है तो क्यों?

“नारी
तुम्हें घोषित कर दिया
समाज के कर्णधारों ने
शक्ति स्वरूपा,नारायणी
ममता की मूरत
त्याग की देवी
अब ये कहना बेमानी है
नारी तुम केवल श्रद्धा हो”[3]
सीता गुप्ता जी कहती हैं-
“नारी तुम केवल श्रद्धा हो,
संसार की ज़रूरत हो
पर.... केवल शब्द जो जुड़ गया,
उससे तुम! कहीं अधूरी हो।”[4]

नारी केवल श्रद्धा नहीं है। आज वर्तमान में **बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ** जैसे उद्बोधनों की बहुत ज़रूरत है, कुछ सीमा में व्यवहारिकता में हो भी रहा है, मगर बहुत ऐसी दुर्घटनाएं भी सामने आ रही हैं जिनकी वजह से बेटी पढ़ तो रही है, पर बच नहीं पा रही है। विकसित भारत में हमें पुनः सोच विचार करने की आवश्यकता है ताकि बेटी पढ़ भी सके और बच भी सके क्योंकि जब एक औरत पढ़ती और आगे बढ़ती है तो कई पीढियां पढ़ती और बढ़ती है। एक औरत अधिक ईमानदार, निष्ठावान, कर्मठ, धैर्यवान और बलिदान करने वाली एक ऐसी जीव है, जिसका मुकाबला दुनिया का दूसरा प्राणी नहीं कर सकता है। एक औरत का सबसे शक्तिशाली रूप माँ होना है।

बीज शब्द :- चुनौतियाँ, मेटाफिज़िकल सुसाइड, हिंसा, बलात्कार, उत्पीड़न , आर्थिक निर्भरता, कुरीतियाँ, सामाजिक दुर्बलताएं

मूल आलेख

पूरे विश्व में अमानवीय व्यवहार का खतरा मंडरा रहा है, यही खतरा सबसे बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। मानव के अमानवीय व्यवहार से अगर कोई सबसे ज़्यादा पीड़ित है तो वो है, औरत/महिला। महिला सुरक्षा के साथ ही उनके सम्मान की लड़ाई वर्षों से चलती आ रही है देश-विदेश के हर कोनों से प्रतिदिन किसी न किसी महिला के पीड़ित होने की खबरे सुर्खियाँ बटोर रही हैं। जहाँ एक महिला सामाजिक ताने-बाने की पहचान करने वाली है, वहीँ आज इसके विपरीत वह अपनी लाज बचाने के लिए लाचार नज़र आ रही है। एक ओर महिलाओं के प्रति समाज का व्यवहार क्रूरता की सारी हदें पार कर रहा है,

वहीँ दूसरी ओर आज के बदलते समय में महिलाएं स्वयं को सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से मजबूत करने की होड़ में लगी हुई हैं आज किसी भी क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से कम नहीं आंकी जा रही हैं बात चाहे फिर पेपिस्को की सीईओ इंद्रा नोई की हों, वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु हों, यां फिर भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स जो 9 महीने 14 दिन बाद पृथ्वी पर लौटी हैं। इनके अलावा भी बहुत ऐसी महिलाएं हैं जो हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहीं हैं। दामिनी, निर्भया, कोलकाता में हुए लेडी डॉक्टर के बलात्कार आदि बहुत ऐसी घटनाएं हैं जो मानवीयता को शर्मसार कर देती हैं ऐसे उदाहरण महिला सुरक्षा को छिन्न-भिन्न कर महिलाओं की प्रगति में बाधक सिद्ध होते हैं। महिला अपराध की संख्या कम करने हेतु और देश में महिलाओं को सुरक्षित जीवन देने के लिए अनेक कानून बनाए गए हैं। वर्तमान में टेक्निकल सुविधाओं के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा से सम्बंधित समार्टफ़ोन एप्स का विकास किया जा रहा है, आज बहुत से ऐसे एप्स मौजूद भी हैं जो महिलाओं की सुरक्षा में सक्षम सिद्ध होते हैं।

महिला की सुरक्षा एक सामाजिक मुद्दा कब बनती है? जब समाज में महिलाओं को हिंसा, शोषण और भेदभाव का सामना करना पड़ता है जब वह सार्वजनिक और निजी दोनों ही स्थाओं पर खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं, चाहे वो फिर यौन उत्पीड़न हो यां घरेलू हिंसा यही सब कुरीतियाँ यां समाजिक दुर्बलताएं महिलाओं की सामाजिक असुरक्षा का कारण बनती हैं। इसके अतिरिक्त जब महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता और सख्त कानून की आवश्यकता महसूस होने लगती है तब महिला सुरक्षा एक व्यापक समस्या रूप में सामाजिक मुद्दा बन जाती है।

महिलाओं की सुरक्षा कहीं-न-कहीं समस्त सृष्टि की सुरक्षा के समान है। सर्प्रथम महिलाओं को अपने परिवार में ही बहुत रूढ़ मान्यताओं का सामना करना पड़ता है। हिंदी साहित्य की सुप्रसिद्ध विदुषी अल्पना मिश्र जी की रचना ‘अक्षि मंच पर सौ सौ बिम्ब’ की बात करें, उसमें प्रमुख नारी पात्र ‘नीली’ जो कि रंगहीन बीमार आँखों से रंग-बिरंगी दुनिया देखने की कोशिश करती, पैरालिसिस जैसी बीमारियों से जूझ रही होती है ये सिर्फ नीली का ही सच नहीं बल्कि समस्त औरतों का सच है जो किसी न किसी रूप में अपनों- गैरों से जूझ रही है। हिंदी के प्रबुद्ध साहित्यकार मुक्तिबोध कहते भी हैं **“भारतीय समाज तब तक नहीं बदल सकता जब तक परिवार में पड़े हुए सामन्ती मूल्य नष्ट न हों”** परिवार से ही व्यक्ति विश्व यां समस्त सृष्टि तक की यात्रा करता है। उपर्युक्त उपन्यास की पात्र नीली जो बीमार है उसकी बिमारी को बार-बार याद करवाता है उसका परिवार और समाज, क्योंकि नीली बीमार होकर भी सब कार्य स्वयं करती है रंगहीन आँखों से रंग बिरंगे चेहरों को देखती पहचानती है वह स्वयं भी प्रत्येक कार्य करने में सक्षम है। मगर उसका परिवार\समाज आश्चर्यचकित होते हैं ये देखकर कि तुम बीमार हो! ऐसा उनके बार-बार कहने से यही प्रतीत होता है कि बीमार नीली नहीं बल्कि बीमार समाज है। इलाज़ की

आवश्यकता नीली को नहीं, समाज को है। वर्तमान में महिलाएं जो कि पढ़ी लिखी होकर भी **metaphysical suicide** जैसी बीमारियों का शिकार हो रही हैं ये सुसाइड शारीरिक नहीं,पर मानसिक रूप से सुसाइड ज़रुर है जिसमें नीली की माँ भी इसकी शिकार होती है जिसमें व्यक्ति समस्त इच्छाओं की हत्या कर एक मृतप्राय व्यक्ति के समान जड़ हो जाता है। एक प्रसंग द्रष्टव्य है 'माँ को समझ न आये की क्या और कैसे किया जाये? कुछ भी पूछने पर बेहाल-सी कहतीं-जैसे तुम्हें ठीक लगे। हर परेशानी-भरे सवाल के उत्तर में उनके पास यही शब्द होते....स्नेह के शब्द तो जैसे उनके शब्द भण्डार में विलुप्त हो गयी चीज़ों की तरह थे।'[5]

जीवन का कष्ट और संघर्ष आदमी को रूखा, स्नेहहीन और कई बार क्रूर बना जाते हैं![6]
जयश्री द्वारा लिखित उपन्यास 'औरत जो नदी है' जो संबंधों की शिराओं के सहारे स्त्री-पुरुष मानसिकता के गहरे अन्तस्तल में उतरने का एक महत्वपूर्ण उपक्रम है जीवन के हर क्षेत्र में पीढ़ियों से उपेक्षा और प्रताड़ना के दंश झेलती स्त्री की आत्मचेतना से उद्दीप्त अकुलाहट और अपने ही विषवाणों से बिंधे आत्मप्रवंचना से शल्थ पुरुष की आत्म-स्वीकृतियों के परस्पर कदमताल की अनुगूंजों से भरी यह कृति एक ऐसा आईना है जिसमें हम सब अपने-अपने चेहरे की शिनाख्त कर सकते हैं[7]

रचनाकार स्वयं कहती हैं,"एक बार मेरी बाहों में किसी नदी की तरह सरसराते हुए उसने कहा था- औरत नदी की तरह होती है अशेष, कहीं ठहरती नहीं, मगर अपने किनारों में जीवन को ठहराव देती जाती है। सारी महान सभ्यताओं का इतिहास देख लो, किसी न किसी नदी की देन है। दरअसल, नदी जहाँ भी जाती है, ज़िन्दगी वहीँ चली आती है"[8]

वास्तव में औरत एक नदी के समान ही है जिसमें जितनी भी मलिनता क्यों न भरो, अपने सतत बहाव से वह स्वयं को निर्मल कर आगे बढ़ती ही जाती है। यही आगे बढ़ना उसकी ताकत है।

मुंशी प्रमचंद जिनके उपन्यासों का मूल स्वर 'करुणा' और व्यंग्य है इनके द्वारा रचित **'निर्मला'**[9] उपन्यास की बात करें जिसमें प्रमुख नारी पात्र निर्मला को अपने पिता की आयु के समान अधेड़ावस्था से युक्त आदमी तोताराम से शादी करनी पड़ती है जिसे समाज में 'अनमेल विवाह' की संज्ञा दी जाती है कारण होती है दहेज प्रथा, गरीबी, महिला का स्वावलंबी न होना जिसके पश्चात उसकी ज़िन्दगी नरक से बत्तर हो जाती है। इसके अतिरिक्त प्रेमचन्द जी के ही अन्य उपन्यास **'गोदान'**[10] जिसे किसान/कृषक जीवन का महाकाव्य भी कहा जाता है उसमें हम महिलाओं की दूर्देषा का भी स्पष्ट चित्रण देख सकते हैं ग्रामीण महिला पात्र धनिया और यां फिर झुनिया उन्हें कटु परिस्थितियों से गुज़रना पड़ता है इस प्रकार हम इसे किसान जीवन के महाकाव्य के साथ महिला जीवन का दस्तावेज भी कहा जा सकता है।

महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध

महिला एक माँ, बहन, बेटी आदि है। इन तमाम रूपों में वह हमारे जीवन का अभिन्न अंग है, वास्तव में नारी के बिना हमारा अस्तित्व संभव ही नहीं है। इसके बावजूद महिलाओं का सम्मान एवं सुरक्षा हमेशा से ही दावं पर रही है। वर्तमान परिदृश्य में मानव के अमानवीय व्यवहार से सबसे ज़्यादा महिलाएं ही प्रभावित हैं। महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध की हम बात करें तो बलात्कार, हत्या, अपहरण, विमेंस ट्राफिकिंग, दहेज उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा आदि शामिल हैं। इनके अलावा भी बहुत सी ऐसी समस्याएं हैं जिनकी शिकार महिलाएं हो रही हैं **मेटाफिजिकल सुसाइड** आज ये समस्या हर घर में महिला को घेरे है, इसके अंतर्गत महिलाएं सब कार्य सकुशल करती हैं जैसे सब कहते हैं बस करती जाती हैं, पर खुद की इच्छाओं/जिज्ञासाओं का गला घोंट देती हैं। इसका मुख्य कारण हम अवसाद, अधिक तनाव आदि स्थितियों को देख सकते हैं। ये समस्या भी आज एक प्रकार से अपराध की श्रेणी में मानी जा सकती है। **महात्मा गांधी** जी के कथनानुसार हम समझें, "जिस दिन एक महिला रात में सड़कों पर स्वतंत्र रूप से चल सकेगी, उस दिन हम कह सकते हैं कि भारत ने स्वतंत्रता प्राप्त कर ली है" पर बहुत निराशा के साथ कहना पड़ता है कि भारत देश को स्वतंत्रता तो 1947 में ही मिल गई थी, मगर एक औरत आज भी स्वतंत्र नहीं है स्वतंत्र होकर अपना कार्य नहीं कर सकती है कोलकाता के प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार, मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार जैसी और भी न जाने कितनी घटनाएं हैं जो महिला सुरक्षा के साथ ही भारतीय नारी की पराधीनता को उद्घाटित करती है। आज हम आधुनिकता के शिखर प्रद्यौगिकी और ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में भी महिलाओं को सुरक्षित नहीं पा रहे हैं। बहुत चिंतित होकर हमें ये कहना पड़ता है कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और मूल्य प्रणाली उन व्यक्तियों (महिलाओं) की रक्षा करने में विफल हो रही है।

एनसीआरबी रिपोर्ट 2023 [11] में महिलाओं के खिलाफ अपराध के आंकड़ों की एक दृष्टि डालें:

1. महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि आई है 2023 के अनुसार भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 2022 की तुलना में 4% की वृद्धि आई है, जिसमें रिपोर्ट किए गए मामले 2021 में 4,28,278 से बढ़कर 2022 में 4,45,256 हो गए हैं रिपोर्ट बताती है कि प्रति लाख महिला आबादी पर अपराध दर 2021 में 64.5 से बढ़कर 2022 में 66.4 हो गई है
2. **महिलाओं के खिलाफ अपराध** रिपोर्ट किए गए अपराधों के सबसे प्रचलित प्रकारों में शामिल हैं:-
   - पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता-31.4%
   - महिलाओं का अपहरण और व्यपहरण- 19.2%
   - महिलाओं पर उनकी शील भंग करने के इरादे से हमला -18.7%
   - बलात्कार-7.1

 ISSN :3049-334X
वर्ष: 02 - अंक: 01 जनवरी - अप्रैल 2025

बहुत सी महिलाएं ऐसी भी हैं जो इन आंकड़ों में नहीं आ पाती, क्योंकि उनके साथ हुए अपराधों को वह स्वयं ही सामाजिक दबाव, यां पारिवारिक दबावों के कारण सामने नहीं ला पाती हैं।

आखिर, समाज का अभिन्न अंग कहलाने वाली महिला जिससे हम सबका अस्तित्व निर्मित होता है, उसी की सुरक्षा आज समाज के लिए मुद्दा क्यों बनी हुई है? जहाँ एक तरफ महिला हर क्षेत्र में अपना नाम रौशन कर रही है वहीँ दूसरी ओर महिला इस समाज में अमानवीय व्यवहार की शिकार हो रही है! एक तरफ सुनीता विलियम्स जो 9 मास अन्तरिक्ष पर रहकर पृथ्वी पर आती हैं और दूसरी ओर बहुत महिलाएं अपने घर में भी सुरक्षित नहीं हैं।

इतिहास की अगर हम बात करें तो अनगिनत ऐसे नाम जैसे रानी लक्ष्मी बाई, रानी द्रोपदी, महारानी तपस्वनी आदि 1857 की क्रान्ति में सहयोगी सिद्ध होती हैं इनके अलावा सरोजिनी नायडू, बेगम हजरत महल, कित्तूर रानी चेन्नम्मा और **सावित्रीबाई फूले** जो कि भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं वह कहती हैं "यदि आप एक लड़के को शिक्षित करते हैं, तो आप एक व्यक्ति को शिक्षित करते हैं, लेकिन यदि आप एक लड़की को शिक्षित करते हैं तो पूरे परिवार को शिक्षित करते हैं" हालांकि उनके पति ज्योतिराव फूले का समर्थन और अपना दृढ संकल्प उन्हें इस शिखर तक लाया इस तरहं अगर हर पुरुष मानसिकता महिला संरक्षण के प्रति जागृत हो जाए तो उपर्युक्त अपराधों की दर स्वतः ही कम हो जाएगा और न ही कोई महिला आत्महत्या, बलात्कार, मेटाफिज़िकल सुसाइड जैसी दुर्घटनाओं का शिकार होंगी।

भारत में महिला सुरक्षा में कमी के कारण :-

- पितृसत्ता का प्रचलन जैसे;- 'लड़का है गलती हो जाती है' (बीमार मानसिकता)
- महिलाओं का वस्तुकरण
- आर्थिक निर्भरता
- जागरूकता और शिक्षा का अभाव
- सार्वजनिक स्थानों पर अपर्याप्त सुरक्षा आदि

बहुत से ऐसे कारण है जो महिला सुरक्षा में बाधित सिद्ध होते हैं।

महिला सुरक्षा के लिए केन्द्रीय सरकार की कुछ पहल :-

- निर्भय फण्ड की स्थापना

- यौन अपराधों के लिए जांच ट्रैकिंग प्रणाली
- यौन अपराधियों पर राष्ट्रीय डेटाबेस
- साइबर अपराध पोर्टल
- वन स्टॉप सेंटर की स्थापना
- मिशन शक्ति
- पुलिस पिंक बूथ
- शक्ति अपराधिक कानून
- मेरी सहेली पहल
- ऑनलाइन आन्दोलन और अभियान

किसी भी संकट की जानकारी समय पर मिलना बहुत आवश्यक होता है ताकि समय रहते ही संकट पर काबू कर लिया जाए इसी को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित एप्स का प्रावधान भी किया गया है

महिला सुरक्षा से सम्बंधित कुछ एप्स

जैसे:- स्क्रीम अलार्म, सेंटिनल:विमेन सिक्यूरिटी, आईएम सेफ, फाइट बेक विमेन सेक्योरिटी, विमेन्स सेफ्टी, सर्कल्स ऑफ़ सिक्स, मी अगेंस्ट रेप, दामिनी एवं हिम्मत आदि जैसी तमाम एप्स प्ले स्टोर पर उपलब्ध हैं [12]

महिला सुरक्षा में कुछ चुनौतियाँ

- विलंबित न्याय
- दोषसिद्धी प्रक्रिया में ढ़िलाई
- आधे-अधूरे मन से क्रियान्वियन
- सार्वजनिक धन का अप्रभावी उपयोग
- महिलाओं को कार्यबल में प्रवेश करने से हतोत्साहित करना
- परिवार में पुरुषों का अंधराष्ट्रिय रवैया
- सामाजिक दृष्टिकोण के कारण महिलाओं के विरुद्ध अपराध बढ़ रहे हैं

- शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य परिणाम
- परिवारों और बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव

महिला सुरक्षा से समबन्धित चुनौतियों से उभरने हेतु संभावनाओं पर दृष्टि डालें अगर तो हमें इस नकारात्मकता से उभरने के लिए उचित निराकरण भी मिल सकता है:

- महिलाओं को शिक्षा प्राप्त करने में योगदान देना
- महिलाओं को जागरूक करना
- आर्थिक रूप से सम्पन्नता
- बेटी पढ़ाने के साथ, बचाने पर भी ध्यान देना
- महिला अपराधों के खिलाफ कड़े कानून बनाना
- स्त्री को वस्तु न कहकर, एक जीता जागता इंसान समझना
- घरेलू हिंसा को दूर करना
- महिला पुरुष को सम्मान अधिकार देना
- महिलाओं को केवल बच्चा पैदा करने की मशीन न समझना
- महिला को अधिक सशक्त करना
- समाज में प्रयोग होने वाली माँ, बहन आदि की गालियों का प्रयोग न करना क्योंकि इन शब्दों से भी आप महिलाओं का बलात्कार कर रहे हैं आदि

उपर्युक्त बिन्दुओं के अलावा भी बहुत संभावनाएं हैं जिन्हें समझने की आवश्यकता है ताकि हर महिला सुरक्षित महसूस कर सके।

निष्कर्ष

हिंदी साहित्य के प्रबुद्ध विद्वान् आचार्य रामचन्द्र शुक्ल जी कहते हैं कि “साहित्य जनता की चित्तवृति का संचित प्रतिबिम्ब है”[13] इसी जनता का एक अभिन्न अंग है महिला जिसके बिना न तो हम साहित्यिक चित्तवृतियों को प्रतिबिंबित कर सकते हैं और न ही समझ ही सकते हैं भारतीय संस्कृति को और अधिक विकसित करने के लिए सर्प्रथम महिला सुरक्षा को और अधिक विकसित करने की आवश्यकता है। डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी बार-बार कहते हैं “महिलाओं के बिना कोई भी प्रगति संभव नहीं हैं” महिला सुरक्षा से सम्बंधित एप्स का निर्माण तो किया गया है मगर आज भी बहुत सी महिलाएं इनसे वंचित हैं। दूर दराज, पिछड़े गाँव में आज भी बहुत महिलाएं इन सुविधाओं से वंचित हैं।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. https://www.samskritabharatiuk.org **मनुस्मृति ३/५**
2. संप डॉ. समकिन सुराना प्रीति, साझा संकलन,अन्तरा-शब्दशक्ति प्रकाशन,15 नेहरु चौक, वारासविनी,जिला बालाघाट (म.प्र.)पृष्ठ 6
3. वही, पृष्ठ 7
4. वही, पृष्ठ 10
5. मिश्र अल्पना,अक्षि मंच पर सौ सौ बिम्ब,वाणी प्रकाशन,नयी दिल्ली पृष्ठ 25
6. वही पृष्ठ 26
7. रॉय जयश्री,औरत जो नदी है,वाणी प्रकाशन,नयी दिल्ली
8. वही
9. प्रेमचन्द मुंशी,निर्मला
10. प्रेमचन्द मुंशी,गोदान, साहित्य पब्लिकेशन्स
11. इंटरनेट से उद्धरित एनसीआरबी रिपोर्ट 2023 के अंश
12. इन्टरनेट से उद्धरित https://forumias.com/blog/women-safety-in-india-significance-and-challenges-explained-pointwise/
13. शुक्ल आचार्य रामचन्द्र, हिंदी साहित्य का इतिहास,वाणी प्रकाशन,नयी दिल्ली

अपचारी किशोर एवं अपराध के कारण

नमिता वर्मा
Designation: Research Scholar (Junior Research Fellow)
Institution: Education Department, University of Lucknow, Lucknow
Email-Id: namitaverma110@gmail.com

सारांश

प्रत्येक समाज के कुछ नियम होते हैं और उन नियमों के पालन से समाज सुचारू रूप से चलता है। परंतु जब समाज के मान्य नियमों का उल्लंघन किया जाता है, तो उसे 'अपराध' कहते हैं। वयस्कों द्वारा किए गए इस प्रकार के कार्य 'अपराध' कहलाते हैं और बालकों द्वारा किए गए, समाज विरोधी कार्यों अथवा अपराध को 'बाल अपचार' (बाल अपराध) अथवा 'किशोर अपराध' अथवा ‘अपचारी किशोर’ कहते हैं। अपचारी किशोरों द्वारा किए गए अपराध को ‘अपचारी किशोर' (बाल अपराध) कहते हैं। मनोविज्ञानिकों के अनुसार, बाल अपराधी की न्यूनतम आयु लगभग 7 या 8 वर्ष और उच्चतम आयु 18 वर्ष से काम हो। ***Delinquent*** *शब्द लैटिन भाषा के दो शब्दों से मिलकर बना है-* ***de+ linquere -delinquere=delinquent*** *जिसमें* ***De*** *का अर्थ है-* ***Away*** *और* ***Linquere*** *का अर्थ है-* ***to leave or to abandon*** *अर्थात् जो किशोर किसी भी प्रकार के अपराध जैसे- हिंसा, यौन अपराध, बलात्कार, चोरी, सेंधमारी, हत्या तथा अन्य प्रकार के असामाजिक व्यवहार में सम्मिलित होते हैं, उन्हें किशोर अपराधी के रूप में जाना जाता है। बर्ट के अनुसार-“ हम उस बालक को अपराधी समझेंगे जिसकी समाज-विरोधी प्रवृत्तियां इतनी बढ़ जाती है कि प्रशासन को उसके विरुद्ध कोई ना कोई कार्रवाई करनी पड़ती है।“*

हीली के अनुसार- “वह बालक जो समाज द्वारा स्वीकृत आचरण का पालन नहीं करता है, बाल अपराधी कहलाता है।“

भारत में किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण अधिनियम- 2000) में कहा गया है कि- कोई भी व्यक्ति चाहे वह लड़का/लड़की हो, जिसकी आयु 18 वर्ष से कम हो और जिसने कोई अपराध किया हो, किशोर न्यायालय द्वारा संदर्भित या दोषी ठहराया गया हो, उसे 'किशोर अपराधी' या 'बाल-अपराधी' माना जाएगा। अपचारी किशोरों के अपराध प्रवृत्ति में लिप्त होने के कई कारण है, जो इनको अपराध की ओर ढकेलते हैं। अतः इन अपराध के कारणों की रोकथाम करना अतयंत आवशयक है। नई शिक्षा नीति-

2020 में प्रत्येक बालक के लिए समावेशी अधिगम की बात की गई है। जिससे सभी का विकास हो सके। सामाजिक -आर्थिक रूप से वंचित(एसईडीजी) बालकों को इसमें रखा गया है। सामाजिक रूप से वंचित बालकों में अपराधी बालक आते हैं। जिनको शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़कर उनको एक नई दिशा दे जा सकती है।

मुख्य शब्द- *अपचारी किशोर, अपराधी प्रवृत्ति, अपराध के कारण, नई शिक्षा नीति-2020*

अपचारी किशोर- अपचारी बालक वह बालक है जो सामाजिक, आर्थिक, नैतिक अथवा शैक्षणिक नियमों का उल्लंघन करता है, तो उसके इस प्रकार के व्यवहार को 'बाल-अपराध' तथा बालक को 'अपराधी-बालक' कहा जाता है। जैसे चोरी करना, विद्यालय से भाग जाना, विद्यालय में अनुशासनहीनता, कक्षा में साथियों के साथ आक्रामक व्यवहार, घर से समय पर विद्यालय के लिए निकलना परंतु विद्यालय नहीं जाना आदि बाल अपराध के प्रमुख उदाहरण है। **(सिंह,2013)**

अपचारी किशोरों का असामान्य व्यवहार- अपचारी किशोरों के असामान्य व्यवहार को गुणात्मक एवं मात्रात्मक दोनों रुपों में देख सकते हैं। उनके व्यवहार अधिकांशतः नकारात्मक दिशा की ओर होते हैं। अतः अपचारी किशोरों के असामान्य व्यवहारों को विभिन्न रुपों में देखा जा सकता हैं, जो इस प्रकार है- **(सिंह, 2001)**

- **सूझपूर्ण व्यवहार का अभाव-** अपचारी किशोरों के असामान्य व्यवहार में सूझपूर्ण व्यवहार का अभाव होता है। अपचारी किशोर को नैतिक एवं अनैतिक, सही और गलत में अंतर की सूझबूझ का अभाव रहता है। ऐसे किशोरों द्वारा किया गया कोई भी कार्य उन्हें हमेशा सही लगता है। चाहे वह नैतिक एवं गलत कार्य ही हो। अपचारी किशोरों में निर्णय लेने की क्षमता का भी अभाव रहता है।
- **संतुलित सामाजिक समायोजन का अभाव-** अपचारी किशोरों में संतुलित सामाजिक समायोजन का अभाव होता है। असामान्य व्यवहारों वाला किशोर सामाजिक नियमों और रीति-रिवाजों पर ध्यान नहीं देता है। अपचारी किशोरों में सामाजिक कुसमायोजन तीव्र होता है। ऐसे अपचारी किशोर एक- दूसरे के साथ मिल-जुल सहयोग के साथ कार्य करना पसंद नहीं करते है।
- **वास्तविकता की ज्ञान का अभाव**- अपचारी किशोरी के असामान्य व्यवहारों में एक प्रमुख व्यवहार यह है कि उनमें वास्तविकता के ज्ञान का अभाव होता है। सामाजिक मानक पर वह ध्यान नहीं देते हैं। वह काल्पनिक जगत में खोए रहते हैं। ऐसे किशोरों का व्यवहार भ्रम, विभ्रम, व्यामोह, संभ्राति से ग्रस्त होता है।

- **सांवेगिक परिपक्वता एवं नियंत्रण का अभाव-** अपचारी किशोर के असामान्य व्यवहारों में सांवेगिक परिपक्वता एवं नियंत्रण का अभाव होता है। ऐसे किशोर में अपने संवेगों पर नियंत्रण नहीं होता है। परिस्थिति के अनुसार संवेग की अभिव्यक्ति का भी इनमें अभाव रहता है।
- **विचित्र एवं उटपटांग व्यवहार-** अपचारी किशोरों का असामान्य व्यवहार आत्म-विरोधी होता है एवं अपनी गलतियों के लिए उनमें पश्चताप का भाव भी नहीं होता है। ऐसे किशोरों का व्यवहार सामाजिक मान्यताओं के विपरीत और असंगत होता है। अतः उनका असमान व्यवहार बेतुकरण और पतंग तथा संबंधित होता है अनौपचारिक शुरू किया असामान्य व्यवहार बेतुका एवं ऊटपटांग तथा **असनवित** होता है।

अतः अपचारी किशोरों के असामान्य व्यवहारों में अंतर गुणात्मक एवं मात्रात्मक दोनों रुपों में पाए जाते हैं।

अपचारी किशोर की पहचान- अपचारी किशोरों की पहचान उनके शारीरिक गुणों, स्वभावगत गुणों, मनोवृति संबंधी गुणों, सामाजिक-सांस्कृतिक गुणों एवं मनोवैज्ञानिक गुणों के आधार पर ऐसे किशोरों की पहचान की जा सकती है। जो इस प्रकार है- (सिंह,2013)

- **शारीरिक गुण-** अधिकांशत अपचारी किशोर शरीर से हष्ट-पुष्ट होते हैं, उनकी शरीर की मांसपेशियां एवं हड्डी समान उम्र के अन्य बालकों से अधिक विकसित होती है।
- **स्वभावगत गुण-** ऐसे अपचारी किशोर का व्यवहार आक्रमक, संवेगिक रूप से अस्थिर, बेचैन, आवेगशील और विध्वंशक होते हैं।
- **मनोवृत्ति संबंधी गुण-** ऐसे अपचारी किशोरों की मनोवृत्ति विद्यालय के प्रति नकारात्मक होती है। वे प्रायः शक्की, बैरपूर्ण, अवज्ञाकारी मनोवृति से युक्त होते हैं। माता-पिता, विद्यालय एवं शिक्षकों के प्रति वे प्रायः नकारात्मकता से भरे होते हैं।
- **सामाजिक- सांस्कृतिक गुण-** ऐसे अपचारी किशोरों में दूसरों के प्रति कोई स्नेह, प्यार और अनुकंपा नहीं होती है। ऐसे किशोरों में नैतिक स्तर निम्न कोटि का होता है। जिसके परिणामस्वरूप ऐसे किशोरों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक नियमों के प्रतिकूल काम करने में कोई समस्या नहीं होती है।
- **मनोवैज्ञानिक गुण**- ऐसे अपचारी किशोर किसी समस्या के समाधान में मात्र सीधा एवं सुगम रास्ते को अपनाते हैं। उनमें सांकेतिक बौद्धिक अभिव्यक्ति की क्षमता नहीं होती है।

अतः उपर्युक्त गुणों के आधार पर अपचारी किशोरों की पहचान की जा सकती है।

अपराधी व्यवहार के प्रकार- अपराधी व्यवहार के विभिन्न प्रकार बताए गए हैं। ऐसे किशोरों के असामान्य व्यवहार के दृष्टिगत उनके प्रकारों को इस प्रकार बताया गया है- (सिंह,2013)

- **लोभी प्रवृत्ति-** लोभी प्रवृत्ति के व्यवहार के अन्तर्गत ऐसे किशोरों द्वारा आकर्षक और प्रिय वस्तु की चोरी करते हैं। इस प्रकार की चोरी का प्रारंभ आरंभ में अपने घर से करते हैं और यदि उन्हें नहीं रोका गया तो है तो विद्यालय आकर अपनी कक्षा में चोरी करते हैं।
- **यौन अपराध-** अपराधी व्यवहार का यह प्रकार किशोरों द्वारा किया जाता है। जिसके अंतर्गत समलैंगिकता, विषमलिंगता, गंदे चित्रांकन एवं लेख, बलात्कार और साथियों को लैंगिक सुझाव देना तथा लेना आदि मुख्य रूप से सम्मिलित होते हैं।
- **आक्रामक प्रवृत्ति-** आक्रामक प्रवृत्ति जो अधिकांशतः किशोरों में पाई जाती है। आक्रामकता दिखाकर अपने मन की उत्तेजना को शांत करते हैं। इस प्रवृत्ति के अंतर्गत- दूसरे बच्चों को तंग करना, लड़ाई झगड़ा करना, विद्यालय की संपत्ति निष्ट करना, क्रोध में छत से कूद जाना आदि।
- **भाग जाने की प्रवृत्ति-** अधिकांशतः किशोर जब वास्तविकता का सामना नहीं कर पाते है, तो वह विद्यालय और घर से बिना बताए भाग जाते हैं।

अतः बाल अपराध भारत के कई प्रकार है, जिनमें विभिन्न प्रकारों के माध्यम से असामान्य व्यवहार ऐसे किशोरों का दिखता है।

अपचारी किशोर के असामान्य व्यवहार की विशेषताएं- अपचारी किशोर के असामान्य व्यवहार से तात्पर्य सामान्यतः ऐसा व्यवहार है, जो सामाजिक मानक और प्रत्याशाओं के अनुकूल नहीं होता है तथा अनुकूलित होता है। अत: अपचारी किशोर के असामान्य व्यवहार की विशेषताओं को निम्न रूपों में देखा जा सकता है- (सिंह, 2001)

- **समाज- विरोधी व्यवहार-** अपचारी किशोरों का व्यवहार समाज-विरोधी होता है। समाज के द्वारा मान्य नियमों, सामाजिक मानकों एवं मूल्यों के प्रतिकूल व्यवहार करते हैं। **जैसे-** चोरी करना, बलात्कार, हत्या आदि। ऐसे व्यवहार है, जो असामान्य व्यवहार को दर्शाते हैं, जो समाज विरोधी हैं।
- **मानसिक असंतुलन-** अपचारी किशोर का मानसिक स्वास्थ्य अस्थिर एवं मानसिक रूप से, असंतुलित होता है। ऐसे किशोरों में सोचने और व्यवहार करने में असंगतता को देखा जा सकता है।

- **कुसमायोजित व्यवहार-** अपचारी किशोर का व्यवहार विभिन्न परिस्थितियों में कुसमायोजित होता है। समाज में समायोजन नहीं कर पाने के कारण ऐसे किशोर तिरस्कार अथवा बहिष्कृत कर दिए जाते हैं।
- **सूझपूर्ण व्यवहार की कमी-** अपचारी किशोरों में सामान्य व्यवहार सूझबूझ की कमी होती है। असामान्य किशोर को सही-गलत, नैतिक- अनैतिक का ज्ञान नहीं होता है। ऐसे किशोर गलत कार्यों को करने में हिचकिचाते नहीं है।
- **विघटित व्यक्तित्व-** अपचारी किशोर का व्यक्तित्व विघटित होता है। उनमें संज्ञानात्मक, क्रियात्मक और भावात्मक पक्षों में किसी भी प्रकार का संतुलन नहीं होता है।
- **आत्मज्ञान और आत्मसम्मान की कमी-** अपचारी किशोरों में आत्म ज्ञान तथा आत्म सम्मान की कमी देखने को मिलती है। ऐसे किशोर स्वयं का आकलन अनादर एवं हीनता के भाव से स्वयं को देखते हैं। साथ ही साथ आत्मसम्मान की भी कमी प्रायः देखने को मिलती है।
- **असुरक्षा की भावना-** अपचारी किशोरों में असुरक्षा की भावना प्रबल रूप से होती है, जिससे वह स्वयं को समाज का एक स्वीकृत हिस्सा नहीं स्वीकार करते हैं। दूसरे व्यक्तियों को वे संदेह की दृष्टि से देखते हैं।
- **संवेदनात्मक अपरिपक्वता-** अपचारी किशोरों में संवेदनात्मक अपरिपक्वता विशेषतय: देखने को मिलती है। जिसके फलस्वरुप उनमें संवेदनात्मक रूप से कुसमायोजित की भावना पाई जाती है। ऐसे किशोरों को अपने संवेगों पर नियंत्रण नहीं रहता है। पस्थिति के अनुकूल संवेग को नियंत्रण कर उसकी अभिव्यक्ति का इनमें अभाव पाया जाता है।
- **सामाजिक अनुकूलन की क्षमता का अभाव-** अपचारी किशोरों में सामाजिक अनुकूलन की क्षमता का अभाव होता है। वह अपने परिवार, पास-पडोस के साथ संतोषजनक सामाजिक संबंध बनाने में कुशल नहीं होते हैं क्योंकि यह सामाजिक रूप से अस्थिर रहते हैं, इसलिए इनकी मानसिक अवस्था में निरंतर परिवर्तन होता रहता है।
- **तनाव एवं अतिसंवेदनशीलता-** अपचारी किशोरों में तनाव एवं अतिसंवेदनशीलता देखने को मिलती है। ऐसे किशोरों का अपने संवेग एवं भाव पर किसी प्रकार का कोई नियंत्रण नहीं होता है। ऐसे किशोर छोटे से छोटी घटना में भी अत्यधिक उत्तेजित हो जाते हैं। वह बेचैन दिखाई देते हैं। ऐसे किशोरों में अपनी गलतियों हेतु पश्चात्ताप का भी अनुभव नहीं होता है।

अत: अपचारी किशोरी के असामान्य व्यवहार की उपयुक्त प्रमुख विशेषताएं है, जिसके माध्यम से उन्हें पहचाना जा सकता है।

अपचारी किशोरों के अपराध के कारण- अपचारी किशोरों के अपराध प्रवृति में लिप्त होने के कई कारण हो सकते हैं। जिनमें मुख्य कारण इस प्रकार है-(शाश्वत, 2001)

1. **व्यक्तिगत करण**- अपचारी किशोर के अपराध के उसके स्वयं से संबंधित व्यक्तिगत कारण होते हैं। जिससे वह अपराध प्रवृति की ओर लिप्त हो जाते हैं। यह व्यक्तिगत कारण आनुवांशिक कारण और शारीरिक दोष के रूप में होते हैं, जो इस प्रकार हैं-
2. **आनुवंशिककारण**- सामान्यतः ऐसा माना जाता है कि अपराधी प्रवृत्ति अपने माता-पिता से वंशानुक्रम द्वारा भी प्राप्त होती है। सामान्यतः अपराधी माता-पिता के बच्चे भी अपराधी होते हैं।
3. **शारीरिक दोष**- शारीरिक दोष के कारण अपचारी किशोरों में अपराध की प्रवृत्ति प्रबल होती है। शारीरिक दोष/ कमी के कारण वह अपने आप को सामाजिक परिवेश में समायोजित नहीं कर पाता है, तो वह अपराध की ओर बढ़ता है। जैसे- अस्वस्थ शरीर एवं रोग, शारीरिक दोष तथा अभाव, जन्मजात तथा अर्जित लक्षण आदि।
4. **सामाजिक कारण**- अपचारी किशोर के अपराध के प्रमुख कारणों में सामाजिक कारण भी है। जिसमें सामाजिक रूप से संबंधी कारण इस प्रकार है-
   a) **पारिवारिक परिस्थितियां**- विभिन्न पारिवारिक परिस्थितियों भी अपचारी किशोरों हेतु उत्तरदायी हैं। जिनमें –
   b) **भगन परिवार**- जिन परिवारों की सुख शांति, संगठन तथा व्यवस्था- पारिवारिक कलह, मतभेद ,तलाक, पृथक्करण आदि कारणों से भगन हो जाती है तो उन परिवारों के बच्चे प्राय: अपराधी प्रवृत्ति की ओर प्रवृत्त होते हैं ।
   c) **माता पिता द्वारा अपेक्षा**- अधिक संतान होने के कारण या किसी अन्य कारण से यदि बालक का तिरस्कार होता रहता तो वह अपने को असहाय पाता है। वह प्रायः घर से भागकर अपराधी बन जाता है।
   d) **माता-पिता का चरित्र व आचरण**- बालक पर माता-पिता के अनैतिक चरित्र और आचरण व्यवहार का बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। बालक उनकी सब बातों का अनुकरण करता है जिससे उन्हें भी अनैतिक व्यवहार करने की प्रेरणा मिलती है।
   e) **अपराधी क्षेत्र**- अपराधी क्षेत्र बाल व्यवहार का एक महत्वपूर्ण कारण है। जिसके अंतर्गत ऐसे स्थानों के आसपास के क्षेत्र में रहने वाले बालकों पर इसका प्रभाव पड़ता है इसके अतिरिक्त गरीबी और निवास स्थान की कमी के कारण कुछ अस्थिर प्रकार की

 ISSN :3049-334X
वर्ष: 02 - अंक: 01 जनवरी - अप्रैल 2025

बस्तियां भी होती है। वहां पर भी अनेक प्रकार के अपराध होते रहते हैं। इस प्रकार इन अपराधी क्षेत्रों का दूषित प्रभाव वहां के बालकों पर पड़ता है।

f) **बुरी संगति-** यदि बालकों की संगति अपराधी बालको से हो जाती है तो वह भी अपराधों की ओर प्रवृत्ति होने लगते हैं। घर से बाहर उन्हें दो प्रकार के लोग मिलते हैं मित्र मंडली और मुहल्ले के दल। प्रायः: बालक जब इनके संपर्क में रहता तो वह सद्गुणों की अपेक्षा उनके दु गुणों को शीघ्र ग्रहण कर लेता है।

g) **मनोरंजन-** बालकों के विकास के लिए स्वस्थ मनोरंजन का होना बहुत आवश्यक है। यदि बालकों को अवकाश के समय अच्छे मनोरंजन के साधन करने होते तो वह अपना खाली समय घूम कर, सस्ते उपन्यास, पत्रिकाएं पढ़कर, या गंदी या अपराधी प्रवृत्तियों को प्रोत्साहित करने वाले होते हैं।

h) **विद्यालय का वातावरण**- विद्यालय के वातावरण का बच्चे पर बहुत प्रभाव पड़ता है। विद्यालय में अपराधी बालकों की संगति, अध्यापक द्वारा कठोर दंड या अनुचित व्यवहार, अध्यापन विधि का अरुचिकर होना, सामर्थ से अधिक गृहकार्य देना, बालक का किसी विषय में कमजोर होना, मनोरंजन के साधनों का अभाव आदि कारण बालकों को कक्षा छोड़कर भागने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देते हैं।

मनोवैज्ञानिक कारण- प्रमुख मनोवैज्ञानिक कारण इस प्रकार है-

- **मानसिक हीनता या दुर्बलता-** मानसिक हीनत, अपराध का सबसे बड़ा कारण बताया गया है। मानसिकता हीनता से युक्त व्यक्ति जब अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उचित साधन ढूंढने में असमर्थ रहते है।
- **मानसिक रोग** - मानसिक रोग भी बालक को अपराधी बनाने में सहायक होते हैं। उनके अनुसार अपराधी एक प्रकार का मानसिक रोगी होता है।
- **संवेगात्मक संघर्ष**- अपराध के लिए संवेगात्मक संघर्ष भी एक महत्वपूर्ण कारण है। कठोर नियंत्रण, असुरक्षा की भावना, प्रेम और सहानुभूति की कमी, विद्रोह करने की भावना के कारण बालक का व्यक्तित्व असंतुलित हो जाता है।
- **आर्थिक कारण-** स्थिति अपराध के लिए उत्तरदाई होती है उनके मतदान से अपराधी विशेष रूप से निर्धन वर्ग से संबंधित होते हैं निर्धन परिवारों के बच्चों की जब परिवर्तन पुरी की हो पाती है तो उन्हें अपने सब प्रकार की इच्छाओं का दामन करना पड़ता है।

अपचारी किशोरों के अपराध हेतु रोकथाम के उपाय- - अपचारी किशोरों के अपराध हेतु रोकथाम अति आवश्यक है। अपचारी किशोरों का उपचार करने तथा उनहें समुचित शिक्षा प्रदान करने के कई उपायों का वणन किया गया है, जो इस प्रकार है-

- आत्मसम्मान के विकास हेतु शिक्षा
- अच्छी आदतों के निर्माण हेतु शिक्षा
- समस्या समाधान हेतु शिक्षा
- समाजीकरण हेतु शिक्षा
- नैतिक विकास हेतु शिक्षा
- नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन हेतु शिक्षा
- अध्ययन की उत्तम आदतों के विकास हेतु शिक्षा
- सामाजिक अधिगम हेतु शिक्षा
- सृजनात्मक चिंतन के विकास हेतु शिक्षा
- शैक्षिक निदान हेतु शिक्षा

अतः उपयुक्त तथ्यों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि अपचारी बालकों हेतु उपचारात्मक शिक्षा के माध्यम से उनको नई दिशा दी जा सकती है।

समतामूलक और समावेशी शिक्षा: सभी सभी के लिए अधिगम- नई शिक्षा नीति- 2020 में प्रत्येक बालक के लिए समावेशी अधिगम की बात की गई है। जिससे सभी का विकास हो सके। शिक्षा, सामाजिक न्याय और समानता प्राप्त करने का एकमात्र और सबसे प्रभावी साथ साधन है। सामाजिक -आर्थिक रूप से वंचित(एसईडीजी) बालकों को इसमें रखा गया है। सामाजिक रूप से वंचित बालकों में अपराधी बालक आते हैं। जिनको शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़कर उनको एक नई दिशा दे जा सकती है। शिक्षा, सामाजिक न्याय और समानता प्राप्त करने का एकमात्र और सबसे प्रभावी साधन है। अर्थात् समतामूलक और समावेशी शिक्षा न सिर्फ स्वयं में एक आवश्यक लक्ष्य है, बल्कि समतामूलक और समावेशी समाज निर्माण के लिए भी अनिवार्य कदम है। जिसमें प्रत्येक नागरिक को सपने संजोने विकास करने और राष्ट्र हित में योगदान करने का अवसर उपलब्ध हो। **(नई शिक्ष नीति-2020)**

निष्कर्ष

अतः उपयुक्त तथ्यों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि अपचारी किशोरों हेतु उनके संपूर्ण विकास के लिए शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, संवेगात्मक, चारित्रिक, नैतिक आदि के लिए सही दिशा देना आवश्यक है। जिसके लिए प्रारंभ से ही ऐसे किशोरों को प्राय: पहचान कर उनका समुचित नैदानिक

उपचार किया जाना आवश्यक है। जिसके लिए विभिन्न प्रविधियां है। इन प्रविधियों का उपयोग करके अपचारी बालकों में सुधार लाया जा सकता है और समाज में उनको जोड़ा जा सकता है क्योंकि छोटे-छोटे अपराध आगे चलकर बड़े-बड़े अपराध में परिवर्तित हो जाते हैं। जो समाज के लिए बहुत अहितकारी है। जिसके लिए यह अति आवश्यक है कि ऐसे किशोरों के असामान्य व्यवहार को पहचान कर उनका नैदानिक उपचार करके उनके व्यवहार में परिवर्तन लाया जा सके, जिससे वह समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके और समाज में अपनी भूमिका का सकारात्मक रूप से निवेदन कर सके। किशोरों की मनोदशा एवं उनके व्यवहार को यदि सही दिशा मिल जाती है, तो समाज के लिए विशेष लाभ पहुंचाते हैं और यदि उनको सही दिशा नहीं मिल पाती है, तो वह समाज के अपराधी प्रवृत्ति में लिप्त हो जाते हैं, जिससे वह समाज हेतु हानि पहुंचते हैं। अर्थात् अपचारी किशोरों के असामान्य व्यवहारों के कारणों की रोकथाम करना अति आवश्यक है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची-

1. सिंह, अरुण कुमार (2001), आधुनिक असामान्य मनोविज्ञान, मोतीलाल बनारसी दास प्रकाशन
2. सिंह, अरुण कुमार (2013) , शिक्षा मनोविज्ञान, भारती भवन, पब्लिसर एडं डिस्ट्रीब्यूटर्स
3. भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 https://www.education.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/NEP_Final_English_0.pdf.
4. https://hi.m.wikipedia.org/wiki/%E0%A4%95%E0%A4%BF%E0%A4%B6%E0%A5%8B%E0%A4%B0_%E0%A4%85%E0%A4%AA%E0%A4%B0%E0%A4%BE%E0%A4%A7
5. https://www.bncoerplus.com/course/welcome-to-juvenile-delinquency/#1534237108626-c64bfcac-6055

समकालीन भारत में सार्वजनिक सेवाओं की प्रदायगी से सम्बंधित मुद्दे: चुनौतियां और संभावनाएं

रामलाल कूड़ी
शोधार्थी, लोक प्रशासन विभाग, राजकीय कला महाविद्यालय,
कोटा (एफिलिएटेड टू डायरेक्टरेट ऑफ़ रिसर्च कोटा विश्वविद्यालय)
Email-ramlal.koodi@gmail.com

शोध सारांश:-
इस लेख में सार्वजनिक सेवाओं की प्राप्ति से अभिप्राय, प्रकृति, उपलब्धता हेतु वित्तीय व अन्य संसाधनों का अनुकरण, न्यूनतम भलाई के साथ साथ राज्य पर कानून द्वारा अनिवार्य सिद्धांत, राज्य की भूमिका, सार्वजनिक सेवाएँ तथा आर्थिक विकास की संकल्पना, सार्वजनिक सेवाओं से सम्बंधित संवैधानिक और वैधानिक प्रावधान, भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक सेवाओं के वितरण के क्षेत्र में बुनियादी पहुँच प्रदान करने के क्षेत्र में विभिन्न संस्थागत, प्रणालीगत, अनौपचारिक आदि वैधानिक प्रावधान व अधिनियम और भारत में सार्वजनिक सेवा प्राप्ति के क्षेत्र में कारणों/सीमाओं तथा सार्वजनिक सेवा वितरण को प्रभावी और कुशल बनाने के उपाय, 21वीं सदी के शुरुआती दशकों में सेवा वितरण के नागरिक-शक्त प्रावधानों का उल्लेख किया गया है।

संकेताक्षार: सूचना का अधिकार 2005, राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रोजेक्ट-1 एवं मिशनमोड परियोजनाएं तथा ई-जिला कार्यक्रम 2006, लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010, NEGP-II (डिजिटल इंडिया), NESDA Frame Work 2019, मिशन कर्मयोगी 2020, गुड गवर्नेंस इंडेक्स जीजीआई GGI 2021, NESDA New Frame Work 2023

परिचय

सार्वजनिक सेवाओं से अभिप्राय राजकीय सेवाओं तक लोगों की सीधी पहुँच से हैं, ये सेवाएं व्यक्ति के जीवन-पद्धति से सीधी जुड़ी होती है और व्यक्ति की समाज, राज्य आदि में आर्थिक-सामाजिक-राजनीतिक आयाम को सुनिश्चित करती है। सार्वजनिक सेवाएँ नागरिकों और राज्य के बीच सर्वाधिक अन्तराफलक (Interface) प्रदान करती है।

भारत ने सार्वजनिक सेवाओं तक पहुँच प्रदान करने में तकनीकी व संस्थागत स्तर पर व्यापक कार्य किया है, परंतु गुणवत्ता ,विश्वसनीयता और प्रभावशीलता के मानकों से अभी कोसों दूर है। सार्वजनिक सेवाओं को समयानुकूल बनाने के लिए प्रशासनिक सुधार अपेक्षित होते हैं। ब्रिटिश युग में प्रशासन का प्राथमिक कार्य कानून व्यवस्था को बनाए रखना तथा सार्वजनिक सेवाओं का वितरण द्वितीयक लक्ष्य था। स्वतंत्र भारत में सामाजिक-आर्थिक ढांचे में क्रांतिकारी परिवर्तनों के लक्ष्य को प्रथम दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक सेवाओं के सुधारों को व्यपाक पुनर्गठित किया गया।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात सार्वजनिक सेवाओं तक पहुँच को नवनिर्मित भारत राष्ट्र के संदर्भ में ढालना दूरह कार्य था जहां एक ओर नौकरशाही की मानसिकता ब्रिटिश भारत से विरासत में प्राप्त संभ्रांत-वर्गीय थी, वहीं दूसरी ओर इसके लिए आवश्यक संस्थागत प्रयास पूर्व में नाकाफी था। देश की विस्तृत भौगोलिक स्थिति के कारण ज़िला-पंचायत स्तर पर सेवा-प्रदाता (संस्थागत पर्याप्त आकार) संस्थाओं का अभाव था। धर्म व जाति में विभाजित इस सामाजिक व्यवस्था में न्याय पूर्ण वितरण एक चुनौतीपूर्ण कार्य था।

सार्वजनिक सेवाओं की अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए (स्वतंत्र भारत की विशाल आबादी जिसका 80% भाग ग्रामीण था) पंचायत स्तर पर संस्थागत प्रयास को प्रथम दृष्टया अनुभव किया गया, इसके लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने राजस्थान के नागौर जिले में इसकी नींव पंचायती राज के रूप में रखी। 1960 के मध्य देश की स्थिति और विकट हो गई थी। अकाल, सामुदायिक कार्यक्रम की विफलता, 1962 का भारत-चीन युद्ध, 1965 का भारत-पाक युद्ध आदि कारक इसके लिए उत्तरदायी थे, फलस्वरुप सार्वजनिक सेवाओं के वितरण हेतु संस्थागत प्रयास मंथर गति से होते रहे।

80 के दशक में पूंजीवादी देशों में सार्वजनिक सेवाओं के संस्थागत वितरण के तंत्रों में प्राइवेट सेक्टर के प्रवेश को अनुमति मिली इस समय तक स्वतंत्र भारत भी 80 के दशक तक वैश्विक पटल पर अपनी भूमिका सुनिश्चित कर चुका था। अतः इन सुधारों का प्रभाव भारत में पडना भी अपेक्षित था, इसकी परिणति 1991 के आर्थिक सुधारों से शुरू होकर 73वें, 74वें संविधान संशोधनों के माध्यम से पंचायती राज व स्थानीय शहरी निकायों को संवैधानिक आधार मिला। फलस्वरुप मात्रात्मक रूप से बढ़ती जनसंख्या के लिए सार्वजनिक सेवाओं तक पहुँच के संस्थागत आयाम विस्तृत होते गए जो बीसवीं शताब्दी के अंतिम वर्षों में कंप्यूटरीकृत होते हुए सूचना प्रौद्योगिकी युग में राजकीय फाइलों से निकलकर नवीन आयामित हुए। बीसवीं शताब्दी में इन सेवाओं के वितरण में और तेजी को गति इंटरनेट-सुगमता के प्रयासों से मिली फलस्वरुप नए संस्थागत प्रयास सूचना का अधिकार, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, इंटरनेट हेतु राष्ट्रीय आधार, नेशनल ई-गवर्नंस प्रोजेक्ट (NEGP) आदि समयागत

आवश्यकताओं के संदर्भ में जुड़ते गए, जो पूर्ववर्ती संस्थागत प्रयासों का प्राइवेट सेक्टर के सम्मिलित प्रयास से डिजिटल प्रौद्योगिकी का वर्तमान स्वरूप है।

सार्वजनिक सेवाओं की प्राप्ति से अभिप्राय सरकार द्वारा अपने नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं से जो सार्वजनिक क्षेत्र के माध्यम से या सेवाओं के निजी प्रावधान के वितपोषण द्वारा होती है। सार्वजनिक सेवा की प्राप्ति सार्वजनिक जीवन या कल्याण को आसान बनाती है। लाभार्थियों द्वारा ग्रहण और स्वागत के लिए अनुकलता अनिवार्य होती है। सामाजिक सहमति का सिद्धांत भी इसकी वकालत करता है और राज्य से अपेक्षा करता है कि कुछ सेवाएँ सभी के लिए उपलब्ध होनी चाहिए। सार्वजनिक सेवाओं की प्राप्ति के लिए सार्वभौमिक प्रावधान की गांरटी की अपेक्षा की जाती मूलभूत मानवाधिकार की विचारधारा भी इसका समर्थन करती

इसके लिए संसाधनों को युक्तिसंगत बनाना, योजना को मानव संसाधनों के आधार पर वितरित करना इसका प्रमुख लक्ष्य होता है।

सार्वजनिक सेवाएँ निर्धनों के लिए अत्यावश्यक होती है जो अपनी उत्तरजीविता और निर्धनता के दुष्चक्र से बाहर आने के लिए इन पर आश्रित होते है। गुणवत्ता विश्वसनीयता और प्रभावशीलता इनके उच्च स्तरीय प्रदर्शन हेतु आवश्यक होती है। सार्वजनिक क्षेत्र को सेवा प्राप्ति में एक निष्क्रिय वाहन के रूप में देखा गया है। महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में सार्वजनिक सेवाओं की प्राप्ति व वितरण राज्य की मूल जिम्मेदारी समझी जाती है। इनकी उपलब्धता हेतु वित्तीय व अन्य संसाधनों का अनुकरण किया जाता है। न्यूनतम भलाई के साथ साथ राज्य पर कानून द्वारा अनिवार्य सिद्धांत भी आरोपित किया जाता है। इस प्रकार राज्य की भूमिका, निर्वाचित प्रतिनिधियों और सार्वजनिक अधिकारियों को सेवा प्राप्ति में केन्द्रीय भूमिका में लाती है।

अल्प आय वाले देशों में सार्वजनिक सेवाओं की प्राप्ति मुक्त अथवा रियायती प्रावधान का व्यापक उद्देश्य गरीब व वंचित वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करके गरीबी के दुष्चक्र से बाहर निकालती है। उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में व्याप्त असमानताओं को दूर करने में भी सार्वजनिक सेवाओं की प्राप्ति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है जैसे आर्थिक असमानता, लैगिंक असमानता, जाति आधारित भेदभाव आदि। इस प्रकार शासन की गुणवत्ता का आर्थिक विकास पर सीधा प्रभाव पडता है और लोक प्रशासन की प्रभावशीलता सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता पर निर्भर है।[1] सार्वजनिक सेवाओं का वितपोषण वस्तुतः कराधान (Taxation) द्वारा फंड़ प्राप्ति से होता है, वित्तीय मुनाफा इनका उद्देश्य नही होता है। प्रकृति गैर-वाणिज्यिक स्वरूप में होने से इनमें बाजार प्रतिस्पर्धा को महत्व नही दिया जाता है। आधार साम्ययुक्त होने पर राज्य में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर धन आवंटन होता है।[2] सार्वजनिक सेवाओं के वितरण (सेवा प्राप्ति) व विकास के विभिन्न आयामों में सीधा सम्बन्ध होता है। ये पैमाने

आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक आदि स्तरों पर मापे जाते है। अधिकांश अल्प विकसित व विकासशील राष्ट्रों में सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम जैसे कम लागत वाले भोजन का सार्वजनिक प्रबन्धन गरीबों को अल्पपोषण, अल्परोजगार तथा गरीबी के दुष्चक्र से बचाने में मदद करता है।

सार्वजनिक सेवाओं से सम्बंधित संवैधानिक और वैधानिक प्रावधान

भारतीय संविधान में संवैधानिक व वैधानिक प्रावधानों को प्रस्तावना, संविधान की अनुसूचियों, मूल अधिकारों के साथ-साथ नीति-निर्देशक तत्वों में उचित स्थान दिया-

a. अनुच्छेद 15(1) धर्म, मूल, वंश, जाति, जन्म स्थान के विरूद्ध विभेद का विरोध करता है।
b. अनुच्छेद 16(1) नागरिकों के लिए नियत नियुक्ति व नियोजन से सम्बंधित अवसर की समानता का समर्थन करता है।
c. अनुच्छेद 21 में प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता के अधिकार का उपबन्ध है।
d. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21(A) के अनुसार, भारत में 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा की आवश्यकता को अधिकार देता है।
e. अनुच्छेद 32 मौलिक अधिकारों के उल्लंघन की स्थिति में व्यक्तियों को न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट में जाने का अधिकार देता है।
f. अनुच्छेद 226 देश के उच्च न्यायालयों को मौलिक और कानूनी अधिकारों के प्रवर्तन के लिए अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर किसी भी व्यक्ति या प्राधिकरण को रिट जारी करने की शक्ति प्रदान करता है।
g. नीति-निर्देशक तत्व का अनुच्छेद 39(1) राज्यों को निर्देश- सभी नागरिकों के हेतु समान जीवीकोपार्जन के साधन प्राप्त करने का अधिकार देता है।
h. अनुच्छेद (45) में बाल्यावस्था में देखरेख में शिक्षा देने का 6 वर्ष तक का प्रावधान सम्मिलित है।
i. अनुच्छेद (47) में नागरिकों के पोषण व जीवन स्तर को उत्तम स्वास्थ्य सुधार द्वारा प्राप्त करने से सम्बंधित है।



21वीं सदी के शुरुआती दशकों में सेवा वितरण के नागरिक-शक्त वैधानिक प्रावधान

1.सूचना का अधिकार

सूचना का अधिकार को सूचना पाने की आजादी का अधिकार के रूप में अनुच्छेद 19(1)A के साथ पढा जाता है। भारत में इसे 2005 में लागू किया गया था। यह सरकारी दस्तावेजों के प्रकटीकरण का आधार है जो यह बताता है कि सरकार क्या व कैसे सरकारी प्रक्रिया को करती है। यह सुशासन की आधारभूत कुंजी है, जो नागरिक सशक्तिकरण के पथ-पदर्शक के रूप में ज्यादा खुलेपन, जवाबदेही, अनुक्रियाशीलता के रूप में जन-हितेषी शासन को जन्म देता है। संवेदनशील सूचना की गोपनीयता, सीमित राज्य वित्तीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग, सरकारों में दक्ष प्रचालन, लोकहित के बीच सांमजस्य यह अधिकार बनाए रखता है।[3]

सूचना के अधिकार के समक्ष चुनौतियों को निम्नलिखित स्वरूप में इस शोध अध्ययन में प्रस्तुत किया गया है-

- जागरूकता की कमी
  - अधिकार के बारे में जनअनभिज्ञता।
  - जागरूकता हेतु नोडल एजेंसियों के सीमित कार्य।
- प्रदत्त सूचना की खराब गुणवत्ता
  - 75 प्रतिशत कार्यकर्ता सूचना से संतुष्ट नही।
  - अनावश्यक सूचना की भरमार।
  - आवश्यक सूचना के तथ्यों का मैनीपुलेशन जिससे सूचना में भ्रामकता।

  समय पर सूचना का प्राप्त न होना।
  - सूचना का कुप्रबन्धन।
- सूचना पूरक कानून ''व्हिसल ब्लोअर संरक्षण अधिनियम'' का अप्रभावी क्रियान्वयन।[4]
- सूचना आयोग के संस्थागत ढांचे में अपर्याप्त अवसंरचना/मानव संसाधनों का अभाव।
- नौकरशाही की अभिलेख-रिकार्ड संरक्षण की परम्परागत कुव्यवस्था जिससे सूचना प्रकटीकरण में अनावश्यक विलम्ब।
- 2019 में इस एक्ट में किए गए संशोधन जिसमें केन्द्र व राज्यों में मुख्य सूचना आयुक्त व अन्य आयुक्तों की नियुक्ति, वेतन-भत्तो, सेवा शर्तो का केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रीकरण जिससे इस संभावना को प्रबल बल मिला है कि नवनियुक्त पदाधिकारी वफादारी के लिए जनसामान्य हितों के उपर सताधारी दल के हितों को वरीयता देगें।

2. लोक सेवा गांरटी अधिनियम

पारदर्शी तरीके से निर्धारित समय के भीतर सार्वजनिक सेवा तक पहुँच, ब्यूरोक्रेसी की जवाबदेहिता सुनिश्चित करने, सेवा प्रदान न करने या विलम्ब पर जुर्माना आरोपित करने के कानूनी प्रावधान इसके प्रमुख स्तम्भ है। भारत में राज्यों में बनाए गए लोकसेवा गारंटी अधिनियमों में पारदर्शिता, तटस्थता और विश्वासनीयता को समानता, निरन्तरता, परिवर्तनशीलता और पहुँच में कानूनी गारन्टी मिलती हैं।

इस अधिनियम में निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर सामान्य सेवाएँ जो राजपत्र में उल्लेखित है को प्राप्त करने का अधिकार शामिल है।[5] तय अधिकारी द्वारा तय सीमा में सेवा प्रदान करने से विफल या इनकार पर पीडित व्यक्ति को प्रथम अपीलीय अधिकारी को अपील करने का अधिकार है। अपील को स्वीकार या अस्वीकार करने का आवेदन को सूचना देने की बाध्यता आरोपित की गई है। प्रथम अपीलीय अधिकारी के आदेश से संतुष्ट न होने पर द्वितीय अपील अधिकारी को अपील की जा सकती है, जिससे अनुशासनात्मक कार्यवाही, जुर्माना लगाना, दस्तावेजों की प्रस्तुति और निर्दिष्ट अधिकारियों और अपीलकर्ताओं को समन जारी करने की सिविल कोर्ट को कुछ शक्तियां प्रदान की गई है।

अधिनियम की समीक्षा -लोक सेवा गारन्टी अधिनियम की कुछ बाधक कारकों व उपायों को निम्नानुसार सुझाया गया है यथा-[6]

- राज्यों द्वारा सभी सेवाओं को इस अधिनियम में शामिल न करना- अधिनियम में सम्मलित सेवाओं का दायरा बढाना चाहिए।
- शिकायतों की पहचान में एकरूपता का अभाव- सार्वजनिक समस्या पहचान टूल्स। (आईडेटिफिकेशन टूल्स का प्रयोग)
- शिकायतों के निवारण में एक रूपता का अभाव - एक समान शिकायत निवारण तंत्र की आवश्यकता।
- सेवा वितरण में गुणवत्ता सुनिश्चित न कर पाने के प्रावधानों का शामिल न होना- अधिनियम का उद्देश्य सेवा से आगे जाकर गुणवत्तापूर्वक वितरण सुनिश्चित करना।
- कमजोर प्रवर्तन तंत्र- अपने ही जूनियर अधिकारी (प्रथम अपीलीय) के विरूद्ध सीनीयर अधिकारी (द्वितीय अपीलीय) के कदम पर नागरिक अविश्वास-ब्यूरोक्रेसी से अलग अपने प्रवर्तन तंत्र की आश्यकता जैसे राज्यीय ट्रिब्यून।
- नागरिक चार्टर अधिनियम के साथ इस अधिनियम की संयुक्तता वर्तमान समय की मांग- क्रियान्वयन और प्रतिक्रिया के बेहतर तंत्र की आवश्यकता।
- अधिनियम के क्रियान्वित अधिकारियों के प्रशिक्षण की आवश्यकता

- अन्य प्रशासनिक और संस्थागत बाधाएं-
    - बुनियादी ढांचे की कमी।
    - मानव संसाधन व उन तक पहुँच की कमी।
    - अधिनियम के बारे में जनजागरूकता का अभाव।
    - समय सीमा का कड़ाई से पालन का अभाव।

वर्तमान समय की मांग इस कानून में संशोधन अधिनियम लाकर इसे प्रभावी जनोन्मुखी, पारदर्शी, सरल आदि बनाने की है। इसके लिए मनरेगा की तरह सोशल ऑडिट, आधुनिक संचार, प्रौद्योगिकी उपकरणों का प्रवर्तन तंत्र में उपयोग किया जा सकता है।

3 राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रोजेक्ट-1 एवं मिशनमोड परियोजनाएं कार्यक्रम (2006)

राष्ट्रीय ई-शासन योजना (एनईजीपी) में देश भर में ई-शासन प्रयासों का एक समग्र सामूहिक दृष्टिकोण है। सरकार ने 27 मिशनमोड परियोजनाओं और 8 घटकों वाली राष्ट्रीय ई-शासन योजना (एनईजीपी) को 18 मई 2006 को अनुमोदित किया। वर्ष 2011 में सूची में 4 परियोजनाएं- स्वास्थ्य, शिक्षा, पीडीएस और डाक जोड़ दी गईं और इस प्रकार अब 31 मिशनमोड परियोजनाएं (एमएमपी) हैं। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना समग्र देशा में ई-गवर्नेंस पहलों का एक सामूहिक दृष्टिकोणों को एकीकृत करती है। नागरिकों और व्यवसायों को सार्वजनिक सेवा प्राप्ति को वैश्वीकरण के अनूकुल बनाने के लिए सेवाओं की दक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना इसका प्राथमिक दृष्टिकोण है।[7] भौगोलिक चुनौतियों तथा अंतिम लाभार्थी तक पहुँच के लिए साझा सेवा विवरण केन्द्रों तक सभी सरकारों कार्यलयों को राज्यव्यापी वाईड एरिया नेटवर्क (SWAN) के द्वारा जोड़ा गया। ‘‘कभी भी, कही भी’’ सेवा उद्देश्यों के साथ एकीकृत ऑन लाईन सेवा प्रदान करना इनका प्राथमिक उद्देश्य है। न्यूनतम मूल्य व न्यूनतम समय में सर्वसुलभ नागरिक केन्द्रित सेवाओं तक पहुँच इसका ध्येय वाक्य है। गरीब, वंचित, मुख्यधारा से करे अंतिम लाभार्थी तक सेवा पहुँच के सुशासन रूपी लक्ष्य के साथ सामाजिक और आर्थिक विषमता में कमी लाना इसका महत्वपूर्ण उद्देश्य है। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना कार्यक्रम में मानक, नीतिगत मार्गनिर्देशन, तकनीकी सहायता, क्षमता-निर्माण, अनुसंधान एवं विकास के लिए इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार में अंब्रेला स्ट्रक्चर के रूप में निम्न संस्थानों का गठन किया गया है-

 ISSN :3049-334X
वर्ष: 02 - अंक: 01 जनवरी - अप्रैल 2025



राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रोजेक्ट-1 का महत्व-

- भारत बढ़े हुए डिजिटलाइजेशन के एक नए युग के लिए तैयार हुआ है।
- ईज ऑफ डूइंग बिजनेस- राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रोजेक्ट-1 ने तेजी से परियोजना अनुमोदन और परियोजना और नियम ट्रैकिंग में सहायता की है।
- सेवाओं में आसानी- राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रोजेक्ट-1 ने संपत्ति के रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण, एकल-खिड़की शिकायत प्रशासन और महत्वपूर्ण सेवा रखरखाव, साथ ही कर भुगतान और सरकारी बकाया को आसान बनाया है।
- रीयल-टाइम गवर्नेंस- सार्वजनिक और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, मौसम और जलवायु संबंधी घटनाओं की निगरानी को आसान बनाया है।
- लागत में कटौती- सरकारी खर्च के बहुमत के लिए स्टेशनरी खातों की खरीद को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रोजेक्ट-1 ने डिजिटलीकरण द्वारा आसान बनाया है।
- जवाबदेही- ई-गवर्नेंस ने विभिन्न सरकारी प्रक्रियाओं को ऑनलाइन ट्रैक करके भ्रष्टाचार को कम करने में योगदान दिया है।

इस प्रकार राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रोजेक्ट-1 ने डिजिटलीकरण द्वारा आर्थिक समावेश और सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देकर 'डिजिटल इंडिया', 'मेक इन इंडिया' और 'स्किल इंडिया' जैसी परियोजनाओं के लिए आधार तैयार किया है।

4. डिजिटल इंडिया

ट्रांसफॉर्मिंग ई-गवर्नेंस फॉर ट्रांसफार्मिंग गवर्नेंस ध्येय वाक्य के साथ 25 मार्च 2015 को केन्द्रीय मंत्रीमंडल ने इसका अनुमोदन किया था जो 2.5 लाख पंचायतों को ब्रॉडबैंड आधारित नेटवर्क से जोड़ेगा।

डिजिटल इंडिया की उपलब्धियां

डिजिटल इंडिया कार्यक्रमों पर वर्तमान में एक लाख करोड़ से अधिक प्रशासनिक व्यय हो चुका है, जिसने डिजिटल साक्षरता की दिशा में व्यापक कार्य किया है। चार लाख पब्लिक इंटरनेट केन्द्रों, 2.4 लाख स्कूलों, विश्वविद्यालयों में वाई-फाई, लाखों लोगों को आईटी, टेलीकॉम और इलोक्ट्रोनिक सेक्टर में रोजगार, 2020 तक नेट जीरो प्राप्ति इसके लक्ष्य थे, अधिकांश की प्राप्ति सफलतापूर्वक कर ली गई है।[8]

5. राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सर्विस डिलीवरी असेसमेंट (NESDA)

ई-सरकार के प्रयासों और डिजिटल सरकार की उत्कृष्टता को बढावा देने के लिए 2019 में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सर्विस डिलीवरी असेसमेंट (NESDA) का गठन किया था। यह संगठन द्विवार्षिक अध्ययन के रिपोर्ट प्रकाशन द्वारा राज्यों, केन्द्रशासित प्रदेशों और केन्द्रीय मंत्रालयों की ई-गवर्नेंस सेवा वितरण की प्रभावशीलता व नागरिक केन्द्रित सेवाओं के वितरण में सुधार करने में मदद करता है, साथ ही विभिन्न अनुसंधान नवाचारों, तकनीकी प्रयोग आदि सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करता है।

NESDA की रिपोर्ट सात क्षेत्रों वित्त, श्रम और रोजगार, शिक्षा, स्थानीय शासन और सेवा उपायोगिता, समाज कल्याण और पर्यटन क्षेत्रों की सेवाओं को शामिल करता है। इसमें प्रत्येक राज्य व केन्द्र शासित प्रदेशों के लिए 56 अनिवार्य सेवाएँ तथा केन्द्रीय मंत्रालयों के लिए 27 सेवाएँ शामिल है।

NESDA के दूसरे व नवीनतम संस्करण में प्रथम समूह में पहाडी व उत्तरी-पूर्वी राज्य आते है दूसरे समूह में भारतीय संघ के केन्द्रशासित प्रदेशों को सम्मलित किया गया है, शेष राज्यों को समूह ए व समूह बी में वर्गीकृत किया गया है।

NESDA रिपोर्ट का संक्षिप्त महत्व निम्न बिन्दुओं में दर्शाया गया है-

- राज्यों में ई-गवर्नेंस सेवाओं के लिए प्रोत्साहन होड।
- सेवाओं तक एकीकृत पहुँच।
- समान डिजिटल अनुभव व सहज ज्ञानयुक्त नेवीगेशन।
- बेहतर सामग्री उपलब्धता।
- मजबूत सूचना सुरक्षा।
- गोपनीय तंत्र के माध्यम से उपयोग में आसानी।
- वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के माध्यम से (वर्क फ्रॉम होम जैसी) लचीली कामकाजी नीतियां में एप्प और वेबसाइट का डिजाइन।
- प्रौद्योगिकी के उपयोग से सेवा प्राप्ति तंत्र में क्षमता निर्माण।

NESDA 2021 रिपोर्ट में ई-सेवाओं की उत्कृष्टता की यात्रा के लिए उत्साहजनक निष्कर्ष प्रदान किए है जिसमें डिजिटल सेवा वितरण में और सुधार की गुंजाइश की संभावना को रेखांकित किया है। NESDA Report महामारी के समय शासन में VPN सुरक्षा उपायों के संचालन की आवश्यकता, वर्क-फ्राम-होम आधारित लचीली कार्यनीतियों, न्यू एप्प डिजाइनिंग, डाटा प्राइवेसी एवं सिक्योंरिटी बिल, हित धारक मार्गदर्शन, ऑन लाईन मूल्यांकन प्रोसेस, एडवाइजरी वर्कशॉप आदि को सेवा वितरण प्रणाली में शामिल करने व बढाने का सुझाव देता है। NESDA के ये प्रयास सार्वभौमिक रूप से सुलभ डिजिटल संसाधनों का निर्माण करते हैं, साथ ही अंतिम लाभार्थी तक नागरिक सेवा वितरण को निर्बाध रूप से पहुचाने के लिए जिला प्रशासन की पहलों को भी सम्मलित करता है। इस संस्करण में डिलीटल NESDA फ्रेमवर्क G2B और G2C संस्तर के तहत सेवाओं को भी शामिल किया गया है, साथ ही ऑनलाइन सेवाओं के कवरेज प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के डिजाइन, सार्वजनिक खरीद जैसे पहलुओं को जगह दी गई है।

NESDA 2021 रिपोर्ट के निष्कर्ष-

नेस्डा की रिपोर्ट देशभर में ग्रुप ए के शेष राज्यों में शीर्ष स्थान केरल ने बनाए रखा है, तमिलनाडु ने द्वितीय व पंजाब ने तृतीय तथा गुजरात निम्नतम पायदान पर है। ग्रुप बी राज्यों में उड़ीसा शीर्ष पर है इसके बाद उत्तर-प्रदेश और बिहार है। उत्तरी-पूर्वी राज्यों में नागालैड़, मेघालय और असम शीर्ष पर है। केन्द्रशासित प्रदेशों में जम्मू-कश्मीर सबसे उपर है और उसके बाद अंडमान-निकोबार, पुडुचेरी, दिल्ली और चंडीगढ है। केन्द्रीय मंत्रालयों के समग्र अनुपालन में गृह मंत्रालय का स्कोर उच्चतम था तत्पश्चात ग्रामीण विकास, शिक्षा और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालयों ने सभी मूल्यांकन मापदड़ों में 80 प्रतिशत से उच्च स्कोर प्राप्त किया है।

NESDA 2023 में निम्नलिखित प्रवृतियां उभरकर आई है-

1. ई-सेवा वितरण में वृद्धि।
2. ई-सेवाओं हेतु केन्द्रीकृत पोर्टल के उपयोग में देशभर में वृद्धि।
3. मूल्यांकन पैरामीटर स्कोर में सुधार।
4. एकल साइलो विभागीय पोर्टल पर स्थानान्तरित होने वाली ई-सेवा वितरण की बढती प्रवृति।

6. राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता विकास कार्यक्रम अर्थात मिशन कर्मयोगी

इसका उद्देश्य किसी भी पद पर तैनात सरकारी अधिकारी के लिए आवश्यक अधिकारी के लिए आवश्यक बिहेविरियल और फंक्शनल दक्षताओं को आईडेंटिफाई करके मैक्सिमम आउटपुट उसके ड्यूटीस के निर्वहन से प्राप्त करना। विभिन्न संवर्गों भौगोलिक क्षेत्रों में तैनात सभी सरकारी अधिकारियों तक वर्ल्ड क्लास लर्निंग पैटर्न के लिए इक्वल रिच (समान पहुँच) तैयार करना, एक ऑफिसर की रूचियों और कैरियर एम्बीसन्स को पहचानकर प्रशिक्षण के माध्यम से प्रदर्शनीय विशेषज्ञता का निर्माण करना इसके लक्ष्य है।

 ISSN :3049-334X
वर्ष: 02 - अंक: 01 जनवरी - अप्रैल 2025

प्रभाव

1. इच्छुक राज्य सरकारें भी अपनी क्षमता अनुसार विकास योजनाओं को इसी तर्ज पर तैयार करने में सक्षम हो सकेगी।
2. एक ऐसी पेशेवर, सुप्रशिक्षिति और भावी दृष्टिकोण रखने वाली सिविल सेवा का निर्माण करना जो-

a. भारत की विकासात्मक आकाक्षाओं राष्ट्रीय कार्यक्रमों व प्राथमिकताओं की साझा समझ।
b. दक्षता उन्मुख प्रशिक्षण एवं मानव संसाधन प्रबंधन का एक व्यस्थित तंत्र।
c. नागरिक व समाज के परस्पर सम्बन्ध रखने वाली हो।

इस प्रकार मिशन कर्मयोगी केन्द्र सरकार के सिविल कर्मचारियों के कार्यात्मक व व्यवहारात्मक दक्षताओं का विकास करने वाला एक समग्र विकास कार्यक्रम (Holistic Development Programme) है जिसका पूर्ण उपयोग अंतिम उत्पादन (End Production) सिविल सेवाओं को बेहतर सेवा प्राप्ति के लिए वैश्विक मानदंड़ो के आधार पर तैयार करना है।[9]

7. सुशासन सूचकांक (Good Governance Index (GGI)

सुशासन सूचकांक व्यापक व कार्यान्वयन योग्य फ्रेमवर्क में राज्यों/जिलों की राष्ट्रीय रैंकिंग बना कर राज्य सरकारों द्वारा शुरू की गई योजनाओं की स्थिति का मूल्यांकन करके विकास हेतु प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न करना है।[10] Darpag ने 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाने के उपलक्ष में 2019

में पहली बार इस रैंकिंग को जारी किया गया था। GGI की श्रेणियां निम्नलिखित आरेख में विभाजित की गई है-

सुशासन सूचकांक 2020-21 का संक्षिप्त मूल्यांकन निम्नानुसार है-

- 58 सूचकाकों के साथ गुजरात समेकित रैकिंग में प्रथम स्थान पर रहा है।
- उत्तर-प्रदेश ने 8.9 प्रतिशत सुधार के साथ कम्पोजिट गुड गवर्नेंस स्कोर किया।
- हिमाचल प्रदेश ने कम्पोजिट रैकिंग की उत्तरी-पूर्वी/पहाड़ी राज्य श्रेणी में टॉप किया।
- केन्द्रशासित प्रदेशों की कम्पोजिट जीजीआई स्कोर में 3.7 प्रतिशत के साथ जम्मू-कश्मीर ने सुधार किया और केन्द्रशासित प्रदेशों में दिल्ली ने टॉप किया।
- समूह ए के राज्यों में गोवा ने उच्चतम वृद्धिशील परिवर्तन 24.7 के साथ प्रदर्शित किया।
- समूह ख के राज्य में मध्यप्रदेश टॉप पर रहा तत्पश्चात राजस्थान व छतीसगढ ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए।
- झारखण्ड ने सर्वाधिक वृद्धिशील परिवर्तन 12.6 प्रतिशत इस समूह में प्राप्त किया।

राष्ट्रीय सुशासन केन्द्र- नेशनल सेन्टर फॉर गुंड गवर्नेस (NCGG) राष्ट्रीय सुशासन केन्द्र यह मंच सुशासन सुधारों को लागू करने में सरकार के मार्गदर्शक की भांति कार्य करता है। इसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

- यह संस्थान राष्ट्रीय/राज्य/स्थानीय स्तर पर उच्च स्तरीय शोध और क्षमता निर्माण संस्थान के रूप में कार्य करता है।[11]

- NCGG श्रेष्ठ पद्धतियों, पहल और कार्य प्रणालियों जो ई-गवर्नेंस, नवाचार और सरकार के भीतर चैंज मैनेजमेंट (Change Management) को प्रोत्साहित करे उसके इंफ़ॉर्मेशन कलेक्शन सेंटर (Information Collection Centre) के रूप में कार्य करता है।
- भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/राज्य सरकारों में शासन के मुद्दों पर तालमेंल बिठाते हुए सुशासन को सार्थक बनाता है।
- लोक प्रबंधन के वैधानिक पहलुओं पर राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर क्षमता निर्माण को प्रोत्साहित करता है।
- नवचारी विचारों व नवचारी कार्य-पद्धतियों की स्थापना के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ शोध एवं क्षमता निर्माण के लिए सम्पर्क करता है।
- उन्नत शासन को प्रोत्साहित करने के लिए एडवाइजरी/वर्कशॉप/ सेमीनार/कॉनफ्रेंस/डायलॉग्स का आयोजन करता है।
- क्रियात्मक अनुसंधान/अध्ययन से सम्बंधित शासन के मुद्दों पर नागरिक-केन्द्रित अप्रोच विकसित करता है।
- सुशासन को बढावा देने वाली विशिष्ट पहलों के द्वारा शैक्षिक एवं बौद्धिक अन्तर-समन्वय को स्थापित करता है।[12]
- सुशासन सूचकांक को तैयार करने में पर्यवेक्षी के रूप में कार्य करता है।
- World Good Governance Report में भारत के लिए प्रतिनिधित्व करता है।[13]
- आकांक्षी जिला कार्यक्रम (नीति-आयोग) रिपोर्ट बनाने में मार्गदर्शक का कार्य करता है। Public Policy और Governance पर, सार्वजनिक नीति प्रशासन,राष्ट्रीय महत्व केंद्र, आईआईएम, आईआईटी विभिन्न केंद्रीय और डीम्ड विश्वविद्यालय आदि के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित करता है।[14]

8. सेवोत्तम फ्रेमवर्क (Sevotam Frame work Modules)

सतत आधार पर सेवा प्राप्ति गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए मूल्यांकन सुधार ढांचा संस्थानिकरण ही सेवोत्तम फ्रेमवर्क कहलाता है।

सार्वजनिक वितरण प्रणालियों में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से आमूल-चूल परिवर्तन लाने के लिए यह विभिन्न स्टैक होल्डर (Government Private & Citizens) के मध्य प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान का कार्य करता है।

भारत ने सार्वजनिक सेवा प्राप्ति के क्षेत्र में बुनियादी पहुँच प्रदान करने के क्षेत्र में व्यापक प्रदर्शन किया है परन्तु विभिन्न संस्थागत, प्रणालीगत, अनौपचारिक आदि कारणों की वजह से प्रदर्शन निम्नस्तरीय रहा है।

इस शोध अध्ययन में ऐसे ही कुछ कारकों की पहचान की गई है, जिनका संक्षिप्त वर्णन निम्नानुसार बिन्दुओं में है-

- लोक सेवकों का अल्पवाधिक कार्यकाल, व्यक्तिगत और संगठनात्मक क्षमता निर्माण का अभाव और नौकरशाही जटिलताओं (लालफीताशाही, उच्च संभ्रात मानसिकता, राजनीतिक निकटता) के कारण भ्रष्टाचार के अवसरों में वृद्धि।
- राजनीतिक उदासीनता व पर्याप्त प्रोत्साहन न होने के कारण परिवर्तन के लिए प्रभावी नागरिक दबाव का उत्पन्न न होना।
- परस्पर अतिव्यापी भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसियों की बहुलता और धीमी भ्रष्टाचार विरोधी कानूनी प्रक्रियाएं, जवाबदेही तंत्रों की कमजोरियाँ, चुनावों की अविनियमित लागत और वित्त पोषण हेतु वैद्य स्रोतों का अभाव।
- सार्वजनिक सेवाओं की बहुविविध प्रकृति इसलिए मानकों को लागू करना कठिन होता है, क्योंकि गुणवत्ता व मात्रा स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट नही होती है।
- बुनियादी ढांचे के अभाव में ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों में भौतिक पहुँच का अभाव और सार्वजनिक सेवाओं की प्राप्ति व वितरण के दौरान ग्राहक के समय स्लॉट और बेमेल भाषा (विशेषतया अल्पंसख्यक भाषाई निवासित क्षेत्रों में)

- आर्थिक उदारीकरण के बाद मुक्त बाजार नीति से उत्पन्न प्रभाव जैसे असमानता का उच्च स्तर, श्रम उत्पादकता का प्रतिकूल प्रभाव जिससे न्यून मानव पूंजी विकास परिणाम के रूप में होता है।
- अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि दर और न्यून मानव पूंजी विकास से नवाचार व तकनीकी परिवर्तन की न्यूनदर फलस्वरूप अल्प आर्थिक विकास दर।

लोक प्रशासन की प्रभावशीलता सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता पर निर्भर होती है। अतः इनके वितरण में निम्नानुसार सुधार व प्रयास अपेक्षित है-

- राजनीतिक दलीय विचारधारा व नेतृत्व के दृष्टिकोण से परे दलीय सहमति।
- लोक-सेवको के कार्यकाल की स्थिरता और प्रबन्धकीय स्वायत्तता।
- सेवा वितरण परिणामों में सुधार हेतु संस्थागत प्रतिस्पर्धा को बढावा देना।
- ई-गवर्नेंस, आईसीटी, मोबाइल गवर्नेंस जैसे प्रौद्योगिकी उन्मुख प्रणालियों के उपयोग माध्यम से लेन देन को सरल बनाना।
- कार्य संचालन प्रक्रियाओं में परिवर्तन जो राज्य व नागरिकों के मध्य सम्पर्क को सुगम बनाती है।
- केन्द्रीकृत निगरानी प्रणालियों का निर्माण, अंतर, एजेन्सी समन्वय में सुधार, प्रभावी सिविल सोसायटी सम्बन्ध जैसे अन्त:संगठनीय प्रक्रियाओं की री-इंजिनियरिंग।
- बेहतर सेवा वितरण के स्थानीय स्तरीय रक्षोपायों के साथ विकेन्द्रीकरण को अपनाना।
- सूचना तक पहुँच को बढावा देना, दुर्भावना के विरूद सार्वजनिक दबाव उत्पन्न करने के लिए भ्रष्टाचार विरोधी संस्थानों का उपयोग करना।
- मीडिया सिविल सोसायटी, नागरिक दबाव समूहों का क्षमता निर्माण
- सार्वजनिक सेवाओं की होम डिलीवरी, सार्वजनिक सेवाओं का अधिकार जैसे प्रगतिशील कानूनों का निर्माण व अधिनियम।
- व्यापक सूचना, शिक्षा और संचार (आईएफसी) अभियान जिससे नागरिक अधिकार व दायित्व की समझ उत्पन्न हो।

निष्कर्षत

उपरोक्त संदर्भित बिन्दु भारत में सार्वजनिक सेवा वितरण पर प्रकाश डालते है। इसमें सुधार के लिए सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्रों में निवेश की आवश्यकता वर्तमान की मांग है। नागरिक केन्द्रित सेवाओं में गुणवत्ता व क्रमिक सुधार के लिए केवल सार्वजनिक क्षेत्र पर्याप्त नही है इनकी प्रभावी

वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सर्विस डिलीवरी के प्राइवेट स्टैक होल्डर को भी सम्मलित करना पडेगा, साथ ही संचार व सूचना के माध्यमों को प्रौद्योगिकी की नवीनतम तकनीकों से जोडना पडेगा ताकि सरकारी कार्यों व परियोजनाओं का अधिकतम आउटपुट मिल सके। नागरिकों की सेवा पहुँच को और अधिक व्यापक बनाना होगा। 5जी सेवा से जोडकर M. Governance जैसी Soft Application Based Services को ओर अधिक प्रभावी व सैंधप्रुफ बनाना होगा। सरकारी बेवसाईट को अद्यतन रखते हुए प्रक्रियाओं को सरल व बहुभाषी बनाना होगा जिससे आमजन की समझ व पहुँच बढ सके। नागरिक केन्द्रित सेवाओं की प्रभावी गुणवता सार्वजनिक सेवाओं की प्रभावी डिलीवरी को निष्पादन एवं क्रियान्वयन के मानकों पर खरा उतरने के लिए इनको पारदर्शी निष्पक्ष, सुधारात्मक एवं गुणवतापूर्वक बनाना होगा। परम्परागत प्रशासन, प्रशासनिक जटिलताओं व प्रशासनिक कार्य संस्कृति की औपनिवेशिक मानसिकता से युक्त है जो काम को करने के बजाए टालने की प्रवृतिन्मुख होता है। जनसामान्य के व्यवहार के प्रति उदासीनता, कार्यालयिक संस्कृति का विस्तार को अगर किसी न रोका है तो वह कम्प्यूटर जनित सूचना प्रौद्योगिकी का सम्मलित अनुप्रयोग है, जिसने उपयुक्त परेशानियों को कम करके जनसामान्य को सेवान्मुख बनाया है। इसके लिए हितधारकों को सेवाओं की गुणवत्ता का आंकलन करने में समर्थ बनाने के साथ साथ नौकरशाही को प्राथमिकता के आधार पर सेवाओं का वितरण हेतु प्रोत्साहन तंत्र तैयार करना होगा। साथ ही सार्वजनिक सेवाओं के फ्रंटलाइन डिलिवर्स को वेतन के साथ प्रदर्शन आधारित बनाना होगा जिससे पसंदीदा स्थान पर स्थानान्तरण वित्तीय प्रोत्साहन से अधिक प्रभाव होता है।

सार्वजनिक सेवाएँ और कार्यक्रम साधारणतया सरकारी नियमों और विनियमों के माध्यम से एक जटिलजाल द्वारा बिचौलियों से युक्त होकर अंतिम लाभार्थी तक पहुँचते है। वर्तमान में इन बिचौलियों को समाप्त करके सरकार व अंतिम लाभार्थी के बीच सीधा इंटरफेस बनाना है जैसे डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) से युक्त सब्सिडी युक्त सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम बनाना। प्रशासन में पारदर्शिता बढाकर लोकतांत्रिक रूप से लामबंद समुदाय अपने चुने हुए प्रतिनिधियों पर अधिक दबाव डालने व बेहतर सेवाओं की डिलीवरी कराने में सक्षम होते है। इसका सर्वोत्तम उदाहरण ग्राम परिषद की गतिविधियों में व्यापक जनभागीदारी स्थानीय नेताओं के साथ उच्च स्तर के राजनेताओं पर भी अधिक प्रभाव डालती है। राज्य की क्षमता को बढाने के उपायों में शासन के विकेन्द्रीकरण, लोकतांत्रिक लामबंद समुदायों के निर्माण हेतु प्रभावी जनचेतना, निगरानी तंत्र का विकास प्रत्यक्ष इंटरफेस का निर्माण, मानव पूंजी में निवेश आदि उपायों के साथ धीमी व बोझिल न्यायिक प्रणालियों के स्थान पर फास्ट ट्रेक न्यायालयों का निर्माण भी प्रशासनिक सुधारो में अपेक्षित है जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली की प्रभावकारिता को बढा सकते है। अनौपचारिक निगरानी व प्रवर्तन सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता की निगरानी में राज्य की क्षमता वर्धन के प्रभावी उपायों में से एक है जो डिलीवरी की प्रक्रिया में बिचौलियों

की भूमिका को कम करने में कारगार होते है। नागरिकों को लाभ का सीधा वितरण सुनिश्चित करने में प्रौद्योगिकी जैसे बायोमेट्रिक्स भी प्रभावी तंत्र है जो गवर्नेंस में सुधार लाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक मनी ट्रांसफर का आधार-समर्थित नकद हस्तान्तरण से सम्बंधित है।

संदर्भ सूची

1. रिपोर्ट, प्रतिवेदन. (2016). ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया. नई दिल्ली: प्रशासनिक सुधार एवं जन शिकायत निवारण विभाग भारत सरकार.
2. गुप्ता, स्मिता. द स्टेट सिटीजन एंड जस्टिस. मसूरी: लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी प्रकाश
3. https://rti.gov.in/rti-act.pdf
4. आलम, अफरोज. (2007). सूचना का अधिकार. नई दिल्ली: जमात-ए-इस्लामी हिंद प्रकाशन.
5. https://home.rajasthan.gov.in/content/homeportal/en/homedepartment/nodalofficer/loksevaguranteeact.html
6. https://ccs.in/panel-discussion-power-people-strengthening-public-service-guarantee- laws-india
7. Bhargava Deepak, Impact of E-Governance on the Selected Processes of the police Department-A Case Study of Rajasthan Police.
8. https://digitalindia.gov.in/approach-methodology/
9. https://cbc.gov.in/acbp-approach-paper
10. रिपोर्ट, वार्षिक. (2020). भारत सुशासन सूचकांक सूची. नई दिल्ली: प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग भारत सरकार
11. https://darpg.gov.in/sites/default/files/GGI_2021.pdf
12. Swamy Raju Narayana, IAS, Effective e-Governance and Development, October, 2010, CSI Communications mazgine, p.26
13. https://www.iipa.org.in/publication/public/uploads/article/10291684475859.pdf

1. http://www.ncgg.org.in/sites/default/files/lectures-document/1_1.pd

1. रिपोर्ट, प्रतिवेदन. (2016). ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया. नई दिल्ली: प्रशासनिक सुधार एवं जन शिकायत निवारण विभाग भारत सरकार.

[2] गुप्ता, स्मिता. द स्टेट सिटीजन एंड जस्टिस. मसूरी: लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी प्रकाशन

[3] https://rti.gov.in/rti-act.pdf

[4] आलम, अफरोज. (2007). सूचना का अधिकार. नई दिल्ली: जमात-ए-इस्लामी हिंद प्रकाशन.

[5]https://home.rajasthan.gov.in/content/homeportal/en/homedepartment/nodalofficer/loksevaguranteeact.html

[6] https://ccs.in/panel-discussion-power-people-strengthening-public-service-guarantee- laws-india

[7] Bhargava Deepak, Impact of E-Governance on the Selected Processes of the police Department-A Case Study of Rajasthan Police.

[8] https://digitalindia.gov.in/approach-methodology/

[9] https://cbc.gov.in/acbp-approach-paper

[10] रिपोर्ट, वार्षिक. (2020). भारत सुशासन सूचकांक सूची. नई दिल्ली: प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग भारत सरकार

[11] https://darpg.gov.in/sites/default/files/GGI_2021.pdf

[12] Swamy Raju Narayana, IAS, Effective e-Governance and Development, October, 2010, CSI Communications mazgine, p.26

[13] https://www.iipa.org.in/publication/public/uploads/article/10291684475859.pdf

[14] http://www.ncgg.org.in/sites/default/files/lectures-document/1_1.pdf

दिव्यांग विद्यार्थियों से संबंधित सामाजिक मुद्दे: चुनौतियां और संभावनाएं

पूजा कुमारी शाह
poojashah50284@gmail.com

डॉ.हेमचंद्र लक्ष्मणराव ससाने
sasane.h43@gmail.com

शिक्षा शब्द का मूल **"शिक्षा विधोपदाने"** [75]धातु से हैं,तदनुसार, "शिक्षने उपदीयते विधा यथा सा शिक्षा:" अर्थात विधा का अपादान किया जाए वह शिक्षा हैं | शिक्षा साधन हैं ,विधा साध्य हैं ; इस प्रकार शिक्षा का आधार केवल पाठ्यक्रम, पाठयपुस्तक और अध्यापक ही नहीं अपितु ज्यों -ज्यों जीवन और समाज अपनी दिशाएँ बदलता रहता हैं , उसी प्रकार शिक्षा भी अपने स्वरूप [76] में परिवर्तन करती चलती हैं शिक्षा ग्रहण करने के स्रोत बहुत व्यापक हैं | कामंदक में कहा गया हैं कि

आचार्यत पादं आधंते , शिष्य: पादं स्वमेधया |
पादं सब्रह्चारिभ्यो, पादं कालक्रमेण तु ||[77]

इस प्रकार शिक्षा का एक चौथाई भाग सहपाठियों से , एक चौथाई अपनी बुद्धि से और शेष जीवन के अनुभवों से प्राप्त होता है | दिव्यांग विद्यार्थियों की चुनौतियां वर्तमान सन्दर्भ में शिक्षा , नोकरी , ज्ञान कोशल के आपसी सम्बन्धों पर ध्यान दे तो शिक्षा के प्रति आज की सबसे बड़ी चुनौती है कि हम शिक्षा को किस प्रकार से सर्जन धर्मी बनाए | दिव्यांग बालक पूरी तरह से दृष्टहीन होते हैं। इन बालकों को शिक्षा देना अत्यन्त कठिन एवं श्रमसाध्य कार्य है। इनको केवल व्यक्तिगत रूप से ही शिक्षित किया जा सकता है। शिक्षा का उद्देश्य बच्चे का बाहरी दुनिया के साथ समायोजन स्थापित करना होता है। शिक्षक इन बच्चों के दोस्त या साथी की तरह कार्य करें तथा उसके और समाज के मध्य संवाद स्थापित करने का प्रयास करें। इन बच्चों के लिये ऐसी शिक्षा व्यवस्था की जाये, जहाँ इनके अन्य अंगों का अधिकतम् उपयोग हो सके। नेत्रहीन बालकों के लिये विशेष शैक्षिक कार्यक्रम तैयार करने पड़ते हैं, क्योंकि इन बच्चों को केवल व्यक्तिगत रूप से ही निर्देश देना संभव है। शैक्षिक सुविधायें, जो इन बालकों के समुचित विकास के लिये आवश्यक हैं, निम्नलिखित हैं-

[75] भारती(2016), शिक्षा में सुधार चुनौतियां अपार; आचार्य प्रकाशन इलाहाबद , पेज नंबर 13
[77] वही.....

1. **आवासीय विद्यालय**: नेत्रहीन बालकों को सामान्य विद्यालयों में नहीं रखा जा सकता। इनके लिये विशेष आवासीय विद्यालय हों, तो अधिक उपयुक्त होगा। इन विद्यालयों में नेत्रहीन बालकों को अपने दिन-प्रतिदिन के कार्यों को सफलतापूर्वक, बिना किसी की सहायता के पूरा करने का प्रशिक्षण दिया जा सकता है। इन विद्यालयों में विशेष प्रशिक्षित अध्यापक होते हैं, जो स्वयं भी नेत्रहीन हो सकते हैं क्योंकि नेत्रहीन व्यक्ति ही दूसरे नेत्रहीन व्यक्ति की समस्याओं को सही प्रकार से समझ सकता है।
2. **विशेष उपकरण**: नेत्रहीन बालकों को शिक्षा के लिये विशेष उपकरणों एवं माध्यम की आवश्यकता होती है। ब्रेल लिपि में लिखी पुस्तकें, श्रवण कैसेट्स, प्रतिमान (models) इत्यादि आवश्यक हैं।
3. **विशिष्ट पाठ्य सहगामी क्रियायें**: नेत्रहीन बालकों के लिये विद्यालय में अनेक सामाजिक क्रियायें (social activities) जैमे नृत्य, संगीत, स्काउट, साहित्यिक क्लब, कला क्लब इत्यादि| अधिकाधिक रूप से आयोजित किया जाना चाहिये। चित्रकारी इन बालकों के लिये संभव नहीं है, उसके स्थान पर मिट्टी से मूर्ति बनाना (clay modelling) जैसे कार्य कराए जा सकते हैं। जिसे छूकर आकृति पहचान कर वैसा ही मिट्टी का मॉडल तैयार कर सकते हैं। ड्रामा अथवा नाटक, भ्रमण तथा शैक्षिक टूर इत्यादि क्रियायें नेत्रहीन बालकों को शिक्षित करने का महत्त्वपूर्ण साधन हैं।
4. **व्यावसायिक प्रशिक्षण**: विशेष प्रकार की कार्यशालायें, जिन्हें आश्रय कार्यशाला कहते हैं, नेत्रहीन बालकों को व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं रोजगार देने में सफल सिद्ध हुई हैं। मुम्बई में एक इसी प्रकार की कार्यशाला निर्मित की गयी है, जहाँ दृष्टि विकलांग बालकों को व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा रोजगार दिया जाता है।
5. **शारीरिक शिक्षा**: दृष्टिहीनता बालक की शारीरिक क्रियाओं को सीमित कर देती है, अतः इन बालकों को शारीरिक शिक्षा देकर इस कमी को पूरा करने का प्रयास किया जाता है। इन बच्चों के शारीरिक शिक्षा कार्यक्रम में जिम्नास्टिक, दौड़ना, तैराकी, कुश्ती इत्यादि सम्मिलित की जानी चाहिये। अब इन बालकों के लिये इस प्रकार की खेल सामग्री तैयार की जा रही है, जो ध्वनि करती है, जिन्हें आवाज के सहारे ये पहचान सकते हैं। नेत्रहीन बालिकाओं की शारीरिक शिक्षा कार्यक्रम में घरेलू कार्यों पर अधिक बाल दिया जाता है। यह सब क्रियायें इन्हें अपने वातावरण के साथ समायोजन करने में सहायक होती हैं।
6. **विशेष रूप से प्रशिक्षित शिक्षक** -नेत्रहीन बालकों को शिक्षित करने के लिये विशेष रूप से प्रशिक्षित अध्यापक होने चाहिये। नेत्रहीन व्यक्ति को भी यहाँ अध्यापक नियुक्त किया जा सकता है। इससे दो लाभहो सकते हैं
   - एक नेत्रहीन अध्यापक नेत्रहीन बच्चों की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझ सकेगा।

- एक नेत्रहीन व्यक्ति को रोजगार मिलेगा। नेत्रहीन बच्चों के अध्यापक को क्राफ्ट शिक्षण में भी प्रशिक्षित होना चाहिये।

दिव्यांग जन की शिक्षा

सैमुअल ए. किर्क ने आंशिक दृष्टहीनता एवं ज्ञानात्मक योग्यता (Cognitive ability) में सहसम्बन्ध देखने का प्रयास किया तथा यह पाया कि इस कमी से बच्चे के ज्ञानात्मक विकास पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। केवल बच्चे का सामाजिक एवं संवगात्मक विकास प्रभावित होता है। ये बालक स्वयं को दूसरों से निम्न एवं उपेक्षित महसूस कर सकते हैं। इन बालकों की शिक्षा के लिये निम्नलिखित प्रयास किये जा सकते हैं-

1. **समय समय पर चिकित्सीय परीक्षण**: एक बार दृष्टि दोष ज्ञात हो जाने पर वह बढ़ता तो नहीं जा रहा, इसकी जाँच के लिये समय-समय पर नेत्र चिकित्सीय परीक्षण करवाते रहना चाहिये। प्रायः अभिभावक इतने जागरुक नहीं होते हैं, अतः यह उत्तरदायित्व विद्यालय को पूरा करना चाहिये।
2. **विशिष्ट कक्षाये**: इन बालकों के लिये विशेष कक्षायें आयोजित की जा सकती हैं, जिनमें सामान्य कक्षा से सीखने में जो कमी रह गयी हो, उसे दूर करने के प्रयास किये जा सकते हैं। विशिष्ट अध्यापक हों, जो इन विद्यार्थियों की व्यक्तिगत समस्यायें सुलझाने में सहायता करें।
3. **विशिष्ट पाठ्य सहगामी क्रियायें**: ऐसी क्रियायें, जिनमें श्रवण तथा स्पर्श संवेदी अंगों (Hearing & touch sense organs) का अधिक उपयोग होता हो, इन बालकों के लिये आयोजित की जा सकती हैं। जैसे बजने वाली गेंद से खेलना, अन्त्याक्षरी, इत्यादि। इन क्रियाओं में उपलब्धि से इन बालकों में एक आत्मविश्वास पैदा होता है।
4. **दृश्य पर आधारित कार्यों में कमी**: ऐसे कार्य कम कराये जायें, जो दृष्टि पर आधारित हों, क्योंकि ये बालक उन कार्यों में सफल नहीं हो सकते हैं।
5. **कक्षीय व्यवस्था**: सामान्य कक्षा में इन बालकों के लिये कुछ विशेष सुविधायें प्रदान की जा सकती हैं-
   - इन बालकों को आगे की पंक्ति में बैठायें।
   - शिक्षक श्यामपट पर कार्य करते समय मुँह से भी बोलता रहे।
   - श्यामपट पर अधिक बड़े आकार के एवं स्पष्ट अक्षरों में लिखे।

दिव्यांगजनों के प्रति समाज अपने नजरिये में थोड़ा सा भी परिवर्तन ले आये और दिव्यांगों को अपना कर उनके उचित अधिकार दे तो यह आश्चर्यजनक तथ्य सामने आता है कि दिव्यांगों का समाज के प्रति योगदान दूसरे सामान्य जनों से अधिक हो जाता है और कई मामलों में वे समाज का न केवल नेतृत्व

 ISSN :3049-334X
वर्ष: 02 - अंक: 01 जनवरी - अप्रैल 2025

करते हैं, वरन नये आविष्कार तक कर जाते हैं। लुइस ब्रेल का उदाहरण हमारे सामने है, जिन्होंने कई लिपि का आविष्कार किया। रूजवेल्ट का उदाहरण बताता है कि अपनी दिव्यांगता का कितना बड़ा उपयोग कर एक शारीरिक दिव्यांगता कोई नहीं चाहता, यह केवल परिस्थितियों पर निर्भर है। हमें उन विपरित परिस्थितियों को जिनसे दिव्यांगता हो गयी है, उन्हें दिव्यांग व्यक्ति के अनुकूल बनाना होगा, कि उसे कहाँ कमी है और उसकी उस कमी को पूर्ण करके उसके अन्दर छिपी अतिरिक्त विशिष्टता को उजागर कर उसकी प्रतिभा को सही प्रकार से उपयोग करने का अवसर प्रदान किया जाये। दिव्यांग व्यक्ति के परिवार, दोस्त, रिश्तेदार तथा समाज के लोगों को चाहिए कि उसको दिव्यांगता के साथ स्वीकार करें। उसे बार-बार उसकी कमियां याद न दिलाते रहें, बल्कि उसका हौंसला बढ़ाते रहें तथा उससे मेल जोल बढ़ाकर उसके जीवन को सफल बनाने के लिये उसको बिना अहसास दिलाए सहारा दें।

दिव्यांग व्यक्ति किस कारण से दिव्यांग हुआ है, यह परीक्षण करायें तथा यथानुसार उसका इलाज, उचित शिक्षा तथा पुनर्वसन की व्यवस्था करने में सहायता करें। दिव्यांग को नफरत अथवा कटाक्ष की नजरों से न देखे, उसके अन्दर हीन भावना उत्पन्न न होने दें। दिव्यांगता को अभिशाप न समझे तथा इसे पुनर्जन्म से न जोड़े। उसे सही और सामान्य जीवन का अवसर दें।

दिव्यांगों के पुनर्वसन की जिम्मेदारी आगे बढ़कर समाज को लेनी चाहिए। केवल सरकार के भरोसे यह कार्य नहीं छोड़ना चाहिए। सरकार अपनी पूरी कोशिश कर रही है, किन्तु उसके प्रयासों में कई कारणों से कहीं कमी रह जाती है। कई बार कम दिव्यांगता वाले लोग भ्रष्टाचार के बल पर अधिक दिव्यांगता का प्रमाण पत्र लगा कर नौकरी हासिल कर लेते हैं और दूसरों का हक मार लेते हैं, इससे सरकारी प्रयास सतही हो जाते हैं।

दिव्यांगों के प्रति समाज की सोच बदलना आवश्यक है, इससे दिव्यांगों के प्रति समाज में सुयोग्य वातावरण तैयार होगा। दिव्यांगों के आवागमन को सुगम बनाना होगा। नगर निगमों, महानगरों, छोटे बड़े शहरों में अधिनियम 1995 में दिव्यांगों के लिये 3 प्रतिशत रोजगार आरक्षण, शासन के बजट की 3 प्रतिशत धनराशि दिव्यांगों के लिये व्यय करने की व्यवस्था की गयी है, उस

सामान्य व्यक्ति भी कभी कभी बीमार पड़ते हैं और उनका इलाज कराना पड़ता है, इसी तरह दिव्यांगों का भी उपचार कराना चाहिए। उनके पुनर्वसन के प्रबंध करने चाहिए। सही उपचार और उचित शिक्षा से दिव्यांगता कम की जा सकती है।

- शासन द्वारा दिव्यांगों के हित में चलाये जा रहे कार्यक्रमों तथा उनके विशेषाधिकारों के बारे में दिव्यांगों को जानकारी दें तथा उनको अधिकार दिलवाने में मदद करें। इस कार्य में मानवीय, संवेदनशील व्यक्ति एवं गैर सरकारी संस्थाएं बहुत योगदान कर सकती हैं। विद्यालय, सामाजिक, राजनैतिक दल आदि भी इसमें महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं।

- दिव्यांगों के चलने फिरने तथा इधर उधर जाने को सुगम बनाया जाये।
- शासन द्वारा दिव्यांगों के लिए आवंटित बजट को शत-प्रतिशत पारदर्शिता पूर्वक उनके हितों के लिए चलाए जा सके, कार्यक्रमों पर व्यय किया जाये।

दिव्यांगजनों के लिए केन्द्र सरकार की योजनाएं

- मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2016 में डिसेबिलिटी बिल लागू किया व 21 प्रकार के दिव्यांग को इस बिल में शामिल किया।
- सरकारी नौकरी में दिव्यांगों को 4% आरक्षण दिया गया है।
- दिव्यांगों को अपशब्द कहने पर एफआईआर का प्रावधान है।
- सुगम्य भारत अभियान के तहत सभी सरकारी इमारतों में रैम्प और लिफ्ट की व्यवस्था कराई गयी।
- दिव्यांगजनों के लिए, जिला दिव्यांगजन कोर्ट की व्यवस्था की गई, ताकि दिव्यांगजनों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।
- दिव्यांगजन के सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार योजना लागू की गई।
- इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने में दिव्यांगजनों को छूट।
- नगर निगम के गृहकर व जलकर में दिव्यांग प्रमाण पत्र के प्रतिशत के अनुसार छूट।
- घर, जमीन का बैनामा कराने के लिए स्टाम्प शुल्क में दिव्यांग प्रमाण पत्र के प्रतिशत के अनुसार छूट।
- जिन दिव्यांगजनों की वार्षिक आय तीस हजार रूपये है, उनको 2500 रूपये प्रति माह समाज कल्याण विभाग से पेट्रोल की सब्सिडी मिलती है।
- जो दिव्यांगजन दृष्टिबाधित है, उनको हवाई जहाज में यात्रा फ्री है।
- दिव्यांगजनों को रेल व बस में दिव्यांग प्रमाण पत्र के अनुसार यात्रा में छूट मिलती है। रेल में यात्रा के दौरान सहायक का रिजर्वेशन अब आवश्यक नहीं है।
- दिव्यांगजनों को शादी करने के लिए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से 20 हजार रू. मिलते हैं।
- दिव्यांगजनों को छोटा रोजगार करने के लिए 10 हजार रू. का लोन दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से मिलता है।
- दिव्यांगजनों को गाड़ी खरीदने में गाड़ी पर लगने वाली जीएसटी माफ होती है और आर.टी.ओ. का रजिस्ट्रेशन फ्री होता है व इश्योरेंस में दिव्यांग प्रमाण पत्र के अनुसार छूट मिलती है।

निष्कर्ष :

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि दिव्यांग विद्यार्थियों से संबंधित सामाजिक मुद्दे: चुनौतियां और संभावनाएं में दिव्यांग विद्यार्थियों की चुनौतियां व र्तमान सन्दर्भ में शिक्षा , नोकरी , ज्ञान कोशल के आपसी सम्बन्धों पर ध्यान दे तो शिक्षा के प्रति आज की सबसे बड़ी चुनौतियों को कम करने में साकार हो पाएँगे |

संदर्भ सूची

1. मिश्र, विनोद (2007), विकलांगता : सम्सयाएँ व समाधान, नई दिल्ली, जगतराम एंड संस प्रकाशन |
2. कुमार, संजीव (2008), विशिष्ट शिक्षा. नई दिल्ली, जानकी प्रकाशन |
3. मिश्र, गिरीश्वर(2017), भारत में शिक्षा चुनौतियां और अपेक्षाएं , नई दिल्ली, समसामयिक प्रकाशन
4. पाल, गौतम(2022), दिव्यांगता अभिशाप नहीं. नई दिल्ली, पुष्पांजलि प्रकाशन, पेज नंबर 32 से 35
5. राय ,(2022) दिव्यांगता का परिचय . नई दिल्ली,रिनोभा इंटेरनेशनल पब्लिकेशन्स

भारत की जनसंख्याः चुनौतियाँ एवं अवसरों पर अध्ययन

विकास टांक
शोधार्थी,सामाजिक प्रबंधन विभाग
सामाजिक विज्ञान संकाय
गुजरात केन्द्रिय विश्वविद्यालय।

आलेख

भारत एक ऐसा देश है जहाँ पर युवा वर्ग, महत्वाकांक्षी आबादी, एक मजबूत व्यापारिक भावना और बहुत सारे प्राकृतिक और मानव संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्धता रखते हैं। यह एक ऐसा देश है जो तेज़ी से सभी आयामों में बढ़ रहा है। जैसे–जैसे देश आधुनिकता को अपना रहा है और गति से आगे बढ़ रहा है, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा, कृषि भूमि और खाद्य उत्पादन जैसे कई क्षेत्रों में एक नए भारत के उभरने की कई संभावनाएँ हैं।

परिचय

भारत सरकार के लिए अवसर

भारत एक ऐसा देश है जो तेज़ी से बदल रहा है। इसका मुख्य स्तंभ यहाँ की युवा जनसंख्या, सक्रिय आबादी, मज़बूत अर्थव्यवस्था और समृद्ध संस्कृति है। जैसे–जैसे देश आगे बढ़ रहा है और आधुनिक होता जा रहा है, नए भारत को उभरने के कई अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। नए भारत के लिए सबसे अच्छे अवसरों में से एक प्रौद्योगिकी क्षेत्र का विकास होना। भारत में बहुत से इंजीनियर और वैज्ञानिक हैं जो अपने काम में बहुत पारंगत हैं, भारत में स्टार्टअप संस्कृति भी बहुत गति से बढ़ रही है। इससे भारत को प्रौद्योगिकी में विश्व का नेतृत्व करने का मौका मिल सकता है, जैसे कुछ प्रमुख प्रौद्योगिकी क्षेत्र कृत्रिम बुद्धिमत्ता, बिटकॉइन और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में।

भारत में ऐसे लोगों की संख्या भी बढ़ रही है जो उच्च गुणवत्ता वाली विद्यालय शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा चाहते हैं। जैसे–जैसे देश आधुनिक होता जा रहा है, उसे उच्च स्तर के तकनीकी युक्त विद्यालयों, महाविद्यायों और चिकित्सालयों की आवश्यक्ता है जो लोगों को विश्वस्तरीय गुणवत्तायुक्त शिक्षा एंव चिकित्सा सेंवाएं प्रदान कर कर सकें। इससे व्यवसायों और निवेशकों को इन ज़रूरतों को पूरा करने के लिए रचनात्मक तरीके खोजने का मौका मिलता है। नये भारत के पास प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कई अन्य क्षेत्रों में विश्व का नेतृत्व करने के कई अवसर हैं। अगर उचित

योजनाएँ, निवेश और विचार बनाए जाएँ तो भारत दुनिया के सबसे गतिशील और समृद्ध देशों में से एक बनने की क्षमता रखता है।

साहित्य की समीक्षा

किसी विषय पर पहले से लिखी गई बातों की समीक्षा और अध्ययन करना शोध का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब भारत कि जनसंख्या की समस्याओं और अवसरों की बात आती है, तो ऐसे कई अध्ययन, रिपोर्ट और लेख हैं जो देश की जनसंख्या से सम्बन्धित समस्याओं के बारे में उपयोगी जानकारी देते हैं।

विश्व बैंक का कहना है कि भारत में दुनिया के किसी भी देश की तुलना में सबसे ज़्यादा लोग अत्यधिक गरीबी में जी रहे हैं। स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छ पानी और स्वच्छता जैसी बुनियादी सेवाओं तक पहुँच में अभी भी बड़ी खाई है। इन समस्याओं को हल करने के लिए, हमें ऐसी नीतियों की ज़रूरत है जो सामाजिक और आर्थिक समावेशन का समर्थन करें, जैसे शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा पर पैसा खर्च करना और यह सुनिश्चित करने के लिए काम करना कि पुरुषों और महिलाओं को समान अधिकार हों।

कुल मिलाकर, भारत की चुनौतियों और अवसरों पर शोध से पता चलता है कि सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय विकास पर समग्र तरीके से काम करना कितना महत्वपूर्ण है। अगर भारत कई अलग–अलग मोर्चों पर काम करता है तो वह अपने सभी लोगों के लिए अधिक समावेशी, स्थायी और सफल भविष्य का निर्माण कर सकता है।

जनसांख्यिकीय लाभांश

जनसांख्यिकीय लाभांश वह समय होता है जब किसी देश में काम करने वाले लोगों की संख्या मदद की ज़रूरत वाले लोगों की आबादी से अधिक होती है। इससे अधिक आर्थिक वृद्धि और विकास होता है। जन्म दर में गिरावट और जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के कारण, अब अधिक लोग कामकाजी आयु के हैं, जिससे यह जनसांख्यिकीय अवसर संभव हो पाया है।

इस दौरान, जो लोग काम करने के लिए पर्याप्त उम्र के हैं, वे अधिक उत्पादक बनकर और कार्यशील जनसंख्या में शामिल होकर अर्थव्यवस्था को बढ़ने में मदद कर सकते हैं। यह स्कूली शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास में निवेश करके आसानी से किया जा सकता है, जिससे लोगों को बेहतर नौकरी पाने और काम शुरू करने पर अधिक पैसा कमाने में मदद मिल सकती है। अधिक सामान और सेवाएँ खरीदने वाले कामकाजी उम्र के लोगों की बढ़ती संख्या भी माँग को बढ़ा सकती है और अर्थव्यवस्था को बढ़ने में मदद कर सकती है। इससे करों से अधिक धन भी आ सकता है, जिसका उपयोग सार्वजनिक सेवाओं और निर्माण परियोजनाओं के भुगतान के लिए किया जा सकता है जो अर्थव्यवस्था को और भी अधिक बढ़ने में मदद करते हैं

लेकिन जनसांख्यिकीय लाभांश का पूरा लाभ उठाने के लिए, सरकारों और अन्य इच्छुक पक्षों को ऐसा वतावरण बनाना होगा जो आर्थिक वृद्धि और विकास को प्रोत्साहित करे। इसका मतलब है शिक्षा और प्रशिक्षण पर अधिक निवेश करना, नौकरियाँ उपलब्ध कराना और यह सुनिश्चित करना कि सभी को स्वास्थ्य सेवा और बैंकिंग सेवाओं जैसी मुलभुत सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित हो।

अर्थव्यवस्था में वृद्धि का अवसर

डिजिटल युग में भारत तेजी से तकनीकी प्रगति कर रहा है, लेकिन इसके साथ ही साइबर खतरों की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। डिजिटल इंडिया अभियान और ऑनलाइन

सेवाओं के बढ़ते उपयोग ने साइबर सुरक्षा को अत्यन्त महत्वपूर्ण बना दिया है। साइबर सुरक्षा का उद्देश्य व्यक्तिगत, संगठनों और राष्ट्रीय स्तर पर डेटा और सिस्टम को साइबर खतरों से बचाना है। साइबर सुरक्षा का तात्पर्य उन उपायों और तकनीकों से है, जो कम्प्यूटर सिस्टम, नेटवर्क और डेटा को अनाधिकृत पहुंच, हमलों और हानि से बचाने के लिए लागू किए जाते हैं। यह केवल तकनीकी उपाय नहीं, बल्कि कानूनी, सामाजिक और जागरूकता पहलुओं को भी शामिल करता है।

1. बढ़ते साइबर खतरों का परिदृश्य –

भारत में 2022 में 1.4 मिलियन से अधिक साइबर सुरक्षा घटनाएं रिपोर्ट की गई। रैंसमवेयर, फिशिंग और डेटा ब्रीच हमले सबसे सामान्य साइबर अपराध हैं।

2. प्रमुख चुनौतियाँ

- **कम जागरूकता :**
  अधिकांश इन्टरनेट उपयोगकर्ताओं को साइबर खतरों और सुरक्षा उपायों की पूरी जानकारी नहीं है।
- **तकनीकी अन्तर :**
  ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे व्यवसायों में साइबर सुरक्षा का अभाव।
- **डिजिटल सेवाओं का दुरूपयोग :**
  सोशल मीडिया और ऑनलाइन लेनदेन के बढते उपयोग से साइबर अपराधों में वृद्धि।
- **कुशल पेशेवरों की कमी :**
  साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में योग्य व्यक्तियों की कमी है।

भारत सरकार के साइबर सुरक्षा में प्रयास

1. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (IT Act):

भारत में साइबर अपराधों से निपटने के लिए यह प्रमुख कानूनी ढांचा है। इसे 2008 में संशोधित किया गया।

2. राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति, 2013:

साइबर खतरों से निटपने के लिए यह नीति बनाई गई। इसमें साइबर सुरक्षा जागरूकता, कुशलता विकास और साइबर खतरों की निगरानी का प्रावधान है।

3. कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (CERT-In):

CERT-In भारत की राष्ट्रीय एजेंसी है, जो साइबर घटनाओं की निगरानी और समधान करती है। यह साइबर हमलों के प्रति त्वरित प्रतिक्रिया देती है।

4. डिजिटल इंडिया पहल :
डिजिटल सेवाओं को सुरक्षित और सुलभ बनाने के लिए।
डिजिटल साक्षरता बढाने और साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर।

5. डेटा संरक्षण विधेयक :
डेटा गोपनीयता और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के लिए।

साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में उभरते खतरे :

1. रैंसमवेयर हमले :
संगठनों और व्यक्तियों से डेटा लॉक करके फिरौती की मांग करना।

2. फिशिंग हमले :
नकली वेबसाइट्स और ईमेल के माध्यम से व्यक्तिगत जानकारी चोरी करना।

3. मालवेयर और वायरस :
कम्प्यूटर सिस्टम को नुकसान पहुंचाने वाले प्रोग्राम।

4. साइबर आतंकवाद :
राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाले ऑनलाइन हमले।

5. सामाजिक इंजीनियरिंग :
लोगों को धोखे से संवेदनशील जानकारी देने के लिए मजबूर करना।

साइबर सुरक्षा में सुधार के लिए उपाय –

1. तकनीकी समाधान :
डेटा एंक्रिप्शन और फायरवॉल का उपयोग।[79][80]
मजबूत पासवर्ड।
नियमित रूप से सॉफ्टवेयर अपडेट करना।

2. कानूनी और नीतिगत उपाय :
साइबर अपराधों के लिए सख्त दण्ड।
साइबर सुरक्षा कानूनों का प्रभावी कार्यान्वयन।
डेटा सुरक्षा कानून का त्वरित पारित होना।

3. जागरूकता और शिक्षा :
साइबर सुरक्षा के प्रति आम जनता को शिक्षित करना।
कॉलिजों में साइबर शिक्षा को बढ़ावा देना।

---

79 फायरवाल– फायरवाल अनाधिकृत जानकारी या गतिविधि को चिन्हित करते हैं और फिर उसे ब्लॉक कर देते हैं।
80 एक्रिप्शन–सूचना को गुप्त कोड में बदलना।

ISSN :3049-334X
वर्ष: 02 - अंक: 01 जनवरी - अप्रैल 2025

4. संगठनों के लिए :

नियमित साइबर सुरक्षा ऑडिट।
कर्मचारियों को साइबर खतरों के प्रति प्रशिक्षित करना।

6. अन्तरराष्ट्रीय सहयोग :

अन्य देशों के साथ साइबर सुरक्षा से सम्बन्धित समझौते और ज्ञान साझा करना।

साइबर सुरक्षा के सफल उदाहरण

1. आधार डेटा सुरक्षा :

UIDAI ने आधार डेटा की सुरक्षा के लिए उन्नत तकनीकों का उपयोग किया।[81]

2. CERT-In की त्वरित कार्यवाई :

CERT-In ने कई महत्वपूर्ण साइबर हमलों को समय रहते रोका है।

3. इंडियन बैकिंग सिस्टम :

भारतीय बैंकों ने फिशिंग और रैंसमवेयर हमलों से बचाव के लिए उन्नत सुरक्षा प्रदान की है।

साइबर अपराध से निपटने के सामाजिक उपाय

1. जागरूकता अभियान :

स्कूलों, कॉलिजों और सामुदायिक स्तर पर साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाना।
साइबर अपराधों की पहचान और रिपोर्टिंग के लिए लोगों को शिक्षित करना।

2. सख्त कानून और उनका क्रियान्वयन :

साइबर अपराधों के लिए कठोर दण्ड और त्वरित न्याय सुनिश्चित करना।
सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 को प्रभावी तरीके से लागू करना।

3. सामुदायिक समर्थन :

साइबर अपराध पीड़ितों के लिए काउंसलिंग और पुनर्वास सेवाएं प्रदान करना।
सामाजिक संगठनों और सरकार के बीच साझेदारी को प्रोत्साहित करना।

4. तकनीकी समाधान :

सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर फर्जी खातों की निगरानी।
डेटा सुरक्षा और गोपनीयता के लिए एन्क्रिप्शन तकनीकों का उपयोग।

5. युवाओं और बच्चों के लिए डिजिटल शिक्षा :

[81] UIDAI - Unique Identifiction Authority of India.

डिजिटल साक्षरता को स्कूली शिक्षा का हिस्सा बनाना।
ऑनलाइन सामग्री के सुरक्षित उपयोग की जानकारी देना।[82]

साइबर अपराध की रोकथाम –

निवारण हमेशा इलाज से बेहतर है। नेट के संचालन के दौरान कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए तथा इनको अपने साइबर जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए–

- अजनबियों और चैट मित्रों को ऑनलाइन कोई भी तस्वीर भेजने से हमेशा बचें क्योंकि, तस्वीरों के दुरूपयोग की घटनाएं सामने आई हैं।
- साइबर स्टॉकिंग को रोकने के लिए स्वयं से सम्बन्धित किसी भी जानकारी का खुलासा करने से बचें।
- बच्चों में उत्पीड़न या विक्रति की रोकथाम के लिए उन साइटों पर हमेशा नजर रखें, जिन तक आपके बच्चे पहुंच रहे हैं।
- धोखाधडी से बचने के लिए कभी भी अपना क्रेडिट कार्ड नम्बर किसी ऐसी साइट पर न भेजें जो सुरक्षित न हो।
- इंटरनेट पर अश्लील साइटों को ब्लॉक करें, जो तस्वीरों का प्राथमिक स्त्रोत है।

निष्कर्ष –

सामाजिक अनुभव के रूप में व्यक्ति बातचीत कर सकते हैं, विचारों का आदान–प्रदान कर सकते हैं, जानकारी साझा कर सकते हैं सामाजिक समर्थन प्रदान कर सकते हैं, गेम खेल सकते हैं, तथा राजनीतिक चर्चा में शामिल हो सकते हैं, इत्यादि में इस वैश्विक नेटवर्क का उपयोग किया जाता है, जिसका उपयोग अवैध रूप से करना साइबर अपराध कहा जाता है। सफेदपोश कर्मचारियों से लेकर आतंकवादियों तक और किशोरों से लेकर वयस्कों तक इंटरनेट की उपयोगिता स्वयं सिद्ध हो चुकी है। साइबर अपराध लगभग सभी देशों में होते हैं और सम्बन्धित सरकारें साइबर अपराधों से बचाव के लिए कदम उठा रही हैं। साइबर अपराध बढने का कारण उपकरणों की आसान पहुंच और कभी उपयोगकर्ताओं की लापरवाही भी है। भारत सरकार ने साइबर अपराधों को रोकने के लिए कई तरीके अपनाएं हैं, लेकिन फिर भी इसका कोई अन्त नहीं है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि पीड़ितों को मुआवजा मिले या उन्हें न्याय मिले। साइबर अपराधों का समाज पर गंभीर और बहुआयामी प्रभाव पड़ता है। यह केवल एक तकनीकी समस्या नहीं है, बल्कि सामाजिक संरचना और सांस्कृतिक मूल्यों पर सीधा असर डालता है। इसे रोकने के लिए जागरूकता, शिक्षा और कानूनी तंत्र को मजबूत करना अत्यन्त आवश्यक है। एक जिम्मेदार डिजिटल नागरिकता को बढ़ावा देकर ही हम साइबर अपराधों के सामाजिक प्रभाव को कम कर सकते हैं।

''सुरक्षित डिजिटल समाज ही एक सशक्त समाज की आधारशिला है।''

संदर्भ ग्रन्थ सूची–

1. Ms. Anisha, Awareness and Strategy to prevent cybercrimes-Indian perspective, vol. VII. INDIAN JOURNAL OF APPLIED RESEARCH, https://www.worldwidejournals.com/indian-journal-of-applied-research-(LJAR)/a e/awareness-and-strategy-to-prevent-cybercrimes-an-indian-perspective/MTE 3NDc=/?is=1.
2. Sunita, cybercrimes and laws, METRAIL, http://deac.du.ac.in/documents/E-Resource/2020/Metrial/408sunitayadav4.pdf
3. Cyberlaws in legal ibf.org.in/documents/cyber-laws-chapter-in-legal-aspects-book.pdf. perspective,
4. UNITED NATIONS OFFICE ON DRUGS AND CRIME, https://www.unodc.org/unode/en/about-unodc/index.html
5. Article 12, UNIVERSAL DECLARATION OF HUMAN RIGHTS, https://www.un.org/en/about-us/universal-declaration-of-human-rights
6. Arun Prasad, Cybercrime in India- time series of study of state level date, RESEARCHGATE, https://www.researchgate.net/publication/342509526_Cyber_Crime_in_India_T ime_Series_Study_of_State_Level_data
7. Dr. Sudhir. Kumar, Cybersecurity: Legal perspective, INTERNATIONAL JOURNAL OF COMPUTER AND INTERNET SECURITY. ISSN 0974-2247 Volume 9, (2017), ipublication.com/irph/ijcis17/ijcisv9n1_01.pdf
8. rjhssonline.com/HTMLPaper.aspx?Journal=Research%20Journal%20of%20Humanities%20 and%20Social%20Sciences;PID=2017-8-4-12

दिव्यांग व्यक्तियों से संबंधित सामाजिक मुद्दे एवं चुनौतियां और संभावनाएं

ओमप्रकाश प्रजापत
व्याख्याता,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खुण्डावास
गांव-मोरिया, तहसील-रोहट, जिला-पाली ३०६४२१
ई–मेल acpmoriya@gmail.com

दिव्यांगता एक बहुत ही गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, जो विकासशील राष्ट्रो के विकास की गति को प्रभावित करती है। दिव्यांगता से तात्पर्य यह है कि किसी भी व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक विकार के कारण एक सामान्य मनुष्य की तरह किसी कार्य को करने में परेशानी या न करने की क्षमता है।

दिव्यांग शब्द भारत के वर्तमान प्रधानंमत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'मन की बात' कार्यक्रम में दिया गया था २०१६ से पहले दिव्यांग को विकलांग शब्द से अभिहित किया जाता रहा है।

दिव्यांगता अत्यंत गंभीर और महत्वपूर्ण अंतराष्ट्रीय मुद्दा है सयुंक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष १९८१ को अंतराष्ट्रीय विकलांग वर्ष के रूप चयन किया गया था, तथा प्रतिवर्ष ३ दिसम्बर को अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के रूप में मनाया जाना भी सुनिश्चित किया गया है। इस दिन दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों की वकालत की जाती है, उनकी जरूरतों और समावेशन के बारे मे जागरूकता बढाई जाती है। दिव्यांग व्यक्ति अल्पसंख्यक समुदायों में से एक है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने एक एंजेडा तैयार किया, जिसमें वर्ष २०३० तक कोशिश यह रहेगी की इसे भागती दौड़ती दुनिया की रफ्तार में कोई भी दिव्यांग पीछे नही रहे।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व की १० प्रतिशत जनसंख्या किसी ना किसी प्रकार की दिव्यागंता से ग्रसित है। दिव्यांगता के अनेक कारक है-खराब पोषण, स्वास्थ्य सुविधाओं में अभाव, आनुवांशिकी विकार इत्यादि। इस प्रकार दिव्यांगता एक वैश्विक और गंभीर मुद्दा है इससे विश्व के लगभग सभी देश ग्रसित है। दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा मे जोड़ने का प्रयास राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तरों पर पिछले कई दशकों से हो रहा है।

दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग है, क्योकी सामाजिक विकास अभिधारणा को सरोकार करने के लिए समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना आवश्यक है। दिव्यांगजन आज भी कई सामाजिक आर्थिक और संरचनात्मक बाधाओं का सामना कर रहे है, शिक्षा रोजगार, सार्वजनिक सुविधाओं तक पहुँच और सामाजिक स्वीकृति जैसे मुद्दा उनकी स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता को सीमित करते है। हालाँकि जागरूकता बढने और नीतियों में सुधार के साथ उनके लिए नये अवसर और संभावनाए उभरती है।

भारत में दिव्यांगता से जुडे.आंकड़े-

२००१ की जनगणना के अनुसार भारत में दिव्यांग व्यक्तियों की संख्या २१ करोड़ है जो २०११ की जनगणना के अनुसार जो २६.८ करोड़ हो गई है। २००१ की जनगणना के अनुसार दिव्यांग व्यक्ति कुल जनसंख्या का २.२१ प्रतिशत है। लगभग १४.९ मिलीयन पुरूष तथा ११.९ मिलियन महिलाएं दिव्यांग है। दिव्यांगता १०-१९ वर्ष आयु वर्ग में सबसे अधिक है दिव्यांग व्यक्तियों का ६९ प्रतिशत ग्रामीण अंचल में निवास करता है।

दिव्यांगता वितरण

- भारत में २० प्रतिशत दिव्यांग चलने फिरने में अक्षम है।
- भारत में १९ प्रतिशत दिव्यांग दृष्टिबाधित है
- भारत में १९ प्रतिशत दिव्यांग श्रवणबाधित है।
- भारत में ८ प्रतिशत दिव्यांग बहुविकलांगता से ग्रसित है।
- भारत में ६ प्रतिशत लोग मानसिक मंदता से प्रभावित है।
- भारत में ७ प्रतिशत लोग वाक् क्षीणता से ग्रसित है।

दिव्यांगो हेतु संसदीय प्रयासः- संसद द्वारा दिव्यांगजनो के हितो की रक्षा हेतु समय-समय पर अधिनियम बनाए है

- दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम १९९५
- दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम २०१६

सर्वप्रथम १९९५ में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम लाया गया जिसमें ७ प्रकार की विकलांगताओ/ दिव्यांगताओं को सम्मिलत किया गया।

२०१६ में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम लाया गया जिसमें १९९५ के अधिनियम में अनेक परिवर्तन दिव्यांगो के हित में किए गए। २०१६ दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम में

दिव्यांगो की परिभाषा में बदलाव, आरक्षण व्यवस्था, शिक्षा संबधी सुधार, अवसंरचना सबंधी सुधारों का प्रावधान किया गया है।

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम २०१६ की मुख्य विशेषताएं

- इस अधिनियम में विकलांगता की परिभाषा को गतिशील और विकसित अवधारणा के तौर पर परिभाषित किया गया ।
- इस अधिनियम में दिव्यांगता के मौजूदा प्रकारों को ७ बढाकर २१ कर दिया गया।
- इस अधिनियम में शिक्षा और सरकारी नौकरियों में दिव्यांगो के लिए ४ प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई।
- इस अधिनियम में बेंचमार्क विकंलागता से पीड़ीत ६-१८ वर्ष तक के बच्चो के लिए निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई।
- इस अधिनियम में दिव्यांगो के लिए रोजगार, प्रशिक्षण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुच, सामाजिक सुरक्षा जैसे अधिकारों को लागू करने पर बल दिया गया।
- इस अधिनियम में सुलभ भारत अभियान को मजबूती प्रदान करने पर बल दिया गया, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक इमारतों में दिव्यांगजनो की पहुंच सुनिश्चित करना है।

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, २०१६ में सम्मिलित दिव्यांगताए-

१. दृष्टिहीनता २. निम्न दृष्टि या अल्पदृष्टि ३. कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति ४. श्रवणबाधित ५. चलन संबधी दिव्यांगता (लोकोमीटर दिव्यांगता) ६. बौनापन ७. बौद्धिक विकलांगता ८. मानसिक रोग ९. ए.एस.डी (ऑटीज्म स्पेक्ट्रम डिसआर्डर) १०. सेरीव्रल पॉल्सी ११. मस्कुलर डिस्ट्रॉफी १२. क्रोनिक न्यूरोलॉजीक स्थिति १३. स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबलिटि १४. मल्टीपल स्क्लेरोसिस १५ वाणी और भाषा संबधी दिव्यांगता १६. थैलसिमिया १७. हीमोफिलिया १८. सिकल सेल एनिमिया १९. बहुविकंलागता २०. तेजाब हमला पीड़ीत २१. पार्किंसन रोग

इस प्रकार दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम २०१६ में शारीरिक मानसिक एवं दुर्लभ विकारो से पीड़ीत दिव्यांगताओं को सम्मिलित करके दिव्यांगो को देश की मुख्यधारा में सम्मिलित करने का प्रयास किया गया है।

दिव्यांग व्यक्तियों के समक्ष समस्याएं-

दिव्यांगता का प्रभाव व्यक्ति की सामाजिक, पारिवारिक, आर्थिक एवं मानसिक स्थिति पर स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है क्योंकी प्रत्येक दिव्यांग अपने जीवन में तनाव कुंठा और संघर्षो का अधिक सामना करते है जिससे उनके व्यवहार में विकृतियां उत्पन्न होने की अधिक

संभावनाए रहती है तथा कार्य करने की अक्षमताओं की स्थितियां दिव्यांग व्यक्तियों की सामाजिक संवेगात्मक समस्याओं को जन्म देती है जिसके कारण उनमें चिंता, तनाव एवं खिन्नता के भाव उभरने लगते है, जिससे यदि कारणवश किसी बच्चे में एक से ज्यादा शारिरीक अपंगता होती है तो उस बालक की प्रभावी रूप से सामाजिक कार्य करने की क्षमता घट जाती है। दिव्यांग व्यक्ति को उचित वातावरण ना मिले तो उसके जीवन में अनेक समस्याएं आने लगती है जैसे-

१. शिक्षा तक सीमित पहुँच- शिक्षा का अधिकार प्रत्येक बच्चे को है चाहे वो सामान्य हो या दिव्यांग, अगर शिक्षा के समान अवसर एवं उचित वातावरण नही मिलता है तो विकास रूक जाता है और वह जीवन भर पिछड जाता है हालांकि सरकार ने समावेशी शिक्षा की पहल की है, लेकिन आवश्यक संसाधनों की कमी के कारण यह पूर्णरूपेण लागू नही हो पाई। विशेष आवश्यकता वाले बच्चो हेतु विशेष अधिगम सामग्री एवं उपकरणों की आवश्यकता होती है इनके अभाव में स्कूली शिक्षा का वह स्तर नही मिल पाता है जो सामान्य बच्चे को मिलता है जिससे वह शैक्षिक स्तर में पिछड़ जाता है।
२. सार्वजनिक स्थानों एवं परिवहन में दिक्कतें:- अधिकाशतः सार्वजनिक स्थान, सरकारी दफ्तर, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड इत्यादि हर जगह दिव्यांगजनो के अनुकूल नही है। अधिकाशतः सार्वजनिक स्थानो पर रैंप, लिफ्ट, ब्रेल साईन और ओडीयो गाइडेंस सिस्टम की व्यवस्था नही है इस कारण दिव्यांगो को सार्वजनिक स्थानो एवं सार्वजनिक सेवाओं के उपयोग हेतु अत्यंत कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। हालांकि सरकारो ने अनेक सार्वजनिक स्थानो को दिव्यागों के अनुकूल बनाने के प्रयास किए जा रह है।

आर्थिक समस्याएँ-

दिव्यांग व्यक्तियों को कम शिक्षा, रोजगार के निम्नस्तर, खराब स्वास्थ्य तथा उच्च गरीबी दर जैसे विपरित आर्थिक परिस्थितियों का आभास होने की संभावना अधिक रहती है। इसलिए दिव्यांग बच्चों को अगर सही मार्गदर्शन ना मिले तो वह अपने जीवन में आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ नही बना पाते है जिससे उसके अंदर कुंठा और चिंता बढने लगती है।

पारिवारिक समस्याएँ-

पारिवारिक माहौल में अगर दिव्यांग बच्चो को प्यार एवं अपनापन प्राप्त नहीं होता है तो उनके विकास में अवरोध उत्पन्न होता है। इसलिए माता पिता को अपने प्रत्येक बच्चों में समान प्यार और अपनापन बांटना चाहिए ताकि सभी का विकास एक समान हो सके।

सामाजिक समस्याएँ-

दिव्यांग व्यक्ति भी समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, सामाजिक रूप से सभी को समानता का अधिकार है, दिव्यांग जनों की सर्वाधिक आबादी वाले देशों में भारत को गिना जाता है। इसके बावजूद दिव्यांगो को गरीबी और सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ता है। इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति को दिव्यांग लोगों के साथ सामान्य व्यवहार करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ते रहने में सहयोग देना चाहिए।

राजनीतिक समस्याएँ-

दिव्यांगजन की राजनीतिक सशक्तिकरण की बात की जाए तो उनकी राजनीति भागीदारी और वर्चस्व में कमी नजर आती है। राजनीति के क्षेत्र में अगर दिव्यांगजन आना भी चाहता है तो उन्हें सामाजिक, आर्थिक, संरचनात्मक चुनौतियों का सामना करना पडता है। भारतीय राजनीति के क्षेत्र में मार्गदर्शक की भूमिका मे कुछ ही दिव्यांग राजनेता देखने को मिलते है। राजनीति दलों द्वारा सभी जन समूह का समुच्चयन किया जाता है, परन्तु किसी भी राजनीति दल की वरीयता की श्रेणी में दिव्यांगजन समूह नही है।

वैवाहिक समस्याएँ

दिव्यांग लोगो में सामान्य लोगों की अपेक्षा मात्रा में वर वधू के चयन में बहुत मुश्किलें आती है, क्योंकि एक जैसे दिव्यांग वर और वधू के विवाह के लिए परिवार तैयार न होने के कारण यह समस्या बनी रहती है जिससे कई दिव्यांग अविवाहित ही रह जाते है।

धार्मिक समस्याएँ-

धार्मिक स्थलों पर रूढ़िवादी परंपराओं और सोच की वजह से व्यक्तियों को भेदभाव का भी सामना करना पड़ता है जबकि ईश्वर का घर सभी के लिए है। मानवता को प्राथमिकता देते हुए सभी के साथ समान व्यवहार करना आवश्यक है।

स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ-

उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नही होने से दिव्यांग व्यक्ति का जीवन कुंठाओं से भर जाता है जिसकी वजह से वह अपने जीवन में अपने आप को बोझ समझने लगता है। इसलिए परिवार और समाज का कर्तव्य एवं जिम्मेदारी बनती है कि दिव्यांग व्यक्ति को उचित चिकित्सा उपलब्ध करवाये जिससे की वे भी अपने जीवन को सुचारू रूप से आगे बढ़ा सके।

मानसिक समस्याएँ-

मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति को प्यार और सहानुभुति के साथ उचित वातावरण तथा चिकित्सा की आवश्यकता होती है जिससे उसका विकास सही ढंग से हो सके।

कार्यस्थल पर समस्याएँ-

दिव्यांग व्यक्तियों को कई बार अपने कार्य स्थलों पर अपने साथियों के हेय दृष्टि का सामना करना पड़ता है जिससे उसका मन तनाव ग्रस्त होने लगता है जिसका असर उनके कार्य पर भी पड़ता है।

आपराधिक समस्याएँ-

दिव्यांग व्यक्ति को अगर उचित वातावरण और सही शिक्षा न प्राप्त हो तो उनमें आपराधिक गुण विकसित होने लगते है, गलत संगति के लोगों के साथ मिलकर वह अपने जीवन को गलत दिशा में विकसित करने लगते है।

व्यावसायिक समस्याएँ-

समाज में बनाए गए रोजगार एवं व्यावसायिक कार्यक्रमों में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सरकार ने नई स्कीम उपलब्ध तो कराई है पर उनकी पहुंच से अभी यह सब कुछ दूर है वे अपने आप को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हुए भी ऐसा नहीं कर पा रहे है। इसलिए दिव्यांग व्यक्तियों को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए सारी जानकारी प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी बनती है।

संस्थागत अड़चने-

वर्तमान में भी देश में दिव्यांगता के संदर्भ में जागरूकता देखभाल अच्छी और सुलभ चिकित्सा सुविधाओं की कमी बनी हुई है। इसके अतिरिक्त पुनर्वास सेवाओं की पहुँच, उपलब्धता और सदुपयोग में भी कमी देखी गई है।

ये कारक दिव्यांग लोगो के लिए निवारक और उपचारात्मक ढाँचा सुनिश्चित करने में बाधक बने हुए है।

शिथिल कार्यान्वयनः-

सरकार द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों की स्थिति में सुधार के लिए कई सराहनीय पहलो की शुरूआत की गई है। हालांकि सरकार द्वारा सुगम्य भारत अभियान के तहत सभी मंत्रालयो को दिव्यांग व्यक्तियों के लिये अपने भवनों/इमारतों को सुलभ बनाने का निर्देश दिये जाने के बाद भी वर्तमान में अधिकांश भवन दिव्यांग व्यक्तियों के लिये अनुकुल नहीं है। इसी प्रकार दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम २०१६ के तहत सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षा संस्थानों में दिव्यांग व्यक्तियों के लिये आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

गौरतलब है कि भारत दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारो पर सयुंक्त राष्ट्र अभिसमय का भी हिस्सा है।

सामाजिक नजरिया-

समाज का एक बड़ा वर्ग दिव्यांग व्यक्तियों को 'सहानुभूतिपूर्ण' और 'दया' की नजर से देखता है, जिससे उन्हे सामान्य से अलग या अन्य के रूप में देखे जाये और देश के तीसरे दर्जे के नागरिक के रूप में उनसे व्यवहार को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा एक बडी समस्या समाज के एक बड़े वर्ग की मानसिकता से है जो दिव्यांग व्यक्तियों को एक दायित्व या बोझ के रूप में देखते है इस प्रकार की मानसिकता से दिव्यांग व्यक्तियों के उत्पीड़न और भेदभाव के साथ मुख्याधारा से उनके अलगाव को बढ़ावा मिलता है।

समुदाय-आधारित पुनर्वास दृष्टिकोणः-

प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल स्तर पर एक व्यापक दृष्टिकोण है जिसका उपयोग उन स्थितियों में किया जाता है जहाँ सामुदायिक स्तर पर पुनर्वास के लिये आवश्यक संसाधन उपलब्ध होते है। ब्ठत पद्धति यह सुनिश्चित करने के लिसे आवश्यक है कि कोई भी दिव्यांग व्यक्ति अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमताओं को अधिकतम स्तर तक बढ़ाने में सक्षम है साथ ही उन्हे सभी अवसरो और सेवाओं की नियमित पहुंच सुलभ हो तथा उन्हे समुदाय में पूर्ण एकीकरण की स्थिति प्राप्त हो सके।

दिव्यांगता को लेकर जागरूकता में वृद्धि-

सरकारों, सामाजिक संस्थाओं और पेशेवर संगठनों द्वारा दिव्यांगता से जुड़ी द्वेषपूर्ण मानसिकता या सामाजिक भेदभाव को दूर करने के लिये व्यापक सामाजिक अभियान चलाने पर विचार करना चाहिये। इस संदर्भ में मुख्य धारा की मीडिया ने फिल्मों (जैसे तारे जमीं पर, बर्फी आदि) के माध्यम से दिव्यांग व्यक्तियों के सकारात्मक प्रतिनिधित्व के लिये सही मार्ग चुना है।

राज्यों की साथ साझेदारीः-

गर्भवती महिलाओं की देखभाल के संदर्भ में व्यापक जागरूकता और ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं की उन्नत एवं सुलभ पहुँच सुनिश्चित करना दिव्यांगता की समस्या से निपटने के प्रयासो के दो महत्वपूर्ण स्तंभ है। दिव्यांगता की समस्या से निपटने के इन दोनों कारकों की पहुँच सुनिश्चित करने के लिये राज्य सरकारों के सक्रिय सहयोग के साथ-साथ केन्द्र सरकार को भी स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक निवेश करना चाहिये। गौरतलब है कि भारतीय संविधान के तहत स्वास्थ्य को राज्य सूची में शामिल किया गया है।

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, २०१६ के लागू होने के बाद से इस अधिनियम के तहत निर्धारित आरक्षण को लागू करने में गड़बड़ी से जुड़े कई मामले देखने को मिले है। कोई भी नया कानून अपने उद्धेश्य में तभी सफल हो सकता है जब दिव्यांग लोगों को उनके लिये आरक्षित पदो पर नियुक्त करने हेतु संबधित अधिकारियों द्वारा इस संदर्भ में मजबूत इच्छाष्शक्ति दिखाई जाए।

इसके साथ ही भारत में एक संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता है। जहाँ किसी भी बुनियादी ढ़ाँचे का निर्माण करते समय दिव्यांग लोगों के हितों को भी ध्यान में रखा जाएं।

प्रमुख चुनौतियाँ-

- नीतियों और कानूनों का सही क्रियान्वयन-
  भारत में 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम २०१६' लागू है, लेकिन इसका प्रभावी क्रियान्वयन अब भी एक चुनौती बना हुआ है। कई योजनाएँ कागजों तक सीमित रह जाती है और जमीनी स्तर पर लाभ नहीं पहुँच पाता।
- आर्थिक स्वतंत्रता और आजीविका के अवसर -
  दिव्यांग व्यक्तियों को स्वराजेगार और आर्थिक स्वतंत्रता दिलाने के लिए वित्तीय सहायता की जरूरत होती है। हालांकि कुछ सरकारी योजनाएँ है, लेकिन उन्हें लागू करने में नौकरशाही अड़चने आती है।
- तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता:-
  सहायक तकनीक जैसे मोटराइज्ड, व्हीलचेयर, स्क्रीन रीडर, सॉफ्टवेयर, हियरिंग एड, और स्मार्ट उपकरण मंहगे है और सभी दिव्यांग व्यक्तियों के लिए उपलब्ध नहीं हो पाते।
- मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक समर्थन-
  दिव्यांग व्यक्तियों को मानसिक, तनाव, अवसाद और सामाजिक अलगाव का सामना करना पड़ता है। परिवार और समाज का सहयोग, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं और सहायक समूह इस चुनौती को कम कर सकते है।
- ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष समस्याएँ-
  शहरों की तुलना में गांवों में दिव्यांगजन के लिए सुविधाएं बेहद सीमित है, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और परिवहन की समस्याएँ यहां अधिक गंभीर रूप से महसूस की जाती है।

संभावनाएं-

समावेशी शिक्षा का विस्तार

- स्कूलों और कॉलेजों में विशेष शिक्षकों की नियुक्ति होनी चाहिएं।
- ब्रेल लिपि, साइन लैंग्वेज और डिजिटल लर्निंग टूल्स को बढ़ावा दिया जाए।
- ऑनलाईन शिक्षा और ई-लर्निंग प्लेटफॉमर्स में दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष सुविधाएं जोड़ी जाएँ।

दिव्यांगजन के लिए रोजगार अवसरों में वृद्धि

- सरकार और निजी कंपनियो को दिव्यांगजन को आरक्षित नौकरियां देने के कानूनों का पालन सुनिश्चित करना चाहिए।
- वैकल्पिक रोजगार जैसे स्टार्टअप, कारीगरी, और होग-बेस्ड वर्क को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।
- सार्वजनिक स्थानों और परिहवन को अधिक सुलभ बनाना।
- स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में दिव्यांगजन की जरूररतों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।
- सभी सरकारी और निजी भवनों में रैंप, लिफ्ट, ब्रेल साईन और नृत्य संकेतक होने चाहिए।
- सार्वजनिक परिवहन को दिव्यांगजन के अनुकूल बनाना अनिवार्य किया जाए।

दिव्यांगजन के लिए वित्तीय सहायता और योजनाएँ

- ऋण योजनाएँ, स्कॉलरशिप और अनुदान को सरल और प्रभावी बनाया जाए।
- दिव्यांग व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौषल विकास पर जोर दिया जाए।
- आत्मनिर्भर दिव्यांगजन योजना जैसी सरकारी योजनाओं को मजबूत किया जाए।

तकनीकी समाधान और डिजिटल समावेशन

- सहायक तकनीकी को अधिक सुलभी और किफायती बनाया जाए।
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वॉयस असिस्टेड टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ाया जाए।
- डिजिटल इंडिया मिशन में दिव्यांगजन के लिए विशेष तकनीकी नवाचारों को शामिल किया जाए।

मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक समावेशन

- दिव्यांगजन के लिए मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ बढ़ाई जाए।
- सपोर्ट ग्रुप्स और कांउसलिंग सेंटर स्थापित किए जाएं।
- दिव्यांग व्यक्तियों को समाज में सम्मान और आत्मनिर्भरता दिलाने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं जाएं।

संदर्भ:

1.राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रो मे प्रकाशित आलेखों का विश्लेषण।
2. सामाजिक एवं अधिकारिता विभाग, भारत सरकार के आकड़े।
3. दिव्यांजन अधिकार अधिनियम,2016